
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 65
फरीदाबाद, रविवार, 11 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana


अपने वातावरण को तेजी से खो रहा मंगल
पेज - 12



ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com surendra.kapoor@gmail.com


**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 38.03°C
न्यूनतम 22.01°C

**आज का मैच**
सनराइजर्स हैदराबाद vs कोलकाता नाइट राइडर्स

## क्विक न्यूज

### नागपुर में कोरोना से मचा हाहाकार, 24 घंटे में 65 मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर बेकाबू हो गई है। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और दिल्ली समेत ज्यादातर राज्यों ने अपने यहां तमाम पाबंदियां लगा दीं हैं। देश में शनिवार को 1.45 लाख नए मरीज मिले हैं। वहीं 794 मरीजों की कोरोना वायरस से जान चली गई है। महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे ने आज कोरोना पर सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

### देहरादून में नाइट कर्फ्यू का आदेश जारी

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में नाइट कर्फ्यू पर स्थिति स्पष्ट हो गई है। नाइट कर्फ्यू को लेकर आदेश जारी कर दिए गए हैं। रात दस बजे से सुबह छह बजे तक कर्फ्यू रहेगा। आवश्यक सेवाएं पूरी तरह सुचारू रहेंगी। यह व्यवस्था नगर निगम क्षेत्र देहरादून और छावनी परिषद गढ़ीकैंट, क्लेमेंटटाउन में लागू रहेगी।

### इटावा में डीसीएम पलटने से 10 की मौत, 20 घायल

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा में शनिवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में दस लोगों की मौत हो गई। घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। आगरा से डीसीएम में 60 से 70 लोग मुंडन संस्कार में लखना देवी मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे। डीसीएम का संतुलन बिगड़ने से वह 25 फीट गहरी खाई में जाकर पलट गई।

### पीएम ओली ने चार मंत्रियों से छीनी संसद सदस्यता

**काठमांडू।** नेपाल में एक बार फिर राजनीतिक बवाल शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के मंत्रिमंडल के चार मंत्रियों से गुरुवार को संसद की सदस्यता छीन ली गई है। नेपाली संसद की सदस्यता गंवाने वाले मंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की सीपीएन माओइस्ट सेंटर पार्टी के सदस्य हैं।

### किशनगंज टाउन एसएचओ को भीड़ ने पीटकर मार डाला

**किशनगंज।** बिहार के किशनगंज नगर के थानाध्यक्ष (एसएचओ) की बंगाल में भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना शनिवार सुबह करीब 3 बजे तब हुई, जब एसएचओ बाइक चोरों को पकड़ने के लिए बिहार की सीमा से निकलकर बंगाल के इस्लामपुर इलाके में चले गए।

# दो पहलवान बेटियों को मिला ओलंपिक का टिकट, मलिक को झटका

**अंशु मलिक 57 किलो और सोनम मलिक 62 किलो भारवर्ग में खेलती हैं**

**कजाकिस्तान में चल रहे एशियन ओलंपिक क्वालिफायर के फाइनल में बनाई जगह**



पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**हरियाणा** के खेल जगत के लिए शनिवार को अच्छी खबर आई। प्रदेश की दो महिला पहलवानों को टोक्यो ओलंपिक का टिकट मिल गया है। अंशु मलिक और सोनम मलिक ने कजाकिस्तान में चल रहे एशियन ओलंपिक क्वालिफायर के फाइनल में जगह बना ली है। अंशु मलिक 57 किलो और सोनम मलिक 62 किलो भारवर्ग में खेलती हैं।

सोनम सोनीपत की रहने वाली हैं वहीं अंशु मलिक जींद की निवासी हैं। वहीं सोनम मलिक के ओलंपिक टिकट से पहलवान साक्षी मलिक को करारा झटका लगा है। दोनों ही पहलवान 62 किलो भारवर्ग से खेलती हैं। खेलमंत्री किरण रिजिजू ने दोनों पहलवानों को बधाई दी है। वहीं पहलवान विनेश फौगाट ने भी दोनों को बधाई दी है।

निडानी गांव की रहने वाली 19 वर्षीय महिला पहलवान अंशु मलिक ने ओलंपिक क्वालीफाई प्रतियोगिता में तीन पहलवानों को मात दी थी। पिछले साल दिसंबर में बेलग्रेड में हुई कुश्ती विश्वकप प्रतियोगिता में अंशु ने देश के लिए रजत पदक जीता था। पहले से अच्छा तैयारी और विश्वकप में जीत के बाद अंशु मलिक के हौसले बुलंद हैं। ऐसे में उन्हें उम्मीद थी कि ओलंपिक के लिए भी वे अपना टिकट पक्का कर लेंगी।

अंशु मलिक के पिता व अपने जमाने के जानेमाने पहलवान धर्मबीर मलिक के अनुसार अंशु ने लॉकडाउन के दौरान मौके का पूरा फायदा उठाया। घर पर व खेल स्कूल निडानी में लगातार अभ्यास किया। यहां कोच जगदीश श्योराण और दलीप सिंह मलिक ने तकनीक के साथ हौसला भी दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व डीजीपी महेंद्र सिंह मलिक की प्रेरणा से अब अंशु मलिक ओलंपिक के लिए तैयार हैं।

### आगरा में सोनम ने साक्षी मलिक को हराया था

**इसी** साल जनवरी में आगरा के गांव लड़ामदा में आयोजित महादंगल में रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली पहलवान साक्षी मलिक को पहलवान सोनम ने फाइनल में हरा दिया था। हारने पर साक्षी के आंसू छलक आए थे। ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक को हराने के बाद विजयी पहलवान सोनम ने कहा कि उनके लिए ये पल बेहद खुशी के हैं। सोनम ने बताया कि वह साक्षी मलिक को ट्रायल में भी हरा चुकी हैं। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय माता-पिता और कोच को दिया था।

# नाडा के रडार पर होंगे क्रिकेटर्स 30 से 35 सैंपल लिए जाएंगे

एजेंसी। नई दिल्ली

**यूएई** में बीते वर्ष आईपीएल के पाक-साफ दामन को देखते हुए नाडा ने इस बार पहले से भी कम डोप सैंपल लेने का लक्ष्य रखा है। यूएआई में नाडा ने 50 से अधिक डोप सैंपल लिए थे, लेकिन इस बार महज 30 से 35 सैंपल ही लिए जाएंगे। हालांकि इनमें भी नाडा के रडार पर आईपीएल के बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटर रहेंगे। इन सैंपलों में भी अधिक संख्या आउट ऑफ कंपटीशन सैंपलों की रहेगी, जबकि मैच के दौरान कुछ सैंपल लिए जाएंगे। मैच के दौरान लॉटरी के आधार पर क्रिकेटर का सैंपल के लिए नाम निकाला जाएगा।

बीते वर्ष यूएई में नाडा की टीम ने तीनों आयोजन स्थलों पर जाकर सैंपलिंग की थी, लेकिन इस बार छह में से तीन सेंटरों पर ही सैंपलिंग की जाएगी। नाडा सैंपलिंग फाइनल और नॉक आउट के दौरान भी करेगा। पहले हुए आईपीएल के दौरान देखा गया है कि 120 से 150 क्रिकेटरों के सैंपल लिए जाते थे, लेकिन पिछली बार इनकी संख्या काफी कम हो गई। इस बार इनकी संख्या और भी कम कर दी गई है। सूत्र बताते हैं कि नाडा ने क्रिकेटरों का नाम डोप में नहीं आने के चलते यह कदम उठाया है। यूएई में हुए आईपीएल में एक भी क्रिकेटर डोप में नहीं फंसा था।

**चौथे चरण के मतदान के बीच बंगाल में गरजे प्रधानमंत्री**

# मुस्लिम बहन-बेटियों के साथ बहुत बुरा किया : नरेंद्र मोदी

**चुनाव आयोग के अनुसार चौथे चरण के मतदान में कुल 76.16 फीसदी मतदान हुआ**

एजेंसी। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में चौथे चरण के विधानसभा चुनावों के बीच शनिवार को कृष्णानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2 मई से बंगाल में असोल परिवर्तन का महायज्ञ शुरू होगा। ये महायज्ञ तुष्टिकरण, तोलाबाजी करने वालों, बंगाल की महान जनता का तिरस्कार करने वालों को सबक सिखाएगा। अब बंगाल में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ विकास का डबल इंजन लगने वाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन मुस्लिम बहनों, बेटियों ने दीदी को इतना प्यार दिया, उनके साथ तो दीदी ने बहुत ही बुरा किया। भाजपा सरकार ने तीन तलाक की प्रताड़ना से मुक्त करने के लिए सख्त कानून बनाया। लेकिन दीदी मुस्लिम बहनों के ही विरोध में खड़ी हो गईं। शिल्प, बिजनेस, चाकरी, निवेश, यहां की टीएमसी सरकार की प्राथमिकता में ही नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां के कण-कण में हमारी आस्था, हमारे दर्शन, हमारे अध्यात्म की गाथाएं हैं। भाजपा देश का एकमात्र दल है जिसे वैचारिक ऊर्जा पश्चिम बंगाल की मिट्टी से मिलती रही है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आशीर्वाद से भाजपा अस्तित्व में आई है। भाजपा का सौभाग्य है कि बंगाल की इस मिट्टी की सेवा करने का अवसर, बंगाल के लोग हमें देने जा रहे हैं। दशकों के लंबे इंतजार के बाद बंगाल में आशोल पोरिबोरतोन का महायज्ञ शुरू हुआ है। ये महायज्ञ तुष्टिकरण करने वालों, टोलाबाजी करने वालों, बंगाल की महान जनता का तिरस्कार करने वालों को सबक सिखाएगा।

मोदी ने कहा कि बीजेपी की डबल इंजन सरकार, बंगाल को नया राजनीतिक वातावरण देगी। सरकार के फैसले सरकार तय करेगी तोलाबाज नहीं। प्रशासन के फैसले प्रशासन लेगा, तोलाबाज नहीं। पुलिस के फैसले, पुलिस करेगी, तोलाबाज नहीं। इस बार बैसाख की आंधी, टीएमसी सरकार और उसके गुंडों को भी उड़ा कर ले जाएगी। जनता जनार्दन ईश्वर का ही रूप होती है। जनता के सामने किसी का अहंकार नहीं टिक पाता, लेकिन दीदी को ये बात समझ नहीं आती। आज दीदी, चुनाव आयोग को गाली दे रही हैं।

आज दीदी, केंद्रीय वाहिनी को गाली दे रही हैं। आज दीदी, ईवीएम को गाली दे रही हैं। हालत तो ये है कि दीदी आज अपनी पार्टी के ही पोलिंग एजेंट्स को गाली देने लगी हैं।



### ये 2021 का बंगाल है दीदी

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि आदरणीय दीदी, याद रखिए, ये 2021 का बंगाल है। अब आपको लोकतंत्र से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। आप बंगाल के लोगों को डराने की, उनमें भय फैलाने की जितनी कोशिश कर रही हैं, उतने ही ज्यादा लोग आपको हराने के लिए एकजुट हो रहे हैं। आदरणीय दीदी, आप इस बात को समझिए, ये दृश्य देखिए! बंगाल का चुनाव सिर्फ भाजपा नहीं लड़ रही है, बंगाल का चुनाव बंगाल की जनता लड़ रही है। दीदी की टीएमसी सिर्फ तोलाबाजी में एक्सपर्ट है। दीदी की टीएमसी कटमनी-सिंडिकेट में एक्सपर्ट है। दीदी की टीएमसी भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या में एक्सपर्ट है। दीदी की टीएमसी छप्पा भोट में एक्सपर्ट है।

### चौथे चरण के मतदान में हिंसा, पांच की मौत

**पश्चिम** बंगाल के 5 जिलों की 44 सीटों पर शनिवार को चौथे चरण का मतदान हुआ। इस दौरान कई इलाकों में हिंसा की खबरें आई हैं। कूचबिहार में हुई चुनावी हिंसा की अलग-अलग घटनाओं में पांच लोगों की जान चली गई। सबसे पहले बूथ नंबर 285 में मतदान केंद्र के बाहर बम फेंके गए और गोलीबारी हुई। इसमें वोट डालने आए एक युवक की मौत हो गई। इसके बाद सितालकुची में बूथ नंबर 126 में भीड़ ने सीआईएसएफ के जवानों पर धावा बोल दिया। सेल्फ डिफेंस में फोर्स को फायरिंग करनी पड़ी। इसमें चार लोगों की मौत हो गई। चार अन्य घायल हैं। इस मामले में टीएमसी ने चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है। बीजेपी के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी इलेक्शन कमीशन से शिकायत की है। पार्टी सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने कहा कि ये घटनाएं ममता बनर्जी के केंद्रीय बलों के घेराव के बयान के कारण हुई हैं। वहीं, प्रदेश की सीएम ममता बनर्जी ने सिलीगुड़ी में इस घटना के लिए, गृह मंत्री अमित शाह को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि अमित शाह आज की घटना के साजिशकर्ता हैं। मैं केंद्रीय बलों को दोष नहीं देती, क्योंकि वे तो गृह मंत्री के आदेश के तहत काम करते हैं। ममता ने कहा कि रविवार को माथाभंगा हॉस्पिटल और वहां से अलीपुरद्वार जाऊंगी। आचार संहिता के कारण मैं शनिवार को कूचबिहार नहीं जा सकी, क्योंकि वहां वोटिंग चल रही है।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर शनिवार को फरीदाबाद दौरे पर आए थे। शुक्रवार रात वे होटल राजहंस में ठहरे। सुबह 11 बजे उन्होंने लघु सचिवालय में फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन डवलपमेंट अथॉरिटी की पहली मीटिंग ली। इसके बाद उन्होंने सेक्टर-12 हुडा कन्वेंशन सेंटर में एमसीएफ के सीएसआर पार्टनर्स के साथ बैठक की। यहीं पर लंच भी किया। शाम को चार बजे सीएम खट्टर ने अरावली गोल्फ क्लब में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

# स्कॉर्पियो कांड के बाद बड़े एनकाउंटर की प्लानिंग में था वझे

**एंटीलिया केस**

**कुछ लोगों को मारकर उन पर आरोप मढ़ना चाहता था**



एजेंसी। मुंबई

**मुंबई** की तलोजा जेल पहुंच चुके पूर्व एपीआई सचिन वझे को लेकर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की 27 दिनों की कड़ी पूछताछ में यह सामने आया है कि वझे जिलेटिन केस के बाद कुछ और बड़ा करने वाला था। इसकी डिटेल एनआईए की टीम जल्द सार्वजनिक कर सकती है।

सूत्रों के मुताबिक, स्कॉर्पियो कांड के बाद वझे एक एनकाउंटर की प्लानिंग कर रहा था। इसमें वह कुछ लोगों का एनकाउंटर कर पूरे मामले को उनके सिर पर डालने वाला था। ये एनकाउंटर औरंगाबाद से चोरी 'मारुति इको' कार में किया जाना था। एनआईए को शक है कि इस एनकाउंटर में मनसुख हिरेन को भी शिकार बनाया जा सकता था। जांच में यह भी सामने आया है कि इस एनकाउंटर में दिल्ली के एक अपराधी को भी मारने की प्लानिंग थी। इससे पहले ही एनआईए की इस केस में एंट्री हो गई और वझे की प्लानिंग फेल हो गई। इससे पहले एनआईए ने कोर्ट में खुद कहा था कि वझे से हमें और पूछताछ की जरूरत नहीं है। मतलब उसने जिलेटिन केस की जांच लगभग पूरी कर ली है। माना जा रहा है कि जल्द दोनों केसों का खुलासा कर सकती है।

इसके बाद मुंबई की कोर्ट ने वझे को 14 दिनों की ज्यूडिशियल कस्टडी में तलोजा जेल भेज दिया। शुक्रवार को उसकी मेडिकल रिपोर्ट कोर्ट में पेश की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, वझे को किसी तरह के कार्डियो ट्रीटमेंट की जरूरत नहीं है। सुनवाई के दौरान एनआईए ने बताया कि उन्हें वझे के पास कई लाख कैश, बेनामी कारतूस व बैंक खाते में जमा डेढ़ करोड़ रुपये राशि की जानकारी मिली। एजेंसी ने दावा किया कि एंटीलिया से जुड़ी साजिश में हिरेन भी शामिल था, जिसके चलते उसकी जान गई।

### विस्फोटक से भरी मिली थी स्कॉर्पियो

**25 फरवरी** को दक्षिण मुंबई के पैडर रोड स्थित एंटीलिया के बाहर विस्फोटक से भरी एक स्कॉर्पियो गाड़ी खड़ी मिली थी। 25 फरवरी की देर रात एक वझे यह गाड़ी एंटीलिया के बाहर खड़ी की गई थी। इसी दिन दोपहर में इस पर पुलिस की नजरें गईं और कार से 20 जिलेटिन की रॉड बरामद की गई। पांच मार्च को इस स्कॉर्पियो के मालिक मनसुख हिरेन का शव बरामद हुआ था। कुछ दिन पहले ही मनसुख ने इस गाड़ी के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद महाराष्ट्र एटीएस ने मनसुख की हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद 13 मार्च को सचिन वझे को अरेस्ट किया गया। बाद में दोनों केस की जांच एनआईए के जिम्मे सौंप दी गई।

# मध्य प्रदेश के कई शहरों में 10 दिन लॉकडाउन

**इंदौर के कई शहरों में 19 अप्रैल तक बढ़ी पाबंदी**



एजेंसी। भोपाल

**मध्य** प्रदेश में कोरोना के बढ़ते केसों के बीच राज्य सरकार ने कुछ और शहरों में लॉकडाउन की घोषणा कर दी है तो कुछ शहरों में इसकी अवधि 19 अप्रैल तक बढ़ा दी है।

इंदौर, बरवानी, राजगढ़, विदिशा (अर्बन-रूरल), राउ नगर, महूनगर और शाजापुर, उज्जैन में लॉकडाउन को 19 अप्रैल सुबह छह बजे तक बढ़ाने की घोषणा की गई है। बालाघाट, नरसिंहपुर, सिवनी और जबलपुर में 12 से 22 अप्रैल तक लॉकडाउन रहेगा। जिला आपदा मैनेजमेंट ग्रुप से सीएम शिवराज सिंह चौहान की बैठक में यह फैसला लिया गया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि इस महीने के अंत तक राज्य में एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर एक लाख तक पहुंच सकती है। इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने बताया, इंदौर में ऑक्सीजन की मांग 60 फीसदी बढ़ गई है। हमने एक कमिटी बनाई है जो ऑक्सीजन उपलब्धता की ऑडिट करेगी। मध्य प्रदेश में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के सर्वाधिक 4,882 नए मामले सामने आए और इसके साथ ही प्रदेश में इस वायरस से अब तक संक्रमित पाए गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 3,27,220 तक पहुंच गई। राज्य में 24 घंटे में इस बीमारी से प्रदेश में 23 और व्यक्तियों की मौत हुई। प्रदेश में अब तक इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 4,136 हो गई है।

### वीकेंड लॉकडाउन में सूनी रही मुंबई की सड़क

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शुक्रवार से दो दिन का सख्त लॉकडाउन लगाया है। यह सोमवार सुबह 7 बजे तक चलेगा। लॉकडाउन ने 24 घंटे दौड़ती मुंबई की रफ्तार पर भी ब्रेक लगा दिया है। सड़कें सूनी हैं और समुद्री किनारे वीरान पड़े हैं। शहर में सिर्फ पुलिसकर्मी नजर आ रहे हैं। लॉकडाउन के बावजूद पब्लिक ट्रांसपोर्ट यानी ट्रेन, बेस्ट बस, ऑटो, काली-पीली टैक्सी और एसटी बसें चल रही हैं। हालांकि, सभी में इक्का-दुक्का लोग दिखाई दे रहे हैं। मुंबई की लाइफलाइन यानी लोकल ट्रेन में न के बराबर मुसाफिर हैं। सिर्फ बेहद जरूरी सेवाओं से जुड़े लोग सफर करते दिख रहे हैं, वहीं छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन पर भी सन्नाटा है, जबकि आम दिनों में यहां भारी भीड़ देखने को मिलती है।

# सीएम ने दो घंटे तक किया शहर का औचक निरीक्षण

**एफएमडीए मीटिंग में आते समय बड़खल रोड के सौंदर्यीकरण के दिए निर्देश**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने शनिवार को शहर में अपने दिनभर के व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद करीब दो घंटे तक शहर में घूमकर कई विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

बगैर अधिकारियों को कोई जानकारी दिए मुख्यमंत्री ने शहर के बड़खल, बल्लभगढ़, बाईपास रोड, सेक्टर-22, 23 व 24 से निकलते हुए हार्डवेयर चौक जाने वाले रास्ते का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कई विकास कार्यों को गाड़ी से उतरकर निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग तालमेल बनाकर कार्य करें ताकि सभी विकास कार्य समय से पूरे हो सकें।



**अब खाटू श्याम के लिए फरीदाबाद से शुरू हो जाएगी सीधी बस सेवा**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार देर सांय अपने राजनीतिक सचिव अजय गौड़ द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। इस दौरान लोगों ने मांग रखी कि खाटू श्याम के बड़ी संख्या में भक्त फरीदाबाद में हैं। इसलिए यहां से लिए सीधी बस सेवा शुरू हो जाए। इस पर मुख्यमंत्री ने परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा से चर्चा की और महीने में दो बार फरीदाबाद से खाटू श्याम राजस्थान के लिए बस सेवा शुरू करने की घोषणा भी की।

**नगर निगम ने हाउस सर्वे में किया बेहतरीन कार्य :** पत्रकार वार्ता में एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि फरीदाबाद नगर निगम ने पिछले कुछ दिनों में बेहतरीन कार्य किया है। पहले जहां निगम के पास डेढ़ लाख मकानों का हाउस टैक्स आता था अब सर्वे के बाद साढ़े पांच लाख मकानों का हाउस टैक्स आ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों से नगर निगम की प्रॉपर्टी आईडी अपने खर्चे स्वयं निकाल रहा है।

### बोले, मुख्यमंत्री कोरोना को लेकर हमें स्वयं सावधान होने की जरूरत

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कोरोना के चलते लॉकडाउन को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि यह एक गंभीर महामारी है और हमें इससे बचने के लिए स्वयं को जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि लॉकडाउन समस्या का हल नहीं है बल्कि हमें जागरूक रहकर, मास्क, सामाजिक दूरी का पालन करके इससे बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के कुछ गंभीर आर्थिक परिणाम भी आते हैं और पिछले वर्ष उन्हें भुगत भी चुके हैं।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, रविवार, 11 अप्रैल, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

# सीएसआर को लेकर प्रदेश गठित किया जाएगा ट्रस्ट : मुख्यमंत्री

### एचएसवीपी कंवेशन सेंटर में जिला के टॉप 50 सीएसआर उद्यमियों के साथ की मीटिंग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र को मूर्त रूप देने में कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) प्रतिनिधियों की एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। इनके द्वारा किए गए शानदार प्रयासों से जनहित में अनेकों विकास कार्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रदेश में सीएसआर के पैसे को बेहतरीन ढंग से प्रयोग करने के लिए हम इसके लिए एक ट्रस्ट का गठन भी करेंगे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार को एचएसवीपी कन्वेंशन सैंटर, सेक्टर-12 में स्मार्ट सिटी के संबंध में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी के बाद बने संविधान में जहां हमें अधिकारों से अवगत कराया वहीं हमें अपने कर्तव्यों के बारे में भी जानकारी दी। इसके अंतर्गत प्रत्येक नागरिक को जागरूक नागरिक बनकर एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका का निर्वाह करना चाहिए ताकि वह स्वच्छ भारत मिशन जैसे अभियानों को सफल बनाने में अपना यथासंभव यथाशक्ति योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में इंडियन आयल द्वारा आज शहर के स्वच्छता अभियान को सफल बनाए जाने के संबंध में दिए गए सीएसआर का सहयोग एक सराहनीय कदम है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में फरीदाबाद अपने नए मेगा प्रोजेक्ट के चलते देश-दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाएगा। जो विकास के क्षेत्र में अन्य प्रदेशो के लिए भी एक प्रेरणा व मिसाल होगा। अवसर पर उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त यशपाल ने नगर निगम, स्मार्ट सिटी एवं विभिन्न कम्पनियों के सहयोग से संयुक्त रूप से चलाई जा रही सीएसआर गतिविधियों एवं प्रोजेक्टों के बारे जानकारी देते हुए बताया कि सभी के साझा प्रयासों से जहां एक ओर शहर में साफ-सुथरा रखने की गतिविधिया तेज हुई है।

वहीं सीएसआर के सहयोग से वेस्ट मैनेजमेंट व अन्य पदार्थों के निर्माण के उपरांत इसका सदुपयोग बढ़ाकर इस संबंध में लोगों को मिलकर जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान इंडियन ऑयल आरएंडडी सेंटर के निदेशक एसएसवी रामा कुमार ने इंडियन ऑयल व इससे जुड़ी कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के संबंध में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अपने बताया कि इंडियन आयल अनुसंधान एवं विकास केन्द्र का 65 एकड़ में फैला हुआ उर्जा के क्षेत्र में एशिया का सबसे बड़ा केंद्र है। जिसमें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के 300 से अधिक वैज्ञानिक कार्यरत हैं। जो कि 5 टन बायोमेथेन प्लांट जोकि किचन वेस्ट से गैस मे कन्वर्ट होता है। जिसे मिड डे मील के लिए प्रयोग में लाया जाता है।

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक, बड़खल विधायक सीमा त्रिखा, तिगांव विधायक राजेश नागर, पृथला विधायक नयनपाल रावत, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार अजय गौड़, महापौर सुमन बाला, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, वरिष्ठ उपमहापौर देवेंद्र चौधरी, उपमहापौर मनमोहन गर्ग, मंडलायुक्त संजय जून, पुलिस आयुक्त ओपी सिंह, उपायुक्त एवं निगम आयुक्त यशपाल, अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, एसडीम फरीदाबाद परमजीत चहल, संपदा अधिकारी जितेंद्र कुमार, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी रुपाला सक्सेना, स्वच्छता के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाले इंद्रजीत कुल्हड़िया सहित उद्योग एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सीएम ने स्वच्छता वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान के लिए इंडियन आयल द्वारा दी गई 26 ई-वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया किया व पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने स्वच्छ फरीदाबाद स्मार्ट फरीदाबाद नामक सॉन्ग भी लांच किया। इसके साथ ही बिटवीन एमसीएफ एवं जनाग्रह सेंटर फॉर सिटीजनशिप एंड डेमोकेसी के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### कैपजेमिनी ने चार विकेट से जीता मैच



**फरीदाबाद।** सेक्टर-86 स्थित स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड पर प्रथम पुरी कारपोरेट लीग 2021 मैच का आयोजन किया गया। यह दसवां मैच बॉट्मस अप इलेवन और कैपजेमिनी स्टेलेंस के बीच खेला गया। जिसमें बॉट्मस अप इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 15.0 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 70 रन बनाए। जिसमें संचित मल्होत्रा ने 17 गेंदों पर 17 रन बनाए। सचिन सिंह ने 14 गेंदों पर 16 रन तीन चौके की मदद से बनाए। कैपजेमिनी स्टेलेंस के गेंदबाज सैंकी ने सर्वाधिक छह विकेट लिए। नवीन शर्मा, नवनीत शर्मा और संगीत बाली ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कैपजेमिनी स्टेलेंस ने 12.3 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 73 रन बनाए। जेपी कैन वाईएमसीए ने 26 गेंदों पर 25 रन बनाए। मनीष रावत और नवीन शर्मा ने 13 रन बनाए। बॉट्मस अप इलेवन के गेंदबाज असंग ग्रोवर और नमन जिंदल ने तीन-तीन विकेट लिए। अंत में कैपजेमिनी स्टेलेंस ने यह मैच 4 विकेट से जीत लिया। प्लेयर आफ द मैच तीन ओवर में 10 रन देकर छह विकेट लेने वाले सैंकी को दिया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 1752 केसों का निपटारा



**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एवं न्यायमूर्ति पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ राजन गुप्ता के दिशा निर्देशानुसार कोविड-19 को मध्य नजर रखते हुए पूरे हरियाणा प्रांत में प्रत्येक जिले के अंदर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाईएस राठौर की अध्यक्षता में निर्देशानुसार और मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में जिला अदालत सेक्टर 12 फरीदाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया। जिसमें लोक अदालत में आठ बेंच लगाए गए। जिनमें राजेश गर्ग अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पुनीत सहगल अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डॉ आशु संजीव जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं ऑफिसर लेबर कोर्ट व मोहम्मद जकारिया खान न्यायिक अधिकारी प्रथम श्रेणी, सुमित कालोन न्यायिक अधिकारी प्रथम श्रेणी, प्रियंका जैन न्यायिक अधिकारी प्रथम श्रेणी, सुमित न्यायिक अधिकारी प्रथम श्रेणी, नीलम न्यायिक अधिकारी प्रथम श्रेणी, फरीदाबाद की बेंच बनाई गई। जिनमें 6667 केस रखे गए। जिनमें से कुल 1752 केसों का निपटारा आपसी सहमति से किया गया। जिनमें मोटर वाइकल दुर्घटना 11 दीवानी केस 24 छोटे-मोटे, अपराधिक मामले 137 चेक बाउंस 95 बिजली से संबंधित 1210 समरी चालान 269 श्रमिक विवाद 5 केस बैंक रिकवरी एक केस का निपटारा किया गया।

### एशियन हॉस्पिटल ने छह विकेट से जीता मैच



**फरीदाबाद।** एनसीआर हेल्थकेयर क्रिकेट लीग का पहला मैच एशियन हॉस्पिटल और एमएचटीसी के बीच खेला गया। एनसीआर की पहली हेल्थकेयर क्रिकेट लीग की ट्रॉफी का पहला मैच एशियन हॉस्पिटल और एमएचटीसी के बीच खेला गया। एशियन हॉस्पिटल ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। एमएचटीसी की टीम ने 20 ओवर में अपने सभी विकेट गवाकर 170 रन का लक्ष्य एशियन अस्पताल के सामने रखा। एमएचटीसी टीम के खिलाड़ी जगपाल ने 28 बॉल में 52 रन बनाए। योगेश ने 25 बॉल पर 28 रन बनाये। एशियन हॉस्पिटल के राजेश बघेल ने चार ओवर में 27 रन देकर चार विकेट लिए। नीरज ने 3.9 ओवर में तीन विकेट लेकर 39 रन दिए। जवाब में एशियन हॉस्पिटल ने 17.5 ओवर में चार विकेट गवाकर 174 रन बनाए और यह मैच छह विकेट से जीत लिया। एशियन हॉस्पिटल के बल्लेबाज आजाद यादव ने 50 बॉल में 74 रन बनाये। विनीत गांधी ने 40 बॉल में 58 रन बनाये। एमएचटीसी टीम के हरिंदर कुंडू ने 3.5 ओवर में दो विकेट 43 रन दिए। अर्जुन जादून ने एक ओवर में चार रन दिए। अंत में राजेश बघेल को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

### आरपीएस क्रिकेट क्लब ने तीन विकेट से जीता मैच



**फरीदाबाद।** सातवां ऑल इंडिया रविंद्र फागना यूथ कप क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में आरपीएस क्रिकेट क्लब ने गुलिया क्रिकेट अकादमी टीम को 3 विकेट से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि गुलिया क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 37.5 ओवर में 10 विकेट पर 175 रन बनाए। सुमित बलहारा ने 52 रन, अभिषेक महावर ने 49 रन और आरव देसाई ने 29 रन बनाए। आरपीएस क्रिकेट क्लब के गेंदबाज साहिल खत्री ने चार विकेट, अमित शुक्ला ने दो विकेट, अनिरुध शर्मा, शुभम वर्मा और अनीश गौतम ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरपीएस क्लब की टीम ने 36.4 ओवर में सात विकेट पर 176 बनाकर जीत हासिल की। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए नक्शत ने 63 रन ,सहाज धवन ने 37 रन और तिवारी ने 32 रन बनाए। गुलिया क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए संजय जानी, विनीत धनकर, वेदांत और पार्थ नागिल ने 1-1 विकेट लिए। लाखन एंपायर ने मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार साहिल खत्री को दिया।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 38.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 22.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- शहर के विभिन्न स्थानों पर महाटीकाकरण कैम्प: सुबह 10 बजे
- सेक्टर-12 में किसानों व पीटीआई टीचरों का धरना: सुबह 10 बजे
- बीके अस्पताल में कोरोना जांच शुरू: सुबह 9 बजे

### निवेश गुरु

इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो जटिल चीज नहीं है। अगर व्यक्ति के वित्तीय लक्ष्य साफ हैं, तो एक साधारण और प्रभावी पोर्टफोलियो बनाना संभव है। पोर्टफोलियो निवेश निवेशक के कुल निवेश किए गए एसेट्स को दिखाता है। अगर आप पहली बार निवेश शुरू कर रहे हैं, तो टर्म इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो डरावना लग सकता है। हालांकि, थोड़ी कोशिश और सही मार्गदर्शन के साथ, पूरी प्रक्रिया आसान की जा सकती है। वित्तीय सलाहाकार से सही मार्गदर्शन के साथ, निवेश की पूरी प्रक्रिया बेहतर हो सकती है।

### यूटीलिटी न्यूज

#### निर्विरोध महासचिव चुने गए बहल

**फरीदाबाद।** ऑनलाइन चुनाव प्रक्रिया के उपरांत अखिल भारतीय सूचना अधिकार कार्यकर्ता महासंघ के चुनाव में फरीदाबाद के अजय बहल निर्विरोध महासचिव चुने गए। बहल इससे पहले आरटीआई एक्टिविस्ट एसोसिएशन फरीदाबाद के प्रधान एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की आरडब्लू एसोसिएशन की कंफेडरेशन के जॉइंट सेक्रेटरी भी हैं। अजय बहल केंद्रीय सरकार में कार्यरत होने के साथ साथ एक संघर्ष सामाजिक संस्था के संस्थापक एवं निदेशक भी हैं। वह 15 साल से अधिक समय से निस्वार्थ भाव से जन कल्याण एवं सामाजिक कार्य कर रहे हैं। इस लंबी अवधि में बहल ने 5500 से अधिक आरटीआई आवेदन, प्रथम एवं द्वितीय अपील लगाई हैं। इस अवसर पर अजय बहल ने अपने साथियों सहयोगियों व समस्त मीडिया कर्मियों को उनके सहयोग, मार्गदर्शन व समर्थन के लिए अनेकों धन्यवाद दिया।

### क्विक न्यूज

#### कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगी कुमारी सैलजा

**फ़रीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष कुमारी शैलजा सोमवार को असंगठित श्रमिक कोंग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पृथला में बैठक करेंगी। यह जानकारी यहां जारी एक प्रेसनोट में गौरव ढींगरा सोशल मीडिया इंचार्ज हरियाणा प्रदेश कोंग्रेस ने दी। उन्होंने बताया कि देश व प्रदेश में किसानो व मज़दूरों की समस्याओं की ओर वर्तमान सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। इन मज़दूरों की समस्याओं पर चर्चा करने के लिए कल सुबह प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष कुमारी सैलजा पृथला में सुबह 10 बजे मीटिंग करेंगी। इसके बाद 12 बजे किसान भवन सेक्टर 16 फ़रीदाबाद में पूर्व विधायक ललित नागर की माता को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित श्र्धांजलि सभा में शिरकत करेंगी।

# क्या 200 करोड़ की आड़ में दब जाएंगे अन्य कई घोटाले

## पांच वर्षों में हुए कामों की वार्ड वाइज जांच करें तो खुलेंगे कई घोटाले

राजेश दास। फरीदाबाद




**पिछले** करीब एक साल से नगर निगम का 200 करोड़ रुपये का घोटाला काफी चर्चा में हैं। इस मामले में निगम ने आउट सोर्सिंग के चार कर्मचारियों को बर्खास्त करने के बाद दो बड़े अधिकारियों पर केस दर्ज करने के लिए सरकार को लिखा था। लेकिन सरकार ने निगम द्वारा की गई जांच पर कई तरह के प्रश्नचिह्न लगाकर वापस निगम के पास भेज दिया। सरकार इस जांच से संतुष्ट नहीं है। यह घोटाला एक ठेकेदार और चंद अधिकारियों और कर्मचारियों के ईद गिर्द घूम रहा है। जबकि नगर निगम में घोटालों की कोई कमी नहीं हैं।

पिछले दिनों 30 करोड़ के काम के बदले 80 करोड़ रुपये का भुगतान करने का मामला उजागर हुआ था। इस घोटाले में अन्य कई ठेकेदारों के नाम सामने आए थे। इसी तरह नगर निगम सदन की बैठक में पार्षदों द्वारा एलईडी घोटाला, विज्ञापन घोटाला सुपर सकर मशीन भुगतान घोटाला भी प्रमुखता के साथ उठाया था। तत्कालीन निगमायुक्त यश गर्ग ने इन घोटालों की जांच भी शुरू करवाई थी। लेकिन उनके तबादले के बाद इन घोटालों की जांच रिपोर्ट भी सामने नहीं आई। यदि सरकार वर्ष 2017 के बाद हुए विकास कार्यों की जांच वार्ड वाइज जांच करवाए तो कई ठेकेदार और अधिकारियों के नाम घोटालों में उजागर हो सकते हैं।

### इन ठेकेदारों पर लगा था आरोप

**बल्लभगढ़** निवासी नीरज ने जुलाई 2020 में सीएम विंडो में शिकायत लिखकर कुछ ठेकेदारों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। उनमें जीएन कंस्ट्रक्शन (ठेकेदार रणवीर सिंह) को 3 करोड़ 31 लाख 28 हजार 222 रुपये, इसी ठेकेदार रणबीर सिंह की कंपनी को चार करोड़, 75 लाख, 3 हजार, 630 रुपये, एमएल इंटरप्राइजेज (ठेकेदार प्रदीप निझावन) कंपनी को 10 करोड़, 53 लाख 91 हजार 843 रुपये का भुगतान किया गया। इसी तरह प्रवीण कुमार को 15 करोड़, 74 लाख, 88 हजार, 700 रुपये, प्रिया कंस्ट्रक्शन कंपनी (ठेकेदार चमन नागर) को 20 करोड़ 52 लाख, 35 हजार 107 रुपये तथा संजय कंस्ट्रक्शन कंपनी को 26 करोड़, 42 लाख, 34 हजार, 525 रुपये, एके एंटरप्राइजेज फर्म (ठेकेदार अजय कौशिक) को नगर निगम के अधिकारियों ने कुल 5 करोड़, 29 लाख, 298 रुपये की पेमेंट की है, जिसमें 4 करोड़, 84 लाख 7240 रुपये एक बार तथा दूसरी बार 94 लाख 43 हजार 58 रुपये का भुगतान नगर निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से किया गया। इस मामले में भी आज स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

### सरकार करें खुली जांच



**आरटीआई** कार्यकर्ता विष्णु गोयल का कहना है कि भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए खुली जांच करवानी चाहिए। यदि सरकार वर्ष 2017 से अब तक निगम द्वारा किए गए विकास कार्यो की वार्ड वाइज जांच करवाएं तो कई घोटाले उजागर होने के साथ कई चेहरे बेनकाब हो सकते हैं।

### दब गया एलईडी घोटाला

**बिजली** की बचत करने के उदेश्य से वर्ष 2018 में नगर निगम ने शहर में स्ट्रीट और सोडियम लाइटों की जगह एलईडी लाइटें लगवाने का फैसला लिया था। जिसके तहत नगर निगम ने एलईडी लाइटें लगाने के लिए 12 करोड़ रुपये का टैंडर जारी किया था। ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए निगम ने मरम्मत के तीन ठेके अलग से दिए थे। जबकि पांच साल तक रख रखाव की जिम्मेदारी एलईडी उपलब्ध करवाने वाले ठेकेदार की होती है। तत्कालीन निगम आयुक्त मौहम्मद शाइन को एलईडी ठेके में घोटाला किए जाने का संदेह हो गया था। जिसकी उन्होंने आला अधिकारियों से शिकायत भी की थी। मामले की जांच स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक समीरपाल सरो को सौंपी गई थी। उन्होंने एलईडी टेंडर घोटाले की जांच पड़ताल भी शुरू कर दी थी। उसी दौरान निगम आयुक्त मौहम्मद शाइन का तबादला हो गया। जिसके बाद नगर निगम के अधिकारियों ने एलईडी घोटाला को भी दबा दिया। स्थानीय निकाय विभाग के स्तर पर इस मामलें में कहां तक जांच पड़ताल की गई है, यह बात आज तक उजागर नहीं हो पाई है।

### अन्य कई घोटाले

**पाषर्द** जयवीर खटाना ने सदन की बैठक में आरोप था कि निगम ने तीनों जोनों का ठेका 41.68 लाख रुपये प्रति माह के हिसाब से दिया हुआ है। लेकिन इनसे निगम के पास जितनी रिकवरी आनी चाहिए वह नहीं हुई। जिससे नगर निगम को करीब साढ़े छह करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं दूसरी तरफ निगम ने शहर में यूनिपोल लगाने का ठेका एक अन्य कंपनी को 50 लाख रुपये में दिया था, लेकिन निगम के पास शहर में लगाए गए यूनिपोल की संख्या का पूरा विवरण नहीं हैं। ऐसे में यूनिपोल की संख्या बढ़ाकर भी निगम को चूना लगाया जा सकता है, लेकिन अधिकारी इस तरफ ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं कर रहे हैं। सदन में यह मुद्दा उठने के बाद तत्कालीन निगम आयुक्त यश गर्ग ने कमेटी गठित कर इस मामले की जांच के आदेश दिए थे। लेकिन करीब छह महीने का समय गुजर जाने के बाद भी कमेटी अपनी जांच पूरी नहीं कर पाई है। निगमायुक्त यश गर्ग के तबादले के बाद तो विज्ञापन घोटाला पूरी तरह दब कर रह गया है, लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा।




# कोरोना में पार्किंसंस बीमारी की दवाई न छोड़ें मरीज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**विश्व** पार्किंसंस दिवस के अवसर पर नीलम चौक स्थित एस्कोर्ट फोर्टिस अस्पताल में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को पार्किंसंस रोग के लक्षण और बचाव की जानकारी दी गई। अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग डायरेक्टर डॉ. रोहित गुप्ता ने बताया की पार्किंसंस रोग पहले के तुलना में अब तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा की अगर किसी व्यक्ति के हाथ, पैर या शरीर का कोई अन्य हिस्सा कंपकपाने की समस्या है तो इसे नजर अंदाज न करें। यह पार्किंसन बीमारी हो सकती है। इसका तुरंत इलाज करवाएं।

न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रोहित गुप्ता ने बताया कि पार्किंसंस बीमारी उम्रदराज लोगों की बीमारी है। खासतौर से 60 साल की उम्र के लोगों में ये समस्या होती है। ये न्यूरोलॉजिकल बीमारी है जिसमें शरीर में कंपन होता है। यह इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि शारीरिक गतिविधियां रुक जाती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, तकरीबन 10 प्रतिशत लोगों में पार्किंसंस की समस्या युवावस्था में देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा की कई लोगों को ये 40 की उम्र में हो रहा है तो कई किशोरावस्था में ही चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्किंसंस में कोरोना का कोई खास प्रभाव नहीं पड़ता लेकिन कुछ लोग कोरोना के डर से पार्किंसंस की दवाइयां छोड़ देते है। ऐसे कई मरीज ओपीडी में इलाज के पहुंच रहे हैं। इससे खतरा ज्यादा बढ़ जाता है।

### क्यों होती बीमारी

**उन्होंने** कहा कि पार्किंसन रोग में दिमाग में न्यूरॉन कोशिकाएं डोपामीन नामक एक रासायनिक पदार्थ का निर्माण करती हैं। जब डोपामीन का स्तर गिरने लगता है, तो दिमाग शरीर के विभिन्न अंगों पर नियंत्रण रख पाने में असक्षम होता है। आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में इस वक्त लगभग एक करोड़ लोग पार्किंसन बीमारी से प्रभावित हैं। फोर्टिस अस्पताल में रोजाना चार-पांच मरीज इलाज के लिए आते हैं।

### बीमारी का इलाज

**डॉ. रोहित** ने बताया कि पार्किंसंस बीमारी में रोगी को डोपामीन बाहर से दिया जाता है। इससे शरीर में कंपन कम हो जाती है। एडवांस स्तर के इलाज के रोगी के दिमाग में पेसमेकर भी डाले जाते हैं। इससे रोगी ठीक हो जाता है। बीमारी के लक्षण काफी कम हो जाते है। दवाइयां कम हो जाती हैं।

### रन स्टार क्रिकेट क्लब ने 16 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** सातवें ऑल इंडिया रविंद्र फागना यूथ कप क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में रन स्टार क्रिकेट क्लब ने एम-10 क्रिकेट अकादमी टीम को 16 रन से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि एम-10 क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। रन स्टार क्रिकेट क्लब ने 30.4 ओवर में 10 विकेट पर 165 रन बनाए। सोमबीर शोखंड ने 66 रन, गौरव सिंह ने 21 रन और सिद्धार्थ सिंह ने 12 रन बनाए। राहुल पटेल ने 5 विकेट, ध्रुव शर्मा ने दो विकेट, एश पालीवाल और अनंत गुप्ता ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए एम-10 क्रिकेट अकादमी टीम को 38.1 ओवर में 149 बना सकी। प्रतीक भारद्वाज ने 24 रन, साहिल ताड़ा ने 22 विकेट, मयंक चौधरी और एश पालीवाल ने 18-18 रन बनाए। कार्तिक पवार और बिट्टू कुमार ने 3-3 विकेट, नितिन सिंह ने 2 विकेट, रेवांत रक़यान और अंकित यादव ने 1-1 विकेट लिए।

## हस्त मुद्रा योग, ज्योतिष एवं आध्यात्म

**वरुण/जल मुद्रा अभ्यास से Eczema - एक्जिमा क्योर करें: एक्जिमा किन कारणों से उत्पन्न होता है?**

एक्जिमा एवं अन्य त्वचा विकार - शरीर में जल-तत्व की कमी से पैदा होने वाले रक्त विकार कहे गए हैं!



**विशेष:** शरीर में जल के कम होने के असन्तुलन संग यदि वायू तत्त्व की अधिकता हो जाने से त्वचा में सूखापन, रूखापन आ जाता है, खिंचाव होने लगता है और दुखन पैदा हो जाती है। वरुण-मुद्रा एवं वायु हस्त मुद्रा अभ्यास से एक्जिमा सहित सोरायसिस जैसे भयानक रोग सहित उपरोक्त त्वचा सम्बंधित सभी रोग-विकार दूर होकर शरीर स्निग्ध होने लगता है!

**वरुण मुद्रा निर्माण विधि** - दोनों हाथों की कनिष्ठा और अंगूठे के टिप्स को आपस में मिला कर रखने से वरुण/जल हस्त मुद्रा बनती है। वरुण मुद्रा का एक्जिमा एवं अन्य चर्म रोगों में **उपयोग:**

वरुण मुद्रा के सतत अभ्यास से एक्जिमा सहित सभी प्रकार के त्वचा-रोग, त्वचा का रूखापन, एलर्जी, रक्त शुद्धि, शरीर में स्निग्धता और रक्त की कमी (एनीमिया) दूर होने कहे गये हैं।

**शैक्षणिक प्रस्तुति : शिक्षाविद् डी सी चौधरी! (सम्पर्क सूत्र: 9911417418; 9868358257 व्हाट्सऐप)**

# सीएम के कार्यक्रमों के बीच स्कूली बच्चों को झेलनी पड़ी परेशानी

कविता। फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** के द्वारा गुरूग्राम में पहली से आठवीं कक्षा तक विद्यालयों को आगामी 30 अप्रैल तक बंद करने के निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन जिन स्कूलों में परीक्षाएं चल रही है, वहां स्कूलों को शनिवार को बंद नहीं किया गया।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर कई रास्ते बंद होने से परीक्षा देने के लिए जाते अभिभावकों के साथ बच्चों को परेशानियां झेलनी पड़ीं। स्कूल में परीक्षा देने के लिए विद्यार्थी समय पर नहीं पहुंच सके। इसकी जानकारी देते हुए सीएम आरके गर्ग ने बताया कि उनके बेटे समेत अन्य अभिभावकों को परेशानियां हुई।

### घंटों पहले रास्ता बंद

**मुख्यमंत्री** का कार्यक्रम सुबह 11 बजे के बाद होना था। लेकिन पुलिस की तरफ से सुबह साढ़े 7 बजे ही रास्तों को पूरी तरह से बंद कर दिया। एमवीएन स्कूल अपने बच्चे को 12वीं कक्षा का प्रैक्टिकल एग्जाम दिलाने जा रहे सीए आरके



गर्ग ने बताया कि वह घर से निकले तो देखा कि सेक्टर-7 की तरफ से रास्ता पूरी तरह से बंद था। दूसरे रास्तों पर भी पुलिस का पहरा था। हर जगह उन्होंने बच्चे को स्कूल छोड़ने के लिए मिन्नतें की, लेकिन पुलिसकर्मी नहीं माने, उनका कहना है कि एक तरफ रास्ता बंद कर देना चाहिए था, ताकि दूसरी तरफ से आम पब्लिक गुजर सके, लेकिन पुलिसकर्मियों ने आने व जाने वाले दोनों रास्तों को पूरी तरह से बंद कर रखा था। जिस कारण वह सुबह 8 के बजाय परीक्षा दिलवाने बच्चे को लेकर 8:50 मिनट पर पहुंचे। जिससे बच्चे की परीक्षा लेट हो गई। ऐसा ही स्कूल से छुट्टी होने पर भी हुआ। सेक्टर-3, सेक्टर-7, सेक्टर-8 इत्यादी के रहने वाले बच्चों ने बताया कि स्कूल लेट पहुंचे, जिसके कारण उन्हें पेपर में समय कम मिला और अध्यापकों से डांट पड़ी, वहीं दोपहर को कुछ स्थानों पर पुलिस ने नाका लगा रखा था। जिस कारण घर पहुंचने में भी लेट हो गए।

### सरकार से की अपील

**आरके** गर्ग ने सरकार व पुलिस डिपार्टमेंट से अपील की है कि नेताओं की सुरक्षा तो ठीक है, लेकिन एक रास्ते को पूरा साढ़े तीन घंटे पहले बंद कर देना कहां का न्याय है। स्कूली बच्चे जिसके कारण परेशान रहे। वहीं अगर मुख्यमंत्री के आने की तैयारियां की गई थी तो एक तरफ का रास्ता खोल देना चाहिए था। ताकि स्कूली बच्चों को परेशानी न होती।

# कोरोना सैकेंड स्ट्रेन: 200 केसों से आंकड़ा पहुंचा 49801

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा ने एक वीडियो सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आगामी 11 से 14 अप्रैल तक चार दिनों में जिले का लक्ष्य 64000 वैक्सीनेशन करना है। जिस पर सिविल सर्जन रणदीप सिंह पूनिया ने इसके बारे में एक बैठक ली। जिसमें सभी डिप्टी सीएमओ और एसएमओ ने भाग लिया। यह 45 से अधिक आयु वर्ग की अधिकांश आबादी को कवर करने की योजना है। इसे प्राप्त करने के लिए इन चार दिनों के दौरान शिविर की अधिकतम संख्या आयोजित की जाएगी। वहीं दूसरी तरफ जिले में जिले में कोरोना के लगातार मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। शनिवार को कोरोना के 200 नए मामले सामने आए। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 161 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले में रिकवरी रेट 95.8 प्रतिशत और एक्टिव केस रेट 3.4 प्रतिशत है। इसके अलावा सैम्पल पॉजिटिव रेट 8.4 प्रतिशत है।

### यहां से मिले पॉजिटिव

**जिले** में कोरोना के 200 मामले आए। जिसमें जिला जेल, सूरजकुंड, लकड़पुर, सेक्टर-25, 62, 64, 88,17, एनएव-3 से 2-2 मरीज है। तिगांव, सेक्टर-46, 37, से 1-1 मरीज है। एनएच-5, सेक्टर-7, 49, भारत कालोनी, संजय कालोनी, डबुआ कालोनी, अहीरवाड़ा से 3-3 मरीज है। चार्मवुड विलेज 6 मरीज है। कबलूपुर, ग्रीन फिल्ड कालोनी, सेक्टर-29, 88, 28, 21, 19, 10 अशोका इंक्लेव, से 5-5 मरीज है। सेक्टर-18, 8, 15, चावला कालोनी, सैनिक कालोनी से 4-4 मरीज है। सेक्टर-16 से 9 मरीज है। अन्य एरियों से 77 मरीज शामिल है।



### यह हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांचे | : 594944 |
| अब तक पॉजिटिव | : 49801 |
| अब तक नेगेटिव | : 542970 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 2173 |
| ऑक्सीजन पर है | : 66 |
| वैंटीलेटर पर है | : 5 |
| अब तक मौत | : 426 |
| अब तक ठीक | : 47707 |
| एक्टिव केस है | : 1668 |

# 741 किलोमीटर का जिला एफएमडी में किया गया शामिल : मनोहर लाल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि फरीदाबाद का नहरपार क्षेत्र अब ग्रेटर फरीदाबाद के नाम से जाना जाएगा। इस क्षेत्र में विकास को लेकर कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। तीन हिस्सों में बसे शहर को ग्रेटर फरीदाबाद से जोड़ने के लिए कुछ बड़ी परियोजनाएं भी जल्द शुरू की जाएंगी। इसके साथ ही फरीदाबाद जिला की 741 स्क्वायर किलोमीटर लंबी पूरी सीमा जिसमें ग्रामीण व शहरी क्षेत्र शामिल हैं सभी को एफएमडीए में शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार को लघु सचिवालय के छठे तल स्थित कांफ्रेंस हॉल में फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) की पहली मीटिंग में संबोधित कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने अरावली गोल्फ क्लब में पत्रकार वार्ता को भी संबोधित किया।

### एफएमडीए करवाएगी विकास कार्य

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि फरीदाबाद शहर में पहले एचएसवीपी, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, स्मार्ट सिटी जैसी कई संस्थाएं विकास कार्य करवाती थी। इन सभी संस्थाओं के कार्य के दौरान तालमेल की कमी रहती थी। अब सभी विकास कार्य एफएमडीए के अंतर्गत आएंगे और कार्यों में तालमेल के लिए एक इंटीग्रेटिड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर भी तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसंख्या व क्षेत्र के मामले में फरीदाबाद जिला गुरुग्राम से बहुत बड़ा है। गुरुग्राम में 115 सेक्टर हैं, जबकि फरीदाबाद में 179 सेक्टर विकसित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कुछ भौगोलिक कारणों से फरीदाबाद जिला विकास में पिछड़ा है लेकिन अब इसे हम गुरुग्राम से भी आगे लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि एफएमडीए के गठन के बाद नई व्यवस्थाएं बनेंगी और भ्रष्टाचार कम होगा। उन्होंने कहा कि अब हमें मुख्य परियोजनाओं को एफएमडीए को सौंपना है। उन्होंने बताया कि पूरे फरीदाबाद जिला में 1700 किलोमीटर का सड़क नेटवर्क है जिसमें से एचएसवीपी, एचएसआईआईडीसी व एमसीएफ की 182 किलोमीटर सड़कें एफएमडीए में शामिल की जाएंगी। साथ ही उन्होंने कहा की फरीदाबाद शहर को सीधा केजीपी से जोड़ा जाएगा इसके लिए एनएचएआई को एक विस्तृत कार्य योजना तैयार कर जल्द सौंपी जाएगी उन्होंने कहा कि अब भविष्य में नई सडक् परियोजनाओं का निर्माण भी एफएमडीए ही करेगा।

### 22 रैनीवैल एफएमडीए के ट्रांसफर

**मीटिंग** में उन्होंने बताया कि नगर निगम के 16 रैनीवैल व एचएसवीपी के 8 रैनीवैल सहित कुल 22 रैनीवैल अब एफएमडीए को ट्रांसफर हो जाएंगे। इसके साथ ही 396 किलोमीटर लंबी पेयजल पाईपलाईन को भी एफएमडीए टेकओवर करेगा। उन्होंने बताया कि 600 एमएम से उपर की सभी सीवर लाईनों का कार्य अब एफएमडीए देखेगा जिसकी लंबाई 202 किलोमीटर है। इसके साथ ही सभी एसटीपी व सीटीपी भी एफएमडीए ही टेकओवर करेगा। शहर में संचार व्यवस्था को लेकर भी एफएमडीए एक नया नेटवर्क तैयार करेगा।

### सरकारी भवनों की देखरेख

**शहर** के सेक्टर-16ए स्थित एचएसवीपी के गेस्ट हाउस, सेक्टर-12 कन्वेशन सेंटर, टाउन पार्क सेक्टर-31 व 12, सेक्टर-31 स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स सहित कई इमारतें भी एफएमडीए को सौंपी जाएंगी। उन्होंने बताया कि पहले साल में कुशल तकनीकी स्टाफ की कमी को नगर निगम व एचएसवीपी से लेकर पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एफएमडीए के संचालन के लिए शुरूआती वर्ष में 105 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी और जरूरी हुई तो सरकार और भी पैसा भी देगी। उन्होंने बताया कि अर्बन लोकल बॉडी को मिलने वाली दो प्रतिशत स्टांप ड्यूटी में से एक प्रतिशत अब एफएमडीए के पास जाएगी। एफएमडीए के सभी कार्य पेपरलैस होंगे।

## जीएमडी के साथ बस सेवा



**उन्होंने** बताया कि अभी जीएमडीए के साथ मिलकर फरीदाबाद में सिटी बस सर्विस शुरू की गई है। जल्द ही 20 बसें गुरुग्राम से मंगवालकर और चलाई जाएंगी। मांग बढ़ने पर कुछ और बसें एफएमडीए भी खरीद सकता है। उन्होंने बताया कि एफएमडीए के कार्यालय के लिए फिलहाल आईएमटी स्थित एचएसआईआईडीसी कार्यालय का एक तल किराए पर लिया जाएगा। मीटिंग में शहर को लेकर विजन डॉक्यूमेंट 2041 भी प्रस्तुत किया गया।

### तीन सदस्य हुए नियुक्त

**उन्होंने** एफएमडीए के तीन गैर सरकारी सदस्यों डॉ. एसएस बंसल, अमित भल्ला और बीआर भाटिया को नियुक्त किया गया है, और तीन सदस्यों को बाद में नियुक्त किया जाएगा। मीटिंग में एफएमडीए के सीईओ सुधीर राजपाल ने एफएमडीए का विजन डॉक्यूमेंट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता, तिगांव के विधायक राजेश नागर, बडख़ल की विधायक सीमा त्रिखा, पृथला के विधायक नयनपाल रावत, एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा, मेयर सुमन बाला, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव अजय गौड़, मीडिया सलाहकार अमित आर्य, कमिश्नर संजय जून, पुलिस आयुक्त ओपी सिंह, उपायुक्त यशपाल, एफएमडीए की डिप्टी सीईओ गरिमा मित्तल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** दृष्टि आई सेंटर के सहयोग से वूमेंस पावर संस्था द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में अनेक बड़े बुजुर्गों ने अपनी नेत्र जांच कराई। इस अवसर पर वूमेंस पावर की प्रेसिडेंट चांदनी आजाद अली ने कहा की, कि आंख कई छोटे हिस्सों से बनी एक जटिल ग्रन्थि है, जिनमें से प्रत्येक हिस्सा सामान्य दृष्टि हेतु अनिवार्य है। साफ देख पाने की क्षमता इस बात पर निर्भर करती है कि ये हिस्से परस्पर कितने बेहतर तरीके से काम करते हैं। इसी कारण हमें अपने नेत्रों का भी ख्याल रखना चाहिए और नियमित रूप से जांच करते रहनी चाहिए। हम इसी तरीके से बड़े बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों की नेत्र दृष्टि के प्रति सचेत रहेंगे और समय-समय पर इसी तरह क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करते रहेंगे। कैंप को सफल बनाने के लिए वूमेंस पावर की टीम से प्रेसिडेंट चांदनी आजाद अली के साथ मार्केटिंग हेड डॉली कपूर, अनु चौधरी, आशीष पांडे, सुमित व निर्मला आदि ने काफी मेहनत की। समाजसेवी नवीन सैनी, सुधीर यादव व गुलशन राय ने इस कैंप में पहुंचकर सभी टीम मेंबर का हौसला बढ़ाया।

### खिलाडियों को दिए राज्य प्रमाण पत्र

**फरीदाबाद।** राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में खेलने वाले एथलीट खिलाडियों को अपने निजी निवास स्थान पर राज्य खेल प्रमाण पत्र वितरित किए। जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड ने बताया कि अभी पूरे भारतवर्ष में सेना की भर्ती का आयोजन किया जा रहा है और कई सरकारी विभागों में भी नयी भर्ती प्रक्रिया की जा रही है। जिससे खिलाड़ियों को खेल नौकरी पाने में प्रमाण पत्रों से काफी मदद मिलती है। धनखड ने कहा कि युवाओं को खेल के प्रति रुझान बढाना चाहिए जिससे उनके शरीर के साथ साथ मानसिक सोच भी अच्छी बने। राज्य खेल प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले गौरव, प्रियंका ध्रुव, भारत भूषण और कपिल आदि रहे।

### कोचिंग के लिए 25 छात्रों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति द्वारा जरूरतमंद परिवारों के मेधावी छात्रों को कराई जा रही जेईई मेंस व नीट कोचिंग के अगले बेच के लिए शनिवार को साईं मंदिर पब्लिक स्कूल के 11 छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। अब तक 25 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 15 अप्रैल है। इस मिशन के संयोजक कैलाश शर्मा ने कहा है कि मानव सुपर 21 मिशन के तहत कराई जा रही इस कोचिंग में उन विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है जो आर्थिक कारणों से प्राइवेट कोचिंग नहीं कर पा रहे हैं। अब तक रजिस्ट्रेशन करा चुके विद्यार्थियों की कोचिंग शुरू कर दी गई है। 15 अप्रैल तक जो विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन कराएंगे उनकी भी कोचिंग शुरु कर दी जाएगी। इन विद्यार्थियों को एक महीने की कोचिंग देने के बाद इनकी एक चयन परीक्षा ली जाएगी। इस चयन परीक्षा में सबसे अधिक अंक लेकर जो विद्यार्थी पास होंगे उनमें से शुरू के 21 मेधावी छात्रों का चयन करके उनकी लगातार कोचिंग पुन: शुरू की जाएगी।छात्र चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए 15 अप्रैल तक अपना रजिस्ट्रेशन समिति के सेक्टर 10 मार्केट स्थित कार्यालय मानव भवन में करा सकते हैं। समिति के चेयरमैन अरुण बजाज व संरक्षक अरुण आहूजा व रोशनलाल बोरड ने कहा है कि समिति की ओर से पिछले 5 साल से इस प्रकार की कोचिंग प्रदान कराई जा रही है। इस पुनीत कार्य में कोचिंग एक्सपर्ट प्रोफेसर के एल दुआ,सुभाष शर्मा, एनके गर्ग, पीसी गांधी, संजीव गुप्ता, राजीव जैन,सौरव भाटिया, टीपी मुकुल अपनी निशुल्क सेवाएं मानव सुपर 21 मिशन को प्रदान कर रहे हैं।

# मजदूर संघ ने की नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ शाखा नगर निगम फरीदाबाद ने एक कार्यकारिणी की मीटिंग बुलाई।

जिसमें संघ के बैनर तले निगम आयुक्त यशपाल यादव व एएमसी इन्द्रजीत व ईओ सीमा भाटिया का घेराव व समय पर वेतन न मिलने पर एफसी नगर निगम विजय धमीजा का घेराव किया और कच्चे व पक्के कर्मचारियों का एक तारीख से सात तारीख तक वेतन मिलने की मांग की। 19 सूत्रीय मांग पत्र पर जल्द से जल्द मीटिंग का समय नहीं दिया तो अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ गेट पर धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगा। जिसमें राष्ट्रीय सचिव व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिन्होंने हमारी मांगों को जायज बताया और उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने हमारी मांगों का निपटारा जल्द नहीं किया हम राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने पर मजबूर होगें। जिसकी जिम्मेवारी शासन व प्रशासन की होगी। इस मीटिंग की अध्यक्षता जिले के वरिष्ठ उपप्रधान कुंवरपाल बालगुहेर ने अपनी मांगों को लेकर रोष व्यक्त किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र चिण्डालियसा, राष्ट्रीय सचिव राजपाल मेंढवाल, उपप्रधान हरियाणा प्रदेश धर्मेन्द्र उज्जैनवाल आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री का विरोध न हो, इसलिए किसान नेता जगन डागर नजरबंद

**फरीदाबाद।** किसान आंदोलन से घबराई प्रदेश की भाजपा सरकार ने फरीदाबाद में किसान नेता जगन डागर को उनके घर में ही नजरबंद रखा।

गौरतलब है की प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर फरीदाबाद में दो दिवसीय दौरे पर हैं। ऐसे में किसान नेता जगन डागर के विरोध प्रदर्शन की सम्भावना को देखते हुए फरीदाबाद पुलिस ने शनिवार को जगन डागर को उनके घर में ही कैद कर के रखा। शनिवार को सुबह ही भारी संख्या में पुलिस उनके सेक्टर-7 स्थित निवास पर पहुंच गई और उन्हें कहीं पर भी जाने नहीं दिया। उनका मोबाइल भी पुलिस ने बंद करा दिया। पुलिस देर शाम तक उनके निवास पर बनी रही।

# प्रदेश में बढ़ाई जाएगी वीटा के बूथों की संख्या: डॉ. बनवारी लाल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने आज बल्लभभढ़ के वीटा प्लांट का दौरा किया और इस प्लांट में तैयार किए जा रहे दो नए उत्पादों ''मसाला छाछ'' और ''दही'' के पैकेट की शुरूआत की।

इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आने वाले गर्मी के मौसम को देखते हुए 400 ग्राम के ''मसाला छाछ'' का मूल्य 10 रूपए तथा आधा किलो ''दही'' का मूल्य 30 रूपए रखा गया है, जो कि लोगों के स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक होता है। वीटा के उत्पादों की मांग बढ़ाने के लिए सहकारिता



मंत्री ने कहा कि जल्द ही इसकी मार्केटिंग बढ़ाई जाएगी और बूथों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक वीटा के उत्पाद पहुंच सके। कार्यक्रम दौरान सहकारिता मंत्री ने बताया कि इस बल्लभगढ़ के वीटा प्लांट में 90 हजार लीटर दूध की आपूर्ति होती है जिससे विभिन्न उत्पादों को तैयार किया जाता है। उन्होंने बताया गया कि दूध से बनने वाले उत्पादों में दही, पनीर, लस्सी, काजू पिन्नी इत्यादि उत्पादों को तैयार किया जाता है। इसके अलावा, इन उत्पादों को तैयार करते समय उच्च गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है। उन्होंने बताया कि बल्लभगढ़ वीटा प्लांट के अंतर्गत 147 मिल्क बूथ आते हैं और निकट भविष्य में इनकी संख्या को 400 बूथों तक की जाएगी। इसके अलावा, इस प्लांट के अंतर्गत 16 मॉडल मिल्क बूथ भी बनाए जाएंगें। इसी प्रकार, बल्लभगढ़ प्लांट के अंतर्गत डिस्ट्रीब्यूटरों की नियुक्ति भी की जा रही है जिनमें घी की बिक्री के लिए डिस्ट्रीब्यूटर भी शामिल है। मंत्री को बताया गया कि वीटा की बिक्री बढाने के तहत रिटेल कमीशन को भी हाल ही में बढाया गया है।

# ऑनलाइन कंपनियों को भूमि देने का व्यापारियों ने किया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**राष्ट्रीय** जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग ने प्रदेश सरकार द्वारा दो निजी कम्पनियों सैकड़ों एकड़ भूमि देने के प्रस्ताव की कड़ी निंदा की है। गुलशन डंग शनिवार को बल्लभगढ़ में चावला कॉलोनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित व्यापारी जिला व्यापारी सम्मेलन में बोल रहे थे।

समारोह की अध्यक्षता नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अशोक गांधी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विजय जैन व प्रवीण गर्ग ने की। व्यापारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि व्यापार संगठन शुरू से ही ई-कॉमर्स कंपनियों का विरोध करती रही है, क्योंकि इससे छोटे व्यापारियों का कारोबार खत्म होने के कगार पर पहुंच जाएगा। एक तरफ जहां केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए तीनों कृषि काले कानूनों से देशभर का किसान प्रताड़ित है। वहीं इन उक्त कंपनियों को जमीन दिए जाने पर व्यापारी वर्ग बर्बाद हो जाएगा। गुलशन डंग ने कहा कि गेहूं के सीजन में बारदाने की भारी किल्लत की वजह से सरकार द्वारा गेहूं की खरीद नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार द्वारा जिला अधिकारियों के माध्यम से आढ़तियों को फरमान दिया गया है कि किसान अपनी फसलें अडानी के ढांड स्थित गोदामों में ले जाएं, वहां बारदाने की आवश्यकता ही नहीं है। गठबंधन सरकार के ऐसे निर्णय परोक्ष रूप से केवलमात्र बड़े औद्योगिक घरानों को लाभ पहुंचाना ही है। गुलशन डंग ने कहा कि देशभर का खुदरा बाजार ई-कॉमर्स कम्पनियों के चंगुल में फंस चुका है, खुदरा व्यापारी बर्बाद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से उनका संगठन ई-कॉमर्स व्यापार पर अतिरिक्त टैक्स लगाने की मांग कर रहा है ताकि बर्बाद होते खुदरा व्यापार को बचाया जा सके।

## नई पद्धतियों से भारत में कैंसर के इलाज में हुआ क्रांतिकारी बदलाव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**इलाज** की नई पद्धतियों यानी थेरेपी से ना केवल कैंसर का इलाज आसान व तेज हुआ है, बल्कि शरीर पर न्यूनतम दुष्प्रभाव के साथ इलाज के बाद मरीज के जीवन स्तर में भी सुधार आया है। नर्सिंग होम एसोसिएशन (एनएचए) फरीदाबाद द्वारा आयोजित चिकित्सकों के कॉन्क्लेव में दक्षिणी दिल्ली के नीति बाग स्थित राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) के मेडिकल ओंकोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. मनीष शर्मा ने विभिन्न प्रकार के कैंसर के इलाज के नए तरीकों के बारे में जानकारी सांझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएचए फरीदाबाद की सचिव डॉ. अनीता गर्ग और प्रेसिडेंट डॉ. नरेश जिंदल ने की। डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि कैंसर के इलाज में तीन अहम क्षेत्र हैं, रेडिएशन सर्जरी और दवा। पिछले कुछ दशक में इन तीनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। आज भारत में प्रोटॉन थेरेपी, स्टीरियोटैक्टिक बॉडी



रेडिएशन थेरेपी (एसबीआरटी), बीम, रैपिड आर्क और 3.डी कंफर्मल रेडिएशन थेरेपी समेत रेडिएशन थेरेपी के क्षेत्र में हुए सभी बदलाव उपलब्ध हैं। टारगेटेड रेडिएशन पद्धतियां अंगों की हिफाजत और इलाज के बाद जीवन की गुणवत्ता बेहतर करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। पुरानी तकनीकों में अंगों को रेडिएशन के कारण जलना पड़ता था, लेकिन अब आईएमआरटी, आईजीआरटी और एसबीआरटी जैसी तकनीकों की मदद से शरीर में आसपास के हिस्सों को प्रभावित किए बिना सीधे कैंसर के ट्यूमर को निशाना बनाना संभव होता है। सर्जरी में रोबोटिक सर्जरी और की-होल सर्जरी की भूमिका भी बढ़ी है। इसका लक्ष्य है कि कैंसर का इलाज सटीक हो और अंगों की हिफाजत की जा सके।

# सैनिक स्कूल में मिशन ओलिंपिक शूटिंग रेंज का हुआ उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** के सेक्टर-63 में स्थित सैनिक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अन्तर्राष्ट्रीय मनको पर आधारित मिशन ओलिंपिक शूटिंग रेंज का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि कृष्णपाल गुर्जर कोरोना की इमरजेंसी मीटिंक के कारण उद्घाटन स्थल पर न पहुंच पाएं। उन्होंने अपना वीडियों सन्देश भेजकर सभी को शुभकामनाएं दी तथा समारोह में उपस्थित विशेष अतिथि सुभाष राणा नेशनल कोच शूटिंग व रमेश डागर, प्रेसिडेंट हरियाणा एजुकेटर क्लब के शुभ हाथों से शूटिंग रेंज का उद्घाटन सम्पन्न हुआ।

साथ ही विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा स्कूल के चेयरमैन व अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी सिंह राज अधाना का यूएेई में आयोजित पैरा वर्ल्ड कप में एक गोल्ड, एक सिल्वर व ब्राउंज जीतकर भारत का नाम रोशन करने पर सम्मानित किया गया।



जिसमें मुख्य रूप से गुर्जर सभा हरियाणाा आरडब्ल्यूए सेक्टर-63 व ग्राम सुधार सेवा समीति ऊंचा गांव के पद अधिकारियों द्वारा सिंघराज अधाना को स्वाफा बांधकर बधाई दी गई। स्कूल के निर्देशक उधम सिंह अधाना ने समारोह में उपस्थित सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों को स्कूल की उपलब्धियों के साथ-साथ नए सत्र के लिए सीबीएसई से मान्यता प्राप्त होने पर सभी को बधाई दी और खेलों में देश का नाम रोशन करने के लिए स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित स्कूल फांउडर प्रेम सिंह अधाना ने कक्षावार प्रथम, द्वतीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार से सम्मानित किया व समारोह में उपस्थित अन्य अतिथिगणों ने स्कूल द्वारा खेलों व पढाई में बढ़चढ़ कर कार्य करने पर स्कूल मैनेजमेंट को बधाई दी।

Good Morning!

# गुरुग्राम पायनियर

हरियाणा, रविवार, 11 अप्रैल, 2021

•सोहना •ओल्ड •गुरुग्राम •पटौदी •आईएमटी-मानेसर •फर्रूखनगर •भिवाड़ी

ई-पेपर www.pioneerhindi.com



# पलवल में फसल कटाई के चलते बेअसर रहा केएमपी जाम

मुकेश बघेल। पलवल

**संयुक्त** किसान मोर्चा द्वारा आज केएमपी एक्सप्रेसवे को 24 घन्टे के लिए जाम करने का आह्वान किया गया था। संयुक्त किसान मोर्चे के इस आह्वान का अबकी बार पलवल जिले में कोई असर देखने को नहीं मिला क्योंकि धरना स्थल पर किसानों द्वारा एक दिन पूर्व ही मीटिंग कर फैसला ले लिया गया था कि फसलों की कटाई के समय को देखते हुए वे 24 घन्टे के लिए केएमपी को जाम नहीं करेंगे।

फसलों की कटाई के सीजन को देखते हुए इस बार पलवल के किसानों ने केएमपी एक्सप्रेस वे को 24 घंटे के लिए बंद नहीं करने का निर्णय लिया है।

## किसानों ने संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर नहीं किया 24 घंटे तक हाईवे जाम

किसान समिति ने कहा कि वे इस बार धरनास्थल पर एकत्रित होकर प्रतिदिन की तरह कृषि कानूनों का विरोध करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी अपनी पूरी तैयारियों के साथ अलर्ट है। धरना स्थल पर काफी पुलिस बल मौजूद कर दिया गया है।

एक दिन पूर्व ही प्रशासन ने रूटों को डायवर्ट कर दिया था। आमजन, वाहन चालक व दैनिक यात्रियों से प्रशासन ने आह्वान किया था कि वे 10 अप्रैल सुबह 11 बजे से लेकर 11 अप्रैल सुबह 11 बजे केएमपी एक्सप्रेस वे का प्रयोग न करें। किसान नेता राजकुमार ओलियान व सुभाष दलाल ने कहा कि इस समय फसलों की कटाई का समय चल रहा है।



किसानों के धरना स्थल के पास मौजूद पुलिस बल।

सभी किसान अपने खेतों में फसलों की कटाई करने में लगे हुए हैं। जिसे देखते हुए किसानों द्वारा यह अपील कर दी गई थी कि उनके द्वारा पलवल जिले में केएमपी एक्सप्रेस को जाम नहीं किया जाए। बल्कि धरना स्थल पर पंडाल में एकत्रित होकर कृषि कानूनों का विरोध करें।

संयुक्त किसान मोर्चा के हर आह्वान का पलवल जिले में किसानों द्वारा सफल बनाया गया है, लेकिन फसलों की कटाई के समय को देखते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के केएमपी एक्सप्रेस वे को जाम के आह्वान को पलवल जिले में इस बार सफल नहीं बनाया जाएगा। उन्होंने कहा आगे संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा जो भी आह्वान किया जाएगा। उसको पलवल जिले में पहले की तरह शांतिपूर्ण तरीके से सफल बनाया जाएगा।

# रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हुई महिला

**पलवल।** कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत 32 वर्षीय महिला रहस्यमयी परिस्थिति में लापता हो गई। पुलिस ने महिला के पीड़ित पति की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस जांच अधिकारी दिनेश के अनुसार एक पीड़ित व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी पत्नी गत 8 अप्रैल को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली गई। पीड़ित ने अपनी पत्नी को काफी तलाश किया लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# संक्षिप्त समाचार

## विद्युतापूर्ति मांग पूरा करने को सब-स्टेशनों की क्षमता बढ़ाई



**गुरुग्राम।** गर्मी के मौसम में बिजली की बढ़ती हुई मांग व आपूर्ति को पूरा करने के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम प्रतिबद्ध है। बिजली उपभोक्ताओं की संख्या में बढ़ोतरी के दृष्टिगत बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में सब-स्टेशनों की क्षमता में वृद्धि की गई है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबन्ध निदेशक डॉ. बलकार सिंह के मुताबिक दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने पिछले तीन महीनों में पांच नए सब-स्टेशनों को चालू किया है। मौजूदा 19 सब-स्टेशनों की क्षमता में वृद्धि की है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सर्कल, सिरसा में तीन नए सब-स्टेशन केलनियां, बरूवाली, हुडा सेक्टर कालांवाली चालू कर दिए गए हैं। इसी प्रकार ऑपरेशन सर्कल, नारनौल के तहत आजम नगर व ऑपरेशन सर्कल पलवल के तहत उजीना में नए सब-स्टेशन को चालू कर दिया गया है। इन सभी नव-निर्मित सब-स्टेशनों पर 10 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं। प्रबंध निदेशक ने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने बिजली वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए मौजूदा 19 सब-स्टेशनों की क्षमता में वृद्धि की है। इसके तहत ऑपरेशन सर्कल, सिरसा के 33 केवी सब स्टेशन मोहम्मदपुरियां व हरीपुरा, ऑपरेशन सर्कल, फतेहाबाद के 33 केवी सब-स्टेशन नांगला, गुल्लरवाला, रत्ताखेड़ा, अजीत नगर, भुथन व महमदकी, ऑप्रेशन सर्कल, हिसार के 33 केवी सब-स्टेशन माजरा, मसूदपुर, एचटीएम, स्याहड़वा व आर्य नगर, ऑप्रेशन सर्कल, जींद के 33 केवी सब-स्टेशन सेक्टर-8, जींद, ऑपरेशन सर्कल, भिवानी के 33 केवी सब-स्टेशन डोह-का-दिना, पिचोपा, खेड़ा व मोरवाला और ऑपरेशन सर्कल, रेवाड़ी के 33 केवी सब-स्टेशन काकोड़िया की क्षमता में वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि इन सब-स्टेशनों के चालू होने और मौजूदा सब-स्टेशनों की क्षमता वृद्धि होने से दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की स्थापित क्षमता में 162 एमवीए की बढ़ोतरी हुई है।

## शमशान घाट के रास्ते से अवैध निर्माण हटाया



**सोहना।** ग्राम पंचायत बाईखड़ा के गांव बादशाहपुर टैठड़ में शमशान घाट को जाने वाले रास्ता से अवैध कब्जा का सफाया किया। ड्यूटी मजिस्टेट नायब तहसीलदार शैली मलिक के नेतृत्व में रास्ते में लगे लोहे के गेट को हटा दिया। गांव बादशाहपुर टैठड़ के निवासी पिछले 40 साल से शमशान घाट को जाने वाले रास्ता पर लोहे का गेट लगाकर किया अवैध कब्जा को सफाया हो गया। ग्रामीण रास्ता में हो रहा अवैध निर्माण को हटाने के लिए 40 वर्ष से कानूनी लड़ाई अवैध कब्जा करने वाले से लड़ते आ रहे थे। आखिर ग्रामीणों को देर से ही सही रास्ता जमा अवैध कब्जा हटाने में सफलता मिल गई। ग्राम पंचायत के सरपंच श्याम सिंह ने बताया कि आम रास्तों पर कब्जा करना सही नहीं होता है। उन्होने बीते पांच वर्ष के कार्यकाल में शमशान घाट के रास्ता से अवैध निर्माण को हटाने का प्रमुखता से उद्देश्य था। जो ग्रामीणों की सहयोग और संघर्ष की जीत हुई है।

## बाइक से टक्कर से घायल स्कूटी चालक हुई मौत

**पलवल।** गदपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-19 पर गांव सोफ्ता मोड़ के समीप तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घायल हुए स्कूटी सवार व्यक्ति की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी रविंद्र के अनुसार सेक्टर-19 फरीदाबाद के सेक्टर-19 निवासी राजवीर ने शिकायत दर्ज कराई है कि 8 अप्रैल को वह अपने चचेरे भाई देवेंद्र निवासी एनआईटी फरीदाबाद के साथ स्कूटी पर सवार होकर होड़ल से फरीदाबाद की तरफ आ रहे थे। उसी दिन शाम करीब साढ़े 7 बजे जब गांव सोफ्ता के समीप पहुंचे तो पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से देवेंद्र के सिर में गहरी चोट लगी और वह बेहोश होकर सड़क पर गिर गया। दुर्घटना के बाद बाइक का चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से पीड़ित ने अपने भाई को फरीदाबाद के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान देवेंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सड़क से अनाज हटाकर रास्ता मांगा तो किया हमला

**पलवल।** सड़क मार्ग से अनाज हटाकर रास्ता देने के लिए कहा तो दंपति ने अपने पुत्र के साथ मिलकर बाइक सवार व्यक्ति पर लोहे की रोड से हमला कर दिया। चांदहट थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी मुनीम सिंह के अनुसार गांव चिरवाड़ी निवासी हरेंद्र ने शिकायत दर्ज कराई है कि बीती 9 अप्रैल को बाइक पर सवार होकर गांव राजूपुर खादर हवन यज्ञ में शामिल होने के लिए जा रहा था। पीड़ित जब गांव कुरैरा शाहपुर में पहुंचा तो रास्ते में सड़क मार्ग पर अनाज पड़ा हुआ था। पीड़ित ने अनाज साइड कर रास्ता देने के लिए कहा तो गांव कुरैरा शाहपुर निवासी वीरेंद्र व उसकी पत्नी अनीता व पुत्र देबू एकदम तैश में आ गए और घर में से लोहे को रोड लाकर हमला कर दिया।

—वजीराबाद के धरनारत ग्रामीणों की हुई जीत—

# वजीराबाद में नहीं, अब कहीं और बनेगा शमशान घाट

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**सभी** धर्मों के लिए वजीराबाद गांव के पास बनाए जा रहे शमशान घाट के विरोध में धरनारत ग्रामीणों का आखिरकार संघर्ष रंग लाया। प्रदेश सरकार को उनकी इस मांग के आगे झुकना पड़ा। अब सरकार ने इस शमशान घाट को यहां से शिफ्ट करके कहीं और बनाने का निर्णय ले लिया है। गुड़गांव के विधायक सुधीर सिंगला ने इसकी पुष्टि की है।

बता दें कि वजीराबाद गांव के साथ में बनाए जा रहे शमशान घाट के विरोध में ग्रामीण 15 जनवरी से धरने पर बैठे हैं। गांव के पास हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की करीब 6 एकड़ जमीन पर शमशान घाट बनाने का कार्य शुरू किया गया था। इस शमघाट परिसर में हिंदु, मुस्लिम, सिख, ईसाइयों व अन्य समुदायों के लोगों की अंतिम क्रिया की जानी थी। जिसका विरोध ग्रामीणों ने शुरू कर दिया। बकायदा इसके लिए वजीराबाद शमशान घाट हटाओ संघर्ष समिति बनाई गई, जिसके अध्यक्ष पार्षद बोहरा बने।

कुलदीप बोहरा के मुताबिक इससे पूर्व कांग्रेस सरकार में भी यहां पर इसी तरह का प्रोजेक्ट वर्ष 2013 में शुरू किया जा रहा था। तब भी ग्रामीणों के विरोध के बीच उसे रद्द कर दिया गया था।

उस समय भी केंद्र में राव इंद्रजीत सिंह मंत्री थे और बादशाहपुर क्षेत्र से राव धर्मपाल विधायक थे। दोनों नेताओं के अलावा आला अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि यहां पर यह शमशान घाट नहीं बनेगा। लेकिन अब वर्तमान सरकार ने भी इसी जगह पर शमशान घाट बनाना शुरू कर दिया। कुलदीप बोहरा का कहना है कि उन्हें सरकार की ओर से कोई जवाब इस शमशान घाट के निर्माण को रद्द करने का कोई प्रमाण नहीं मिला है। जब तक सरकार लिखित में ग्रामीणों को रद्द करने का निर्णय नहीं देगी, धरना जारी रहेगा।

## जनहित के मुद्दों पर रखते हैं सकारात्मक सोच: सिंगला



**विधायक** सुधीर सिंगला ने कहा कि जनहित के मुद्दों पर सरकार हमेशा सकारात्मक सोच के साथ कार्य करती है। वजीराबाद में शमशान घाट के विरोध में दिए गए धरने पर वे स्वयं भी गए थे और ग्रामीणों की बात को ध्यानपूर्वक सुनकर सरकार तक पहुंचाया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आश्वासन दिया था कि इस पर जनहित में ठोस निर्णय लिया जाएगा। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि ग्रामीणों की इस मांग को सरकार ने मान लिया है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के साथ उनकी मुख्यमंत्री के साथ इस मुद्दे पर बैठक में इस पर मुहर लगी। इस शमशान घाट के लिए नई जगह की तलाश की जा रही है। कई साइट्स को देखा जा रहा है। जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा।

# दहेज पीड़िता को देवर ने दी दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी

मुकेश बघेल। पलवल

**शादी** में नकदी व कार की पूरी मांग नहीं होने पर ससुरालजनों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर व जान से मारने की धमकी देकर घर से निकालने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं पीड़िता ने शिकायत में आरोप लगाया है कि देवर ने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। कैंप थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर ससुराल पक्ष के पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस जांच अधिकारी नियाज मोहम्मद के अनुसार एक पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी शादी वर्ष 24 नवम्बर वर्ष 2017 में एक युवक के साथ हुई थी। शादी में पीड़िता के मायके पक्ष ने यथा संभव दान-दहेज भी दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष के लोग उस दहेज से संतुष्ट नहीं हुए और शादी के बाद से ही दो लाख रुपये नकद व एक कार लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे। दहेज लाने में असमर्थता जताने पर पीड़िता के साथ पति, देवर, जेठ, सास व ससुर द्वारा मारपीट की जाती व घर से निकाल जान से मारने की धमकी दी जाती थी। पीड़िता का आरोप है कि देवर उसके उपर गलत नजर रखता व नहाते तथा कपड़े बदलते हुए उसे देखता।

## पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ किया मामला दर्ज

गत 26 नवम्बर वर्ष 2019 को पीड़ित घर पर अकेली थी उसी दौरान देवर कमरे के अंदर आया और उसके कपड़े फाड़कर जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता ने जब देवर का विरोध किया मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। सात मार्च 2020 को पति, सास, ससुर, देवर व जेठ ने मारपीट कर व जान से मारने की धमकी देकर पीड़िता को निकाल दिया।

# बांध कॉलोनी के पेयजल संकट का होगा समाधान

## 200 घरों के करीब 800 लोगों के सामने छाया हुआ है पेयजल भारी संकट

**सोहना।** जनस्वास्थ्य विभाग ने बिजली निगम अधिकारियों को पत्र लिखकर बांध कॉलोनी में वाटर कनेक्शन को शहरी लाइन से जोड़ने की मांग की है। खराब बिजली सप्लाई के कारण कॉलोनी के 200 घरों में रहने वाले करीब 800 लोगों के समक्ष पेयजल संकट छाया हुआ है।

शहर की बांध कॉलोनी में रहने वाले करीब 200 परिवार के 800 लोग पिछले दो माह से खराब पेयजल सप्लाई संकट से परेशान है। जिसको लेकर कॉलोनी के निवासी जनस्वास्थ्य विभाग अधिकारी कार्यालय, पार्षद के निवास और सोहना विधायक संजय सिंह से भी मिलकर समस्या रखी थी। विधायक संजय सिंह ने जनस्वास्थ्य विभाग अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने के निर्देश जारी किए थे।

## निगम को लिखा पत्र

**जानकारी** के अनुसार जनस्वास्थ्य विभाग ने बांध कॉलोनी में छाया पेयजल संकट से निपटने के लिए बिजली निगम के एसडीओ को पत्र लिखा है। पत्र में बांध कॉलोनी में पेयजल सप्लाई देने वाले ट्यूबवैल का कनेक्शन ग्रामीण क्षेत्र के फीडर से है। जिस पर मात्र 4 से 6 घंटा बिजली सप्लाई दी जाती है। उसे शहरी लाइन से जोड़ने की मांग की है।

## ये कहते हैं अधिकारी

**जनस्वास्थ्य** विभाग के एसडीओ ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि एक या दो दिन मे बांध कॉलोनी के निवासियों को सही समय पर पानी की सप्लाई दी जाएगी। बिजली सप्लाई के कारण ग्रामीणों को समय पर पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही थी।

# चोरों ने अलग-अलग जगह चार वारदातों को दिया अंजाम

**पलवल।** चोरों ने अलग-अलग थाना क्षेत्र के अंतर्गत चार वारदातों को अंजाम दिया। चोर एक बाइक, एक आयशर कैंटर, बिजली विभाग के जेई के कार्यालय से अन्य सामान व अदालत परिसर के मालखाने से एक बैग को चोरी कर ले गए।

पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान के अनुसार हैड कांस्टेबल गुरमुख ने कैंप थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि वर्ष 2016 में सदर थाने में दर्ज एफआईर नंबर-173 का माल मुकदमा का एक काला बैग दाखिल माल करवाया गया था। बैग में मोबाइल फोन, सीडी, अंगूठी व एक हजार रुपये थे। गत 15 फरवरी वर्ष 2021 को मालखाने से किसी अन्य व्यक्ति ने बैग को चोरी कर लिया। इसी प्रकार बिजली विभाग के एसडीओ ने शिकायत दर्ज कराई है कि कैंप कालोनी स्थित जेई जसवीर के कार्यालय व स्टोर से चोर एक अप्रैल की रात को 45 हजार 160 रुपये के सामान चुरा ले गए।

# वाटर हेल्थ सेंटर से सस्ते रेट में मिलेगा शुद्ध पानी

## देवीलाल नगर में शुरू हुआ वाटर हेल्थ सेंटर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मेयर** मधु आजाद ने शनिवार को वार्ड-14 के देवीलाल नगर स्थित अंबेडकर पार्क में सामुदायिक जल प्रणाली अर्थात् कम्युनिटी वाटर हेल्थ सेंटर का उद्घाटन किया। इससे नागरिकों को सस्ती दरों पर शुद्ध पानी उपलब्ध करवाया जाएगा।

इस मौके पर मेयर मधु आजाद ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। स्वस्थ शरीर के लिए शुद्ध जल का होना बहुत ही जरूरी है। बहुत सी बीमारियां केवल अशुद्ध पानी के कारण ही होती है। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा जलधारा फाउंडेशन के सहयोग के गुरुग्राम के नागरिकों को सस्ती दारों पर शुद्ध पीने योग्य पानी उपलब्ध करवाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को देवीलाल नगर में सामुदायिक जल शोधन संयंत्र का उद्घाटन किया गया है। गुरुग्राम में यह चौथा वाटर हेल्थ सेंटर स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के वाटर हेल्थ सेंटरों की स्थापना पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से की जा रही है, जिसमें भूमि, जल स्त्रोत और बिजली कनेक्शन नगर निगम गुरुग्राम द्वारा उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। वाटर हेल्थ इंडिया व जलधारा फाउंडेशन द्वारा अगले 2-3 वर्षों में गुरुग्राम में विभिन्न स्थानों पर 75 वाटर हेल्थ सेंटर स्थापित करने के लिए नगर निगम निगम गुरुग्राम के साथ करार किया है। इस प्रकार के सेंटरों में पानी को 6 चरणों में शुद्धिकरण प्रक्रिया से गुजारा जाता है, जिसमें पारंपरिक निस्पंदन, झिल्ली आधारित शुद्धिकरण, अल्ट्रावायलेट कीटाणुशोधन के विभिन्न चरण शामिल हैं। पानी की गुणवत्ता डब्ल्यूएचओ और आईएसआई मानकों पर खरी उतरना भी सुनिश्चित किया जाता है। जलधारा मिशन के तहत वर्ष 2022 तक 2000 समुदायों को स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मौके पर निगम पार्षद संजय प्रधान, नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त प्रदीप अहलावत, पूर्व पार्षद गजेसिंह कबलाना सहित वार्ड-14 के कई गणमान्य व्यक्ति एवं जलधारा फाउंडेशन और वाटर हेल्थ इंडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



गुरुग्राम के देवीलाल नगर में वाटर हेल्थ सेंटर में वाटर हेल्थ सेंटर का उद्घाटन करती मेयर मधु आजाद।

# देशी, विदेशी सभी को लगाई जा रही कोरोना वैक्सीन: पवन यादव

## मानेसर स्थित आईएमटी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन कार्यालय में लगा है शिविर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आईएमटी** इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की ओर से कार्यालय में लगाए गए शिविर में कोरोना की वैक्सीनेशन का कार्यों जोरों पर है। वहां देशी-विदेशी लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है। एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन यादव का कहना है कि भारत में बनी हुई कॉरोना वैक्सीन पर विदेशियों का विदेश में तो भरोसा है ही, साथ ही उन्हें भारत में वैक्सीनेशन लेने में भी पूरा भरोसा है।

पवन यादव के मुताबिक आईएमटी इंडस्ट्री एसोसिएशन के कार्यालय परिसर में विश्व स्वास्थ्य दिवस से ही कोरोना वैक्सीनेशन कैंप चला रहा है। यह हमारे लिए बहुत सुखद अहसास है कि हम लोगों की सेवा कर पा रहे हैं। इस भयावह बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीनेशन कैंप में सरकार का हाथ बंटा रहे हैं। यहां पर उद्योगपति, कर्मचारी व विदेशी कर्मचारी भी वैक्सीनेशन ले रहे हैं। वहां पर हर दिन लगभग 200 से अधिक लोगों को वैक्सीनेशन की सेवाएं दी जा रही हैं। यहां पर औद्योगिक क्षेत्र के सभी लोग व उनके परिवार के लोग वैक्सीन ले रहे हैं। इसका औद्योगिक क्षेत्र को काफी लाभ हो रहा है आने वाले समय में जल्दी ही औद्योगिक क्षेत्र कोरोना वायरस फ्री हो जाएगा। सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने उद्घाटन अवसर पर 50 हजार लोगों को वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखा था। इसलिए वहां जोरों पर वैक्सीन लगाई जा रही है। यूपीएचसी मानेसर के डॉक्टर प्रवीण चौधरी ने बताया मानेसर एरिया में कई कैंप चल रहे हैं, लेकिन मानेसर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा चलाया गया कैंप सबसे अनुशासित कैंप है।



गुरुग्राम के मानेसर स्थित आईएमटी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन कार्यालय में लगाए गए शिविर में वैक्सीन लगवाती विदेशी महिला।

# धोखाधड़ी के अलग-अलग मामलों में पांच आरोपी नामजद

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**अलग-अलग** थाना क्षेत्र के अंतर्गत धोखाधड़ी करने के तीन मामले प्रकाश में आए हैं। एक मामले में आरोपियों द्वारा पीड़ित को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने शिकायतों पर दो मामलों में पांच नामजद व तीसरे मामले अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान के अनुसार न्यू कालोनी निवासी केशव देव ने कैंप थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि उसने जवाहर नगर निवासी चंद्र शेखर कुकरेजा व उसकी पत्नी निशा कुकरेजा के 505 वर्ग गज का प्लाट का सौदा 2 करोड 51 लाख रुपये में तय किया था। प्लाट का कवर्ड एरिया 900 वर्गफुट है। जिसमे एक मंजिला मकान बना हुआ है और बाकी प्लाट खाली है। पीड़ित ने इकरारनामा कराने के बाद 52 लाख रुपये 9 मई वर्ष 2018 को चंद्र शेखर व उसकी पत्नी निशा को दे दिए। जिसके बाद चंद्र शेखर व उसकी पत्नी ने अपनी नीयत में खोट आने के कारण उस प्लाट की रजिस्ट्री पीड़ित के नाम नहीं कराई और न ही रुपये वापस दिए।

इसी प्रकार गांव दीघौंट निवासी ब्रहम दत्त ने सदर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि 9 अप्रैल को उसने अपनी छह एकड़ फसल का रजिस्ट्रेशन कराना चाहा तो पता चला कि गांव निवासी रमेश ने फसल का रजिस्ट्रेशन करा दिया व फसल को चोरी किया है। इसमें रमेश के साथ गांव निवासी अजय सिंह भी शामिल है।

पीड़ित द्वारा विरोध करने पर अजय का भाई रणवीर सिंह पीड़ित व उसके पट्टेदारों को जान से मारने की धमकी देता है। इसी प्रकार गांव सुजवाड़ी निवासी कृष्ण ने कैंप थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि उसने तीन अप्रैल को रेलवे रोड़ स्थित एचडीएफसी बैंक की एटीएम मशीन से अपनी मां के एटीएम कार्ड द्वारा एक हजार रुपये निकाले। उसी दौरान दो युवक एटीएम बुथ के अंदर आए और कहा कि कैंसिल का ऑप्शन नहीं आया है और पीड़ित का एटीएम कार्ड बदल लिया। जिसके बाद पीड़ित ने कार्ड को चैक किया तो पता चला कि कार्ड बदल गया है। 32 हजार रुपये निकल चुके है। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सरकार ने गेहूं तो खरीदा पर नहीं किया भुगतान

**फर्रूखनगर।** अनाज मंडी फर्रूखनगर में सरकार की हिदायतों के अनुसार कोरोना के बचाव के साथ गेंहू की सरकारी खरीद का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। एक से नौ अप्रैल तक सरकारी खरीद एजेंसी हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन द्वारा करीब 77035 क्विंटल गेंहू खरीद का कार्य किया जा चुका है। लेकिन अभी किसी भी किसान के खाते में खरीदे गए गेंहू का भुगतान नहीं हो पाया है। जिससे किसानों में मायूसी है।

सरकार कहती है कि 72 घंटे में भुगतान हो जाएगा। यहां एक से पांच अप्रैल तक जिन किसानों के गेंहू एजेंसी द्वारा खरीदा गया है उनका भी भुगतान नहीं हो पाया है। जबकि बीते वर्ष कोरोना के चलते फर्रूखनगर में किसानों की सुविधा के लिए पांच खरीद सेंटर बनाये गए थे। लेकिन इस वर्ष केवल फर्रूखनगर अनाज मंडी में ही खरीद का कार्य किया जा रहा है। पिछले 10 दिनों की खरीद के कारण मंडी में भारी मात्रा में गेंहू की अराईवल दर्ज की जा रही है। जिसके चलते मंडी में अनाज उतारने की जगह भी नहीं बची है। मंडी के बाहर बनाया गया फड़ भी पूरा भर गया है। मंडी की हालत यह है कि चारों तरफ अनाज के पहाड़ दिखाई देने लगे हैं।

# हरियाणा के एडिड स्कूलों के साथ सरकार का सौतेला व्यवहार

## गुड़गांव में जनवरी फरवरी और मार्च से नहीं मिली है पेंशन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुर्ब्रह्मा** गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरा, गुरुर्साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नम:। यह बात केवल सुनने में अच्छी लगती है, लेकिन सच्ची तब होगी जब गुरुओं के साथ न्याय होगा। सारी उम्र वह अपने विद्यार्थियों को ऊंचाइयों पर ले जाते हैं और सेवानिवृत्त होने के बाद उनको अपने मान-सम्मान की लड़ाई के लिए कोर्ट तक जाना पड़ता है। जिसका उदाहरण गुड़गांव में देखा जा सकता है। सेवानिवृत शिक्षक को पिछले तीन महीने से पेंशन नहीं मिली है। जनवरी से लेकर मार्च की पेंशन लेप्स हो गई है।

गुड़गांव के अध्यापक संघ के पूर्व अध्यक्ष व सुप्रसिद्ध शिक्षाविद रामनिवास शर्मा मुख्याध्यापक एमएलए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाटोली हेलीमंडी 30 अप्रैल 2009 सेवानिवृत्त हुए थे। हाईकोर्ट में लगभग 10 साल केस चला, लेकिन आज तक भी विभाग ने उनकी सही तरीके से पेंशन लागू नहीं की है। जबकि वह कोर्ट से भी जीत चुके हैं। वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को भी 16 दिसंबर 2019 को पत्र व्यवहार के माध्यम से सूचना दे चुके हैं। छठे वेतन आयोग के पेंशनर्स के लिए 1 जनवरी 2006 की बजाय 1 अगस्त 2011 से लागू किया गया। एसीपी देकर वापस ले लिया। अब यह मामला उच्च न्यायालय पंजाब व हरियाणा में विचाराधीन है। मुख्य अध्यापकों को 6500-10500 की बजाय 7500-12000 का संसोधित वेतनमान दिया गया। जो कि सरकारी स्कूलों में 1 जनवरी 1996 दे दिया गया। मगर एडिड स्कूलों का अभी तक लंबित है। उसे तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए। समान वेतन की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

पीड़ित सेवानिवृत शिक्षकों की मांग है कि अधिकारी की जवाबदेही तय होनी चाहिए। लीव एनकैशमेंट भी नहीं होता। छठे वेतन आयोग में डीए जहां 164 प्रतिशत की घोषणा मुख्यमंत्री ने कर दी है। विभाग ने उसके आदेश भी जारी कर दिए हैं। गुड़गांव विकास मंच के प्रवक्ता व शिक्षाविद अजय शर्मा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, गृह मंत्री अनिल विज, शिक्षा मंत्री कंवरपाल सिंह गुर्जर, निदेशक शिक्षा विभाग हरियाणा व जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लें।

Good Morning!

# मेवात पायनियर पलवल



# लदान ठेकेदार के भेजे कर्मचारियों ने मांगे पांच रुपये प्रति कट्टा

### हरियाणा वेयर हाउस के ठेकेदार पर आढ़तियों ने लगाया रिश्वत मांगने का आरोप

### पुन्हाना मंडी में हुई केवल 25 प्रतिशत गेंहू की लिफ्टिंग बाकी 75 फीसद पड़ा है

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**प्रदेश** सरकार जीरो टोलरेंस नीति के चाहे लाख दावे करे, लेकिन विभाग में बैठे कुछ अधिकारी व ठेकेदार सरकार के इन दावों को जमकर पलीता लगा रहे हैं। ताजा मामला नूंह जिले की सबसे अनाज मंडी पुन्हाना से सामने आया है। जहां मंडी के प्रधान व आढ़तियों ने हरियाणा वेयरहाउस के ठेकेदार पर आरोप लगाया है कि लदान के नाम पर पांच रुपये प्रति कट्टा रिश्वत देने की मांग की है। आपको बता दे की गेहूं की भारी आवक के चलते अनाज मंडी के सभी रास्ते बंद हो गए। मंडी में गेहूं की भारी आवक के चलते जगह नहीं होने के कारण किसानों के साथ आढ़तियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



अनाज मंडी पुन्हाना में वारदाने की कमी होने की वजह से खुले आसमान के नीचे पड़ा गेहूं।

हर रोज मंडी में करीब 35 सौ मीट्रिक टन गेहूं पहुंच रहा है। मजदूर हर रोज जितने गेहूं का उठान करते हैं, उससे ज्यादा बिक्री के लिए मंडी में पहुंच जाता है। इससे मंडी में गेहूं के कट्टों के चट्टे लगाए हुए हैं। जिले में पुन्हाना अनाज मंडी में सबसे अधिक करीब 26956 मीट्रिक टन गेहूं खरीद हो चुकी है, जिसमें एफसीआई द्वारा लगभग 5726 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस द्वारा लगभग 21230 गेहूं खरीदा गया है। लेकिन पुन्हाना अनाज मंडी से अभी सिर्फ 6750 मैट्रिक टन, यानी केवल 25 प्रतिशत गेंहू की लिफ्टिंग हुई है बाकी 75 प्रतिशत गेंहू अनाज मंडी पुन्हाना में पड़ा हुआ है। जिसके कारण मंडी में पैर रखने को भी जगह नहीं है।

मंडी के प्रधान संजीव कुमार, आढ़ती दीपक, कन्हैया, अनवर सिराजु व अन्य आढ़तियों ने बताया की हरियाणा वेयरहाउस की गाड़ियां कम होने की वजह से गेंहू की लिफ्टिंग जल्दी नहीं हो पा रही है। जिसके कारण मंडी में चारों तरफ गेंहू कि ढेरियां लगी हुई हैं। रास्ते भी बंद हो गए हैं। जिसके कारण आढ़ती व किसान बेहद परेशान हैं। उन्होंने बताया की हरियाणा वेयरहाउस के ठेकेदार द्वारा भेजे गए कर्मचारियों ने आढ़तियों से पांच रुपये प्रति कट्टे के हिसाब से देने पर अनाज उठाने की बात कहीं।

जगह की समस्या को देखते हुए मजबूर होकर उन्हें पांच रुपये प्रति बैग देकर गेंहू को उठवाया गया। उन्होंने बताया की मंडी में सबसे बड़ी समस्या है जो ठेकेदार गेंहू उठाने के लिए रिश्वत मांगता है आढ़ती इतना खुद नहीं कमा पता तो उन्हें कहां से देगा। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है की इस ठेकेदार का ठेका रद् करें। जिससे हमें मंडी से अनाज उठवाने में किसी भी तरह की कोई समस्या न हो।

### रिश्वत मांगी है तो सबूत पेश करें: ठेकेदार

**वेयरहाउस** के ठेकेदार महेन्द्रपाल गोयल का कहना है कि उनपर लगे आरोप निराधार है, जबकि लिफ्टिंग के कार्य को तेजी से किया जा रहा है। अगर उनके कर्मचारियों द्वारा पैसे मांगे गए तो आढ़ती सबूत पेश करे।

# ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से टकराई पिकअप, दो की मौत

### केएमपी हाईवे पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**उपमंडल** की सीमा से गुजर रहे केएमपी सड़क मार्ग पर ट्रक-पिकअप की भिड़ंत में शनिवार को दो लोगों की मौत होने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू क र दी है।

राघवेंद्र सिंह निवासी गांव सेवड़ी थाना एका जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश ने बताया कि 10 अप्रैल की सुबह वह अपनी पिकअप गाड़ी में अपने भाई कौशलेंद्र सिंह के साथ छोटेलाल निवासी शाहपुर थाना अमापुर जिला कासगंज उत्तर प्रदेश के टमाटरों को भरकर केएमपी सड़क मार्ग से दिल्ली बेचने के लिए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि पिकअप गाड़ी को उनका बड़ा भाई कौशलेंद्र सिंह चला रहा था। कंडक्टर साइड में छोटेलाल बैठा हुआ था। वह स्वयं टमाटरों के ऊपर पिकअप गाड़ी में पीछे बैठा हुआ था। उन्होंने बताया कि केएमपी मार्ग पर रात करीब 3:15 बजे जब वह तावडू के धुलावट की सीमा में पहुंचे तो उनके सामने एक ट्रक बड़ी तेज गति और लापरवाही से आगे आगे चल रहा था। उन्होंने ट्रक से साइड लेने की कोशिश की तो ट्रक चालक ने सड़क पर ही अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे उनकी पिकअप गाड़ी अनियंत्रित हो गई और ट्रक में पीछे से जा घुसी। पिकअप के ट्रक में भिड़ने के दौरान वह उछलकर दूर सड़क किनारे कच्चे रास्ते में जा गिरा। वहीं इस हादसे में उनका भाई कौशलेंद्र सिंह व छोटेलाल की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस बुलाकर मृतकों के शवों को सरकारी अस्पताल नूंह में पहुंचाया गया। हादसे की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई में जुट गई।

जांच अधिकारी एएसआई मोहन सिंह ने बताया कि पुलिस ने राघवेंद्र सिंह के बयान पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। ट्रक को कब्जे में लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### दूसरी बार जजपा नूंह हलका अध्यक्ष बने आस मोहमद सालाहेड़ी



**मेवात।** जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर अजय सिंह चौटाला के पिछले दो दशकों से सच्चे एवं वफादार सिपाही रहे आस मोहम्मद सलाहेड़ी को पार्टी ने दोबारा हल्का अध्यक्ष नूंह की कमान सौंपी है। आस मोहम्मद को यह जिम्मेवारी मिलने से उनके समर्थकों मे भारी खुशी देखने को मिल रही है। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर इस खुशी का इजहार किया है, तो नवनियुक्त हल्का अध्यक्ष आस मोहम्मद ने अपने राजनैतिक गुरु डॉक्टर अजय सिंह चौटाला को मिठाई खिलाकर उनका आभार जताया है। आपको बता दें कि आस मोहम्मद सालाहेड़ी पिछले करीब 20 सालों से डॉक्टर अजय सिंह चौटाला के साथ जुड़े हुए हैं। इससे पहले उनको यूथ का जिला अध्यक्ष तथा तीन बार युवा प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी मिली है। जिसे आस मोहम्मद सालाहेड़ी ने बखूबी वफादारी के साथ निभाया है। उनकी इसी लगन व मेहनत को देखते हुए डॉक्टर अजय सिंह चौटाला एवं उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला तथा दिग्विजय सिंह चौटाला ने उन पर फिर से भरोसा जताते हुए हलका अध्यक्ष नूंह की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है। इससे पहले पार्टी के गठन पर भी आस मोहम्मद के कंधों पर ही हल्का अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### घटतौली में उजीना गैस एजेंसी मालिक पर हुई एफआईआर

**मेवात।** नूंह खंड के उजीना गांव में स्थित इंडेन गैस एजेंसी के संचालक एवं कर्मचारी पर निर्धारित मात्रा से कम वजन का सिलेंडर देने का आरोप है। शिकायतकर्ता ने इस मामले की एक वीडियो भी पुलिस विभाग एवं खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक विभाग को दी है। सदर थाना नूंह में एजेंसी संचालक एवं उसके कर्मचारी के खिलाफ पुलिस ने एलपीजी सिलेंडर में घटतौली करने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। आमिर खान पुत्र ताहिर निवासी कैराका ने एक शिकायत सीएम विंडो में लगाई। उसी शिकायत के आधार पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग नूंह ने कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग नूंह को लिखा। शिकायतकर्ता ने सबूतों के साथ इस मामले की शिकायत अधिकारियों से की। जिसके कारण गैस एजेंसी संचालक एवं अन्य के खिलाफ पुलिस विभाग को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा। पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया है की आमिर खान जब गैस एजेंसी के गोदाम में अंदर गया तो उसे हामिद नाम का कर्मचारी सिलेंडर से गैस निकालता हुआ मिला। कुल मिलाकर शिकायतकर्ता ने गैस एजेंसी के गड़बड़झाले को उजागर करने के लिए संबंधित विभागों को वीडियो भी उपलब्ध कराई है। जब इस बारे में सदर थाना एसएचओ सतीश कुमार से बातचीत की गई तो उन्होंने जांच का हवाला देते हुए कहा की इस बारे में मीडिया को जानकारी देना जरूरी नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उसके बाद ही कोई कार्रवाई की जाएगी।

### तावडू जजपा हलका अध्यक्ष बने अख्तर अली खोरी

**तावडू।** जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ अजय सिंह चौटाला के पिछले दो दशकों से सच्चे एवं वफादार सिपाही रहे अख्तर अली खोरी को पार्टी ने सोहना तावडू विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तावडू हल्का अध्यक्ष की कमान सौंपी है। अख्तर अली को यह जिम्मेवारी मिलने से उनके समर्थकों व कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर इस खुशी का इजहार किया है। नवनियुक्त हलका अध्यक्ष अख्तर अली ने अपने जजपा के हाईकमान का आभार जताया है आपको बता दें कि अख्तर अली का परिवार पिछले करीब 20 सालों से डॉक्टर अजय सिंह चौटाला के साथ जुड़े हुए हैं। इससे पहले उनको जजपा जिला उप प्रधान की जिम्मेवारी सौंपी हुई थी।

### सिंगार गांव कंटेनमेन्ट जोन घोषित : उपमंडलाधीश

**पुन्हाना।** उपमंडलाधीश रणवीर सिंह ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए जिले के पुन्हाना खंड के गांव सिंगार को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नायब तहसीलदार पुन्हाना को ड्यूटी मजिस्ट्रेट का कार्य देखेंगे तथा समय समय पर सरकार व जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों की पालना करवाना सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कन्टेनमेंट जोन में मेडिकल प्रोटोकॉल के तहत कोरोना वायरस की चैन को तोडने के लिए सभी उपायों को अमल में लाने के आदेश दिए गए हैं।

### नगीना पुलिस के लिए बनी कॉलोनी पांच साल से जर्जर

**फिरोजपुर झिरका।** नगीना पुलिस थाना कर्मियों के लिए बनाए गई पुलिस विभाग की आवसीय कॉलोनी पिछले पांच सालों से खण्डहर के रूप में थाना परिसर में खड़ी है। जो किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है। पुलिस विभाग के उच्चाधिकारी भी पुलिस कर्मियों पर कार्य का बोझ डालने तो माहिर है, लेकिन दिनरात काम के बोझ से मानसिक दबाव झेल रहे पुलिसकर्मियों के आवास व विश्राम के लिए किसी का ध्यान नहीं है। जिले के थानों में जनसंख्या के अनुपात में पुलिस कर्मियों की भारी कमी के चलते पुलिस कर्मी दिन-रात मानसिक दबाव में ड्यूटी को अंजाम देने को विवश हो रहे हैं। जनता से सीधे जुड़े पुलिस कर्मियों को मानसिक दबाव के कारण शासन, प्रशासन, राजनेता और जनता सभी का दबाव सहन करना पड़ता है। इसके अलावा पुलिसकर्मियों के कंधों पर अपने परिवार की जिम्मेदारी का बोझ भी होता है। दिनरात बिना अवकाश के निर्बाध रूप से काम करने वाले पुलिसकर्मियों के उत्थान व काम के बोझ कम करने के शासन द्वारा दावे तो हमेशा किये जाते हैं लेकिन धरातल पर पुलिस थानों में तैनात पुलिसकर्मियों की हालात कुछ और ही है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण नगीना थाना परिसर में पुलिसकर्मियों के लिए बनाई गई पिछले पांच सालों से जर्जर हालत में खड़ी आवसीय कालोनी है।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Jyoti Gera W/o Janakraj Gera R/o 2H-24, NIT-2, Faridabad, Haryana-121001 declare that Jyoti Gera & Bimla Devi both names are same & one person i.e myself. My Correct name is Jyoti Gera.

I, Raj Kumar S/o Sant Ram R/o HNo. 2L-64 BP, Ward-11, NH.2 Faridabad Haryana-121001 declare that Raj Kumar & Tilak Raj both names are same & one person i.e myself. My Correct Name is Raj Kumar.

I, Shyam Sunder Ahuja S/o Govind Ram R/o HNo. 2F-7 BP, Ward-11, NH-2 Faridabad, Haryana-121001 declare that Shyam Sunder Ahuja & Shyam Sunder both names are same & one person i.e myself. My Correct Name is Shyam Sunder Ahuja.

I, Keemat Lal Jhamb S/o Sunder Lal Jhamb R/o HNo. 2F-7, Ward-11 NH.2 Faridabad, Haryana-121001 declare that Keemat Lal Jhamb & Keemat Lal both names are same & one person i.e myself. My Correct name is Keemat Lal Jhamb.

I, Beena Kumari W/o Faqir Chand R/o HNo. 438, Mohla Jawahar Colony Ward No. 5 Faridabad, Haryana -121005 declare that Beena Kumari & Veena Kumari both names are same & one person i.e myself. My Correct Name is Beena Kumari.

मैं, इमरती पत्नी भगवान निवासी वार्ड नंबर 9 तावडू हूँ। मेरी एलआईसी पॉलिसी में मेरा नाम गुड्डी दर्ज है। आधार कार्ड में मेरा नाम इमरती है। मुझे दोनों नामों से जाना जाता है।

◆ बेदखली सूचना ◆

मैं, अशोक कुमार पुत्र श्री बिन्दा सिंह निवासी मकान न. डी-462, डबुआ कालोनी, एनआईटी फरीदाबाद ने अपनी सगी पुत्री संध्या को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा, मेरे व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**

ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )

9050976800
9416103259

ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

# जजपा ने समसुद्दीन गूमल को दूसरी बार बनाया झिरका अध्यक्ष



नवनियुक्त हल्का अध्यक्ष समसुद्दीन गूमल की पगड़ी पहना कर स्वागत करते कार्यकर्ता।

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**जजपा** द्वारा समसुदीन गूमल को दूसरी बार फिरोजपुर झिरका हल्का के प्रधान की जिम्मेदारी देने पर शनिवार को उनके कार्यालय पर पूरे दिन जजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई देने वालों का तांता लगा रहा, नवनियुक्त हल्का अध्यक्ष समसुद्दीन गूमल ने इस जिम्मेदारी को देने के लिए जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला, पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एंव विधायक नैना चौटाला, दिग्विजयसिंह सिंह चौटाला, सरदार निशान सिंह, अल्पसंख्यक प्रदेश नेता मोहसीन चौधरी तथा समस्त जजपा के बड़े छोटे नेताओं का धन्यवाद किया।

शनिवार को दिल्ली-अलवर रोड पर उनके पार्टी कार्यालय पर जजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एंव नवनियुक्त हल्का प्रधान समसुद्दीन गूमल को बधाई देने वालों भीड़ लगी रही, समसुद्दीन गूमल ने जजपा कार्यकर्ताओं को अपने पद को समर्पित करते हुए कहा कि में जजपा के सभी वरिष्ठ एवं युवा नेता दिग्विजय सिंह चौटाला, माता नैना चौटाला को धन्यवाद देता हूं। हलका अध्यक्ष में नहीं हूं बल्कि फिरोजपुर झिरका विधानसभा का हर जजपा कार्यकर्ता हल्का अध्यक्ष है। उन्होंने कहा कि पिछले काफी समय से हल्का प्रधान बनाने को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच गम्भीर मंथन चल रहा था। समसुदीन गूमल ने कहा कि पार्टी ने जिस वफादारी व ईमानदारी के लिए मुझे जिम्मेदारी सौंपी है। उस पर मेरे सहित हर कार्यकर्ता को खरा उतर कर हर गांव में पार्टी की मजबूत फौज खड़ी करनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह सुबह शाम ग्रामीणों के बीच जाए और उनकी समस्याओं को सुने तथा उनका निराकरण कराए,जिला प्रशासन से सम्बंधित बिजली, पानी या अन्य कोई समस्या हो तो तुरंत उनके संज्ञान में लाए ताकि उनका समाधान कराया जा सके।

समसुदीन गूमल ने कहा कि आगे रमजान के पवित्र महीना शुरू होने वाला है इसलिये पार्टी की ओर से जिला प्रशासन से मांग की जाती है कि वह रमजान के पवित्र महीने में बिजली, पीने के पानी का व्यापक प्रबन्ध करें, ताकि किसी भी गांव में किसी को परेशानी न हो। इस अवसर पर पार्टी बड़ी तादाद में जजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# केएमपी रेवासन से किसानों को किया गिरफ्तार

### आफताब विधायक भी सड़क पर किसानों के साथ बैठे, रिहा होते ही फिर लगाया जाम

रिजवान कासिम। मेवात

**कुंडली**-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर रेवासन गांव के समीप टोल प्लाजा को रोकने की कोशिश कर रहे करीब 22 किसानों को रोजकमेव पुलिस ने हिरासत में ले लिया। थाने से छूटते ही किसानों को स्थानीय विधायक का साथ मिला तो फिर से दोपहर बाद करीब चार बजे केएमपी को जाम कर दरी डालकर सड़क पर बैठ गए। सुबह करीब 11 बजे भारी पुलिस बल किसानों को एक बस में बैठा कर ले गया।



किसान नेता रमजान चौधरी एडवोकेट, रशीद अहमद एडवोकेट, मौलाना रफीक आजाद सहित दर्जनों किसान नेताओं ने टोल प्लाजा को रोकने की कोशिश की, लेकिन पहले से ही तैनात भारी पुलिस बल ने उनके मंसूबों पर पानी फेरते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया। जब इस बारे में रोजका मेव थाना प्रभारी मलखान सिंह से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि किसानों को केएमपी से हटाने के लिए बस में सवार करके समझाने के लिए ले जाया गया। अभी किसी किसान की गिरफ्तारी नहीं की गई है। कुल मिलाकर केएमपी से किसानों को हटाने तथा बस में बैठाने के लिए पुलिसकर्मियों को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

आपको बता दें कि भारतीय किसान यूनियन के नेता सुबह करीब 11 बजेकुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे स्थित रेवासन टोल प्लाजा पर पहुंच गए थे, जहां उन्होंने धरना-प्रदर्शन एवं नारेबाजी शुरू कर दी थी। पुलिस ने पहले ही पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की हुई थी। जिसकी वजह से किसानों को हिरासत में लेकर रोजका मेव थाना ले जाया गया, लेकिन किसी तरह की कोई कानूनी कार्रवाई किसान नेताओं के खिलाफ नहीं की गई।

कई घंटे बाद किसान नेताओं को जैसे ही पुलिस ने छोड़ा तो सभी नेता स्थानीय विधायक आफताब अहमद के साथ धरना स्थल पर बैठ गए बैठ गए। कई घंटे तक किसान नेता विधायक के साथ धरना स्थल पर डटे रहे। शाम होते ही किसान नेता वहां से अपने घर रवाना हो गए, लेकिन किसान नेताओं ने पुलिस को कई घंटे तक रेवासन टोल नाके पर खूब छकाया।


# फर्जी रजिस्ट्री मामला: पुलिस ने मुख्य आरोपी किया गिरफ्तार

### कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**शहर** पुलिस ने मार्च माह में दर्ज हुए फर्जी रजिस्ट्री के मामले में मुख्य आरोपी मोहम्मद खुशहाल निवासी खेड़ला नूंह को गिरफ्तार कर लिया है। जांच अधिकारी एएसआई भंवरलाल ने बताया कि शुक्रवार को उन्हें सूचना मिली की तावडू शहर थाना में पांच मार्च को दर्ज हुए मुकदमा नंबर 32 का आरोपी मोहम्मद खुशहाल निवासी खेड़ला नूंह के गांधी पार्क में खड़ा हुआ है। यदि मौके पर दबिश दी जाए आरोपी को काबू किया जा सकता है। इस मामले को दैनिक समाचार पत्र पायनियर ने सात मार्च के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

सूचना के मुताबिक पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को दबोच लिया। जिसने पूछताछ में अपनी पहचान खुशहाल निवासी खेडला बताई। उन्होंने बताया कि आरोपी को शनिवार को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में बाकी अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आपको बता दें कि तावडू तहसील में धोखाधड़ी कर फर्जी रजिस्ट्री करवाकर रुपये ऐंठने का मामला सामने आया था। जिसमें पुलिस ने साकिर निवासी डालवास की शिकायत पर छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। शाकिर के मुताबिक वह फरीदाबाद के एक व्यापारी के लिए जमीन खरीद फरोख्त का काम करता है। जनवरी माह में मुख्य आरोपी सहित कई लोग उनके संपर्क में आए। जिन्होंने मौज रहाडी में 17 कनाल 6 मरला भूमिका उनसे सौदा तय किया था। शाकिर ने आरोप लगाते हुए बताया था कि आरोपियों ने साजबाज होकर उन्हें गुमराह करके विश्वास में ले लिया। 15 फरवरी को उनसे 43 लाख 30 हजार 700 रुपये का चेक ले लिया। जिसमें मुख्य आरोपी खुशहाल की मां खातूनी को भूमि मालिक की जगह पेश कर धोखाधड़ी से रजिस्ट्री करवा ली थी। इस मामले को लेकर उन्होंने तावडू शहर थाना में शिकायत दी थी। शिकायत के बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके ठिकानों पर दबिश दे रही थी। बीते शुक्रवार को पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस की गिरफ्त में मुख्य आरोपी

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103





**हमें तो सच ही कहना है वो अब मानें नहीं मानें**
**लबों पर झूठे लोगों के सजीं बेशर्म मुस्कानें**
**लबादा ओढ़ कर जो झूठ बस दिन-रात बोले हैं**
**कहाँ से लाते हैं हिम्मत इसे वो लोग ही जानें**

# जजपा की ऐतिहासिक दावत-ए-इफ्तार 23 को: विनेश

मोहम्मद असद। तावडू

### आयोजक ने इफ्तार को यादगार बनाने के लिए सौंपी जिम्मेदारी



**मेवात** जिले के तावडू शहर की नई सब्जी मंडी में आगामी 23 अप्रैल को जननायक जनता पार्टी के नेता उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला रोजेदारों को दावते इफ्तार देने आ रहे हैं।

दावते इफ्तार के आयोजक युवा जजपा नेता विनेश गुर्जर ने इफ्तार को यादगार बनाने के लिए शनिवार को मोहम्मदपुर अहीर मार्ग पर स्थित मालती वाटिका में जजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने की। इसके अलावा बैठक में पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद के अलावा जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंतराम तवर, मेवात जिला अध्यक्ष तैयब हुसैन घासेडिया, गुरुग्राम अध्यक्ष ऋषि राज राणा सहित पार्टी के तमाम बड़े नेताओं, कार्यकर्ताओं ने शिरकत कर क ा य ्क ् म क ी शोभा बढ़ाई। पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि ताऊ देवीलाल परिवार का मेवात से गहरा लगाव रहा है। उन्होंने इस इलाके के लिए हमेशा अच्छे काम किए हैं। आगे भी उनका परिवार तावडू सहित मेवात के विकास को तरजीह देगा। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला दावते इफ्तार पार्टी में मुख्य अतिथि होंगे और इसके अलावा पार्टी के विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री सहित बड़े नेता आगामी 23 अप्रैल को तावडू शहर में जुटेंगे। आयोजक युवा नेता दिनेश गुर्जर ने कहा कि कार्यक्रम में चार चांद लगाने के लिए उनकी तरफ से पूरी कोशिश रहेगी। उन्होंने कहा कि गांव-गांव जाकर वे लोगों को दावते इफ्तार पार्टी में आने का निमंत्रण देंगे। विनेश गुर्जर ने कहा की दावते इफ्तार भाईचारे का संदेश देती है। इसलिए इस पवित्र महीने में उनकी तरफ से दावते इफ्तार दी जा रही है। जिसमें ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाने की हर संभव कोशिश की जाएगी।

पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि दावते इफ्तार पार्टी में कोविड नियमों पूरी तरह से पालन किया जाएगा। मास्क तथा सैनिटाइजर की पूरी व्यवस्था होगी। दावते इफ्तार में लजीज व्यंजन के अलावा तरल पदार्थ रोजेदारों के लिए वितरित किए जाएंगे। इसके साथ-साथ पार्किंग तथा बजू करने के अलावा नमाज पढ़ने के लिए उचित व्यवस्था आयोजक विनेश गुर्जर की तरफ से की जाएगी। कुल मिलाकर रमजान का पवित्र महीना 14 अप्रैल से शुरू हो रहा है। मेवात जिले में दावते इफ्तार पार्टी का सिलसिला चौटाला परिवार ने ही बड़े पैमाने पर शुरू किया था, जो आज तक भी बदस्तूर जारी है। रमजान महीने के दूसरे सप्ताह में ही तावडू शहर में दावते इफ्तार देने का ऐलान कर दिया गया है। इस दावते इफ्तार को यादगार और शानदार बनाने के लिए युवा जजपा नेता प्रदेश उपाध्यक्ष विनेश गुर्जर दिनरात कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इस अवसर पर बदरुद्दीन, नरेश सहरावत, सूबे सिंह बोहरा, इकबाल जैलदार, अख्तर अली हल्का प्रधान, कपिल शौकीन, आस मोहमद सालाहेडी, साबिर सालाहेड़ी, नासिर हुसैन, सवाई सिंह, खालिद सरपंच मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# कारपोरेट प्रशासन में सुधार की आवश्यकता

***नियामकों और नीति-निर्माताओं को भारतीय फर्मों में स्वतंत्र गैर-कार्यकारी निदेशकों को अधिक शक्तियां प्रदान करने के लिए नियम और कानून विकसित करने होंगे।***

**हिमा बिंदू कोटा**
(लेखिका एमिटी विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)





हालांकि ऐसा लग रहा है, वित्तीय घोटाले दुनिया भर में कारपोरेट प्रशासन के बढ़ते महत्व को उजागर करते हैं। भविष्य के घोटालों की पृष्ठभूमि में, शासन के मुद्दों पर ध्यान दिया जाएगा - विशेष रूप से पारदर्शिता और प्रकटीकरण, नियंत्रण और जवाबदेही - और बोर्ड संरचना के सबसे उपयुक्त रूप पर जो इस तरह के घोटालों को रोकने में सक्षम हो सकता है। वैश्विक वित्तीय संकट ने प्रभावी जोखिम-प्रबंधन के एक अनिवार्य तत्व के रूप में एक ध्वनि कारपोरेट प्रशासन प्रणाली की प्रासंगिकता को सामने लाया है। हालांकि एकमात्र कारण नहीं है, शासन की विफलताएं महत्वपूर्ण हैं जहां बोर्ड जोखिम को समझने और प्रबंधित करने में विफल होते हैं। संकट कारपोरेट प्रशासन और जोखिम प्रबंधन के साथ-साथ वित्तीय क्षेत्र में सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व के लिए अधिक प्रभावी दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है; भूमिका जो कॉरपोरेट गवर्नेंस की हो सकती है और जिसे निभाना चाहिए वह भरोसा बहाल करने में है।

कुछ हद तक, कंपनियों को जवाबदेह नहीं रखने के लिए शेयरधारकों की आलोचना की जा सकती है, और यह सच है कि बांडधारकों ने कंपनियों को उत्तोलन के माध्यम से अल्पकालिक रिटर्न रैंप करने के लिए प्रोत्साहित किया है। हालांकि, नियामकों ने अक्सर निर्णायक रूप से इस बात पर प्रतिक्रिया नहीं दी है कि बाजार जोखिम को कम कर रहे हैं, जिससे बैंक बोर्डों को बहुत कम पूंजी, अत्यधिक लाभ, बहुत अधिक तरलता जोखिम और खराब बंधक-उधार प्रथाओं का संचालन करने की अनुमति मिलती है। एक बढ़ती हुई धारणा है कि वैश्विक वित्तीय उथल-पुथल से छूत और फैलने वाले प्रभाव किसी भी देश की आर्थिक उपलब्धियों को कमजोर कर सकते हैं। नतीजतन, कारपोरेट गवर्नेंस और वित्तीय प्रणाली की स्थिरता और सुदृढ़ता के बीच एक बढ़ी हुई सहभागिता होनी चाहिए। इसलिए, कारपोरेट गवर्नेंस प्रथाओं को मजबूत बनाने की आवश्यकता है, विशेष रूप से बोर्ड की क्षमता और जिम्मेदारी को बढ़ाकर। बोर्ड के सदस्यों को अपने कार्यों को पूरा करने के लिए वित्तीय मुद्दों और जोखिम प्रबंधन के बारे में नवीनतम जानकारी होनी चाहिए और जब आवश्यक हो तो प्रशिक्षण आयोजित किया जाना चाहिए। बोर्ड को अपने प्रदर्शन का वार्षिक मूल्यांकन करना चाहिए और शेयरधारकों को रिपोर्ट करना चाहिए। भारत जैसी तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के संदर्भ में कारपोरेट प्रशासन के आसपास के कुछ मुद्दों का पता लगाना उचित है।

बाहर के स्वतंत्र निदेशकों और दृढ़ प्रदर्शन के बीच संबंध पर अनुभवजन्य साक्ष्य मिश्रित हैं। कारपोरेट बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की प्रभावशीलता के संबंध में शोधकर्ताओं द्वारा दो परस्पर विरोधी विचार प्रस्तुत किए जाते हैं। विचारों में से एक एजेंसी सिद्धांत पर आधारित है और दूसरा प्रबंधकीय आधिपत्य है। निदेशक मंडल सुशासन प्रथाओं की धुरी है। स्टॉकहोल्डर्स और अन्य प्रमुख हितधारकों द्वारा नियुक्त, निदेशक शेयरधारकों के सहायक हैं, न कि प्रबंधन के। इसलिए, जहां प्रबंधन के उद्देश्य शेयरधारकों से भिन्न होते हैं, गैर-कार्यकारी निदेशकों को अंतिम मालिकों के हितों का प्रतिनिधित्व करना चाहिए और उनके विवादास्पद निरीक्षण कार्यों का निर्वहन करना चाहिए। यही कारण है कि स्वतंत्रता किसी भी बोर्ड की संरचना का निर्धारण करने में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है।

कारपोरेट प्रशासन का एजेंसी परिप्रेक्ष्य उन प्रोत्साहन समस्याओं की चिंता करता है जो निगमों में प्रबंधन और स्वामित्व के अलगाव द्वारा बनाई गई हैं। इसमें प्रबंधकों को अपनी उपयोगिता बढ़ाने के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहन है, लेकिन शेयरधारकों को अधिकतम रिटर्न देने के लिए नहीं। इन समस्याओं के परिणामस्वरूप, कारपोरेट नियंत्रण तंत्र ऐसे साधनों के रूप में विकसित हुए हैं जिनके द्वारा प्रबंधकों को निवेशकों के हितों में कार्य करने के लिए अनुशासित किया जाता है। निदेशक मंडल, विशेष रूप से स्वतंत्र और गैर-कार्यकारी निदेशक, आंतरिक शासन प्रणाली का शीर्ष है और इसका उद्देश्य प्रबंधकों को

**कारपोरेट बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की प्रभावशीलता के संबंध में शोधकर्ताओं द्वारा दो परस्पर विरोधी विचार प्रस्तुत किए जाते हैं। विचारों में से एक एजेंसी सिद्धांत पर आधारित है और दूसरा प्रबंधकीय आधिपत्य है। निदेशक मंडल सुशासन प्रथाओं की धुरी है। स्टॉकहोल्डर्स और अन्य प्रमुख हितधारकों द्वारा नियुक्त निदेशक शेयरधारकों के सहायक हैं, न कि प्रबंधन के। इसलिए, जहां प्रबंधन के उद्देश्य शेयरधारकों से भिन्न होते हैं, गैर-कार्यकारी निदेशकों को अंतिम मालिकों के हितों का प्रतिनिधित्व करना चाहिए।**

अवसरवादी कार्य करने के लिए प्रोत्साहन प्रोत्साहन के माध्यम से एजेंसी की समस्याओं को कम करने में सहायता करना है। अकादमिक साहित्य में इस बात के स्पष्ट प्रमाण दिए गए हैं कि एजेंसी की समस्या होने पर स्वतंत्र निदेशक शेयरधारकों की रक्षा करते हैं।

गैर-कार्यकारी निदेशकों का मुद्दा यह सवाल उठाता है कि क्या यह बाहरी विशेषज्ञता निर्णयों के लिए अधिक ठोस आधार प्रदान करती है। बाहर के निदेशक (अंदर या कार्यकारी निदेशकों के विपरीत), संसाधनों और सूचनाओं को मूल्यवान पहुंच प्रदान करने के अलावा, शेयरधारकों के हितों की रक्षा भी करते हैं क्योंकि उनके रोजगार या उन्नति के अवसरों के साथ समान चिंता नहीं होती है। अध्ययन के इस क्षेत्र में प्रसिद्ध शोधकर्ताओं, जेन्सेन और मेकलिंग ने 1976 में शेयरधारकों और निदेशकों / प्रबंधकों के रिश्ते को प्रमुख और एजेंट के रूप में पहचाना। शेयरधारक चाहते हैं कि उनका धन अधिकतम हो, लेकिन प्रबंधकों के पास ऐसा करने के लिए कम प्रोत्साहन है कि वे मालिक हों। बोर्ड पर अधिक गैर-कार्यकारी निदेशक होने से, इस स्पष्ट संघर्ष को कम किया जा सकता है।

1986 में मेस और 1981 में हरमन जैसे शोधकर्ताओं का तर्क है कि बाहर के निदेशकों को सलाह दी जाती है कि वे सलाह देने की अपनी क्षमता के लिए, व्यापार और व्यक्तिगत संबंधों को मजबूत करने के लिए और एक संकेत भेजने के लिए कि कंपनी उनकी निगरानी करने की क्षमता के बजाय अच्छा कर रही है। आगे मेस का तर्क है कि बाहर के निर्देशकों का चयन करने में, उम्मीदवारों के शीर्षक और प्रतिष्ठा का मुख्य विचार है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि सीईओ निदेशक चयन प्रक्रिया पर हावी हैं और इसलिए बोर्ड को नियंत्रित करते हैं। इस दृश्य को वैंकिल और वाल्डो जैसे कुछ अन्य शोधकर्ताओं का समर्थन प्राप्त है, जो बाहरी निदेशकों के चयन में सीईओ द्वारा निभाई गई प्रमुख भूमिका के कारण फर्म के प्रदर्शन पर स्वतंत्र निर्णय लेने के लिए बाहर के निदेशकों की क्षमता पर भी संदेह करते थे। गैर-कार्यकारी निदेशकों की आलोचना यह है कि वे अन्य प्रतिबद्धताओं के साथ बहुत व्यस्त हैं और केवल अंशकालिक आधार पर कंपनी के व्यवसाय के साथ जुड़े हुए हैं।

द्वैतता तब होती है जब कोई व्यक्ति निदेशक मंडल में दो सबसे शक्तिशाली पद रखता है - जैसे कि सीईओ और अध्यक्ष। सीईओ एक पूर्णकालिक पद है और कंपनी की दिन-प्रतिदिन की दौड़ के साथ-साथ कारपोरेट रणनीति को स्थापित करने और लागू करने की जिम्मेदारी है। सीईओ भी अंतत: कंपनी के प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार है। इसके विपरीत, अध्यक्ष का पद सामान्य रूप से अंशकालिक होता है और मुख्य जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि बोर्ड प्रभावी ढंग से काम करे। इसलिए भूमिका में सीईओ सहित कार्यकारी निदेशकों के प्रदर्शन की निगरानी और मूल्यांकन शामिल है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में दो साल के आंकड़ों को लेकर सूचीबद्ध 130 मिडकैप कंपनियों पर किए गए एक अध्ययन में, परिणाम बताते हैं कि कुल निदेशकों के लिए गैर-कार्यकारी निदेशकों का अनुपात और स्वतंत्र गैर-कार्यकारी निदेशक की उपस्थिति लेखापरीक्षा समिति के प्रमुख का फर्म के प्रदर्शन से कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं है। यह आधिपत्य सिद्धांत के अनुसार है कि निदेशक मंडल इसकी देखरेख की भूमिका को पूरा करने में असमर्थ है। यह भी पाया गया है कि भारत में मध्यम आकार की कंपनियों में फर्म के प्रदर्शन में सीईओ द्वैत संरचना सकारात्मक और महत्वपूर्ण योगदान देती है। यह स्टीवर्डशिप सिद्धांत के साथ सहमति में है, कि प्रबंधक स्वाभाविक रूप से भरोसेमंद हैं और कंपनी के संसाधनों के अच्छे प्रबंधक हैं।

परिवार-नियंत्रित फर्मों में, परिवार के सदस्यों को नियंत्रित करने वाले बोर्ड में निदेशक नियुक्त किया जा सकता है, और इस प्रकार निदेशकों की स्वतंत्रता से समझौता हो सकता है। भारत में, सीईओ द्वैत और लघु बोर्ड सकारात्मक रूप से एक फर्म के प्रदर्शन में योगदान करते हैं। हालांकि, कुछ ऐसा प्रतीत होता है कि गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक अपनी निगरानी की भूमिका में विफल हो रहे हैं। नियामकों और नीति निर्माताओं को इस पर ध्यान देना होगा और स्वतंत्र गैर-कार्यकारी निदेशकों को अधिक दांत देने के लिए नियम और कानून विकसित करने होंगे।

# सरकार के लिए चुनौती है किसान आंदोलन

किसान आंदोलन के मुद्दे पर सरकार रक्षात्मक भूमिका में है तथा अनेक किसान नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। लेकिन शायद बंगाल के चुनाव परिणाम ही बताएंगे कि सरकार दीर्घकालीन रूप से किसान आंदोलन की चुनौती का सामना कैसे करेगी।

**इंद्रशेखर सिंह**
(लेखक कृषि एवं पर्यावरण विशेषज्ञ हैं)





संयुक्त किसान मोर्चा ने भारत में 26 मार्च को सड़कें जाम कर भारत बंद का प्रयास किया। इसमें अहमदाबाद में स्थिति काबू से बाहर हो गई। भारतीय किसान यूनियन-बीकेयू के युद्धवीर सिंह को एक प्रेस सम्मेलन के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाले आईपीएस अधिकारी ने मीडिया को बताया कि 'अनुमति न लेने के कारण यह गिरफ्तारी हो रही है।' इससे यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठा कि क्या प्रेस कान्फ्रेंस करने के लिए भी सरकारी अनुमति की जरूरत है। उस समय प्रेस कान्फ्रेंस स्थल पर कोई प्रदर्शन या आयोजन नहीं हो रहा था और प्रेस सम्मेलन में बहुत कम लोग उपस्थित थे। क्या इतना छोटा कार्यक्रम सरकार को कोई नुकसान पहुंचा सकता था? हालांकि, टिकैत परिवार से संबंध रखने वाले वरिष्ठ नेता युद्धवीर की गिरफ्तारी से गुजरात सरकार ने उनको राजनीतिक लाभ ही पहुंचाया क्योंकि सामान्य प्रेस कान्फ्रेंस राष्ट्रीय खबर न बनती, जबकि अब बीकेयू के दूसरी श्रेणी का नेतृत्व भी राष्ट्रीय लोकप्रियता पा चुका है। इस प्रकार युद्धवीर को ट्विटर पर शहीद बना कर सरकार ने वास्तव में राकेश टिकैत के बीकेयू की सहायता ही की है।

हालांकि, प्रेस कान्फ्रेंस को निष्प्रभावी बनाने के लिए गिरफ्तारी की बात किसी प्रकार समझ से परे है। यह समझना कठिन है कि आखिरकार सरकार क्या सोच रही है। क्या अपने मनपसंद लोगों को आगे बढ़ा कर किसान मोर्चा तोड़ने के प्रयास हो रहे हैं? टिकैत गुट को ज्यादा वरीयता मिलने से 40 सदस्यों वाले किसान नेतृत्व समूह में तनाव पैदा हो गया है।

शायद यह सरकार की कार्यशैली के अनुरूप है। हालांकि, बाद में युद्धवीर को रिहा कर दिया गया और उन्होंने 27 मार्च को राजस्थान की किसान पंचायत में भाग लिया। युद्धवीर और राकेश टिकैत ने केन्द्र और गुजरात सरकार के इस 'उत्पीड़न' का भारी विरोध किया। उन्होंने इसे 'गुलामी का गुजरात माडल' बताते हुए कहा है कि 'गुजरात की जनता और किसान आजाद नहीं हैं।' इन बयानों का महत्व इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि इनका संबंध महात्मा गांधी के राज्य में जनता को प्रेस कान्फ्रेंस करने पर गिरफ्तारी से है। ऐसा लगा जैसे युद्धवीर ने उस दिन कोई बहुत बड़ी राजनीतिक गलती कर डाली थी।

हमें एक और संभावना पर भी विचार करना चाहिए। क्या सरकार वास्तव में टिकैत की रणनीतियों और भाषणों से डरती है? 27 जनवरी की रात से राकेश टिकैत एक प्रकार से राष्ट्रीय राजनीति में पहुंच गए हैं। उनको राजस्थान और उत्तर प्रदेश की जाट पट्टी में भारी समर्थन मिला है। राकेश टिकैत के मार्च अभियान ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा जो नंदीग्राम से राजस्थान और पंजाब से तमिलनाडु तक फैला था। किसानों और खासकर नौजवान किसानों में उनका समर्थन बढ़ रहा है। एक हालिया मीडिया सर्वे ने उनको 100 शक्तिशाली भारतीयों में शामिल किया है। जल्द ही वे ऐसी शक्ति बन जाएंगे जिनसे निपटना कठिन होगा। क्या सरकार उन पर नजर रखने के लिए अनावश्यक रूप से राजनीतिक लाभ के लिए करदाताओं का पैसा खर्च कर रही है। केन्द्र सरकार की आक्रामकता बढ़ने के साथ ही किसानों का यूनियन के लिए समर्थन भी बढ़ रहा है। इस बीच टिकैत लगातार किसानों का आह्वान कर रहे हैं कि वे अनुचित कीमतों के खिलाफ विरोध करें।

हाल ही में पीपड़, मेहम, जयपुर व अन्य स्थानों पर उन्होंने जोर दिया कि किसानों को दिल्ली में प्रवेश कर संसद के बाहर अपनी फसलें बेचने के लिए तैयार रहना चाहिए। अनेक किसान यह साहसी रणनीति पसंद कर

**क्या सरकार वास्तव में टिकैत की रणनीतियों और भाषणों से डरती है? 27 जनवरी की रात से राकेश टिकैत एक प्रकार से राष्ट्रीय राजनीति में पहुंच गए हैं। उनको राजस्थान और उत्तर प्रदेश की जाट पट्टी में भारी समर्थन मिला है। राकेश टिकैत के मार्च अभियान ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा जो नंदीग्राम से राजस्थान और पंजाब से तमिलनाडु तक फैला था। किसानों और खासकर नौजवान किसानों में उनका समर्थन बढ़ रहा है।**

रहे हैं। उनका कहना है कि यदि सरकार कहती है कि किसान अपनी फसल कहीं भी बेच सकते हैं तो वे डीएम या एसपी के दफ्तर के बाहर ऐसा क्यों नहीं कर सकते हैं? अप्रैल मध्य मक देश के अधिकांश भागों में रबी की फसल तैयार हो जाएगी। यदि किसान आंदोलन आगे बढ़ता है तो सरकार को देशव्यापी प्रदर्शनों के लिए तैयार रहना होगा। ऐसा खासकर उस स्थिति में होगा जब कृषि उत्पादों के दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी के नीचे चले जाएं।

ऐसे में सरकार का यह आश्वासन निष्प्रभावी हो जाएगा कि 'एमएपी जारी रहेगी।' किसान आंदोलन में शामिल राकेश टिकैत का गुट बार-बार 'वाल्मार्टीकरण' की बात करता है। इस प्रकार वह भारतीय कृषि तथा किसानों के निगमीकरण की संभावनाओं की ओर ध्यान आकर्षित करता है। हालांकि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच का भी यही विचार है जो कृषि क्षेत्र प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई तथा अमेजन जैसे ई-रिटेलरों के प्रवेश के खिलाफ है। इस प्रकार संभवत: किसान आंदोलन अपने सार्वजनिक अभियानों में बहुत सतर्कता और जागरूकता बरत रहा है। किसान आंदोलन अब पुलिस सुधारों की बात भी करने लगा है। टिकैत ने एक रैली में पुलिस और सुरक्षा बल कर्मियों के लिए बेहतर वेतन और आवास की आवश्यकता बताई। ऐसे में उन पुलिसजनों के चेहरों पर आई मुस्कराहट देखने वाली थी जिनको वहां 'शांति बनाए रखने' के लिए तैनात किया गया था।

अभी हाल में राकेश टिकैत ने नौजवानों को संदेश दिया, 'अपनी जमीन पर जाएं, मिट्टी छुएं, उसे अपने माथे पर लगाएं और जमीन का अनुभव करें।' ऐसा लगता है कि इस प्रकार टिकैत समेत अन्य किसान नेता पिछले चार-पांच साल से जारी घृणा और आक्रामकता फैलाने वाले भाषणों व प्रचार के बजाय अब एक सकारात्मक व समावेशी संदेश देना चाहते हैं। उन्होंने जमीन, कृषि और अधिकारों को एकसाथ जोड़ा है और वे सरकार का प्रति-विमर्श तैयार कर रहे हैं। उनके तरीके गांधीवादी हैं और उनका राजनीतिक संगठन हर बीतते दिन के साथ और मजबूत होता जा रहा है। किसान आंदोलन के मुद्दे पर सरकार रक्षात्मक भूमिका में है तथा अनेक किसान नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। लेकिन शायद बंगाल के चुनाव परिणाम ही बताएंगे कि सरकार दीर्घकालीन रूप से किसान आंदोलन की चुनौती का सामना कैसे करेगी।

# पाकिस्तान जाने वाले सिख यात्रियों के हुए कोरोना टेस्ट

## मीरी पीरी इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साईंसिस एंड रिसर्च शाहबाद टीम ने लिए सैंपल

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

खालसा पंथ के स्थापना दिवस बैसाखी पर हरियाणा से पाकिस्तान के सिख धार्मिक स्थानों पर दर्शनों के लिए जाने वाले जत्थे के शनिवार को धर्मनगरी में कोरोना सैंपल लिए गए। मीरी पीरी इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साईंसिस एंड रिसर्च शाहबाद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. संदीपइंदर सिंह चीमा के मार्गदर्शन में टीम ने यात्रियों के कोरोना सैंपल लिए। यात्रियों का यह जत्था 11 अप्रैल को धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिबान पातशाही छठी से रवाना होगा।

इस जत्थे को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर की कार्यकारिणी समिति के मैंबर जत्थेदार हरभजन सिंह मसाना, धर्म प्रचार कमेटी के मैंबर तजिंदर पाल सिंह लाडवा, एसजीपीसी सचिव डा. परमजीत सिंह सरोहा, सब-आफिस हरियाणा प्रभारी परमजीत सिंह दुनियामाजरा और सिख मिशन हरियाणा प्रभारी भाई मंगप्रीत सिंह सहित शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता इस जत्थे को हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। एसजीपीसी सब ऑफिस कुरुक्षेत्र में आज शनिवार को सुखपाल सिंह बुटर, सरदूल सिंह, भूपेंद्र सिंह, सुरजीत कौर, जसवंत सिंह, इश्वर दयाल, कुलदीप सिंह, जसवंत कौर, हरबंस सिंह, जसवंत सिंह, सदानंद मनोचा, बसंत सिंह, लाजवंती, गुरभेज सिंह, जगजीत सिंह, कुलवंत सिंह, सोभा सिंह, भजन कौर, प्रीतम कौर, रेशम सिंह, बलविंद्र सिंह, जगदीप सिंह, जोगा सिंह, जगीर सिंह, बलबीर सिंह, बलदेव सिंह, निशान सिंह, प्रीतम सिंह, सुखदेव सिंह सहित 39 यात्रियों के मीरी पीरी अस्पताल के सीनियर लैब टैक्नीशियन मनिंद्र सिंह और नर्सिंग स्टॉफ लवली व रजविंद्र सिंह द्वारा कोरोना टेस्ट किए गए। जत्थेदार हरभजन सिंह मसाना ने बताया कि धर्मनगरी से अमृतसर तक जाने के लिए इन 39 यात्रियों को नि:शुल्क बस सेवा एसजीपीसी द्वारा उपलब्ध करवाई गई है। यह सभी यात्री 11 अप्रैल को श्री दरबार साहिब अमृतसर में रात्रि विश्राम करेंगे जहां से अन्य सिख यात्रियों के साथ एक विशाल जत्थे को 12 अप्रैल को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की प्रधान बीबी जगीर कौर पाकिस्तान के लिए रवाना करेगी। इस अवसर पर सिख मिशन हरियाणा के प्रभारी भाई मंगप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह नंबरदार, ऐतिहासिक गुरुद्वारा पातशाही छठी कुरुक्षेत्र के मैनेजर अमरिंद्र सिंह, राजपाल सिंह, हरकिरत सिंह, भूपेंद्र सिंह सहित स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।



यात्रियों के कोराना सैंपल लेते चिकित्सक।

# कुरुक्षेत्र में अब तक मिले 12286 पॉजिटिव और 155 हुईं मौतें: बराड़

## डीसी बोलीं, बुखार, खांसी और सांस फूलने पर तुरंत करवाएं कोविड-19 चेकअप

### कुरुक्षेत्र के 24 सरकारी और 13 निजी सेंटरों में लगाई जा रही वैक्सीन

चन्द्र अग्रवाल। थानेसर



उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि कुरुक्षेत्र में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, इस जिले में अब तक कोरोना के 12286 पॉजिटिव केस सामने आ चुके है और 155 लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसी स्थिति में लोगों को जागरूक होकर समय रहते अपने स्वास्थ्य की जांच करवानी चाहिए, ताकि हालत गंभीर होने से पहले अपने आप को बचाया जा सके।

उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने बातचीत करते हुए कहा कि जिले में यह देखने में आया है कि कई मरीज बुखार, खांसी, सांस फूलने के लक्षण होने के बावजूद भी डाक्टर को सम्पर्क नहीं कर रहे हैं। ऐसे मरीज गंभीर हालत में चिकित्सा संस्थान में पहुंचते हैं। ऐसे समय में सभी प्रसासों के बावजूद कई मरीजों को बचाया नहीं जा सकता। उन्होंने जन साधारण से अपील करते हुए कहा कि बुखार, खांसी, सांस फूलने जैसे लक्षण होने पर तुरंत डाक्टर की सलाह लें तथा कोरोना का टेस्ट करवाएं।

इसके साथ-साथ आमजन कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए भी स्वेच्छा से आगे आएं। कुरुक्षेत्र जिला के 24 सरकारी अस्पतालों व 13 निजी अस्पतालों में कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा रही है। सरकारी अस्पतालों में कोरोना वैक्सीन निशुल्क लगाई जा रही है और निजी अस्पतालों में इसके लिए 250 रुपये प्रति डोज की राशि निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के कोरोना जांच पॉजिटिव आने पर उसके सम्पर्क में आए सभी व्यक्ति प्राइमरी कांटेक्ट कहलाते हैं, इसलिए बिना झिझक व डर के इस प्रकार के व्यक्तियों को अपना टैस्ट करवाना चाहिए ताकि उन लोगों का भी कोरोना जांच सम्बंधी टैस्ट करवाकर कोरोना को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि अगर उनके आस-पास कोरोना केस पाया जाता है तो वह स्वयं आगे आकर अपनी जांच करवाएं व महामारी को रोकने में महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने यह भी कहा कि घर से बाहर निकलते समय मास्क, सोशल डिस्टेंस, हैंड सैनिटाईजर तथा नियमित रूप से हाथों को साबुन से धोना अति आवश्यक है।

### सिरसा में कोरोना से महिला की मौत, 78 नए केस मिले



**सिरसा।** जिला में शनिवार को 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 78 मामले सामने आए है। वहीं जिला में 33 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। जिला के गांव सकताखेड़ा निवासी 63 वर्षीय महिला की कोरोना से मौत हो गई है। जिला में कोरोना का रिकवरी रेट घटकर 92.99 प्रतिशत पर पहुंच गया है। डिप्टी सीएमओ डॉ. वीरेश भूषण ने बताया कि डबवाली क्षेत्र के गांव सकताखेड़ा निवासी 63 वर्षीय महिला का सिरसा अस्पताल में उपचार चल रहा था। उसकी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटीव आई थी। जहां उसकी आज शनिवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वहीं जिला में शनिवार को कोरोना संक्रमण के 78 नए मामले सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक जिलाभर से 277055 लोगों के सैंपल लिए गए हैं, जिनमें से 8969 की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। 8341 लोग अब तक जिला में स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि 1286 लोगों की रिपोर्ट अभी आना बाकी है। उन्होंने बताया कि जिला में 506 एक्टिव केस है। जिला में अब तक कोरोना से 122 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जिला में कोरोना से ठीक होने की रिकवरी रेट घटकर 92.99 प्रतिशत पर पहुंच गया है।



# महापंचायत में किसान बनाएंगे आंदोलन की आगामी रणनीति

### 40 डिग्री तापमान और फसल कटाई का समय होने के बावजूद किसान बैठे हैं धरने पर और मजबूती से

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**कृषि** कानूनों के विरोध में चल रहे किसानों के आंदोलन के समर्थन में युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने जुई में 89 दिन से चल रहे धरना प्रदर्शन में समर्थन करने पहुंचे।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि 40 डिग्री तापमान और फसल कटाई का समय होने के बावजूद भी किसान धरने पर और मजबूती से बैठे हैं। उन्होंने कहा कि 11 अप्रेल को कितलाना टोल प्लाजा पर किसान महापंचायत होगी, जिसमें सभी खापों के पदाधिकारी और तमाम संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे और आंदोलन को और मजबूत करने के लिए आगे की रणनीति बनाई जाएगी। इसके साथ ही 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई जाएगी। कमल सिंह ने कहा कि खेती पहले से ही घाटे में चल रही और सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली है। उन्होंने कहा कि सरकार हठधर्मिता छोड़ कर किसानों से बातचीत कर ये तीनों कृषि कानूनों को रद्द करे और एमएसपी गारंटी कानून बनाए।

उन्होंने कहा कि 400 से ज्यादा किसानों ने अपनी शहादत दी, इसके बावजूद भी देश का अन्नदाता शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन जारी रखें हुए हैं। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान मेवा सिंह आर्य,अनिल शेषमा, सूरत सिंह पहलवान ,राजपाल सरपंच जूई, भूप आर्य सहित अनेकों किसान धरने में शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### उमेद सिंह गौरीपुर बने जेजेपी ग्रामीण के हलका अध्यक्ष

**भिवानी।** गांव गौरीपुर के पूर्व सरपंच उमेद सिंह गौरीपुर को जननायक जनता पार्टी के संरक्षक अजय चौटाला व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भिवानी ग्रामीण का हल्का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले भी उमेद सिंह गौरीपुर वर्ष 1997 से 2005 तक लगातार हल्का अध्यक्ष पद पर रहे हैं। पार्टी की मजबूती के लिए कार्य किया है। अपनी नियुक्ति पर खुशी जताते हुए उमेद सिंह गौरीपुर ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है, उसका वे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निवर्हन करेंगे। अधिक से अधिक लोगों को संगठन के साथ जोड़कर पार्टी को और अधिक मजबूत करने का कार्य करेंगे। उमेद सिंह गौरीपुर ने अपनी नियुक्ति पर अजय चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, इनसो अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला, जजपा प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताया है।

### नुक्कड़ नाटक से जल के महत्व का दिया संदेश



**भिवानी।** नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के जिला युवा अधिकारी रमेश सोनी व लेखा एवं कार्यक्रम सहायक कमल यादव के मार्गदर्शन में हेमंत सैनी टीम के सदस्यों ने जल संरक्षण के विषय में नुक्कड़ नाटक से गांव रोहनात के लोगों को जागरूक किया। नाटक के माध्यम से लोगों को जल का सदुपयोग करने का संदेश देते हुए बताया गया कि जल ही जीवन है। इसको आगामी पीढ़ियों के लिए बचाने के लिए कदम उठाने चाहिए। इसके साथ ही लोगों को अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए। कलाकार के रूप में हेमंत सैनी, आकाश, स्वाति ,श्रुति, आंचल, रोनक राज, ममता, राजीव नेगी, दीपक बुमराह, प्रवीण कुमारी ने अपने-अपने किरदार निभाए।

### सीबीएलयू में 16 से होंगी प्रशासनिक परीक्षा की कोचिंग कक्षाएं

**भिवानी।** सरदार पटेल प्रतियोगिता परीक्षा केंद्र, चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, द्वारा संघ लोक सेवा आयोग तथा हरियाणा लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा के लिए 16 अप्रैल से कक्षाएं लगाई जा रही है। आईएएस और एचसीएस की प्रारंभिक परीक्षा के लिए चयनित अधिकारियों तथा विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा। क्रेश कोर्स के अंतर्गत सरदार पटेल प्रतियोगिता परीक्षा केंद्र द्वारा सामान्य अध्यनन तथा सी-सैट के प्रश्नपत्र के लिए लगभग 150 कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार से कक्षाओं का आयोजन किया जायेगा। शनिवार तथा रविवार को भी कक्षाओं का आयोजन किया जायेगा। विश्वविद्यालय ने इसके लिए न्यूनतम सम्भव शुल्क का प्रावधान किया है। कोई भी विद्यार्थी, जिसने हरियाणा सिविल सेवा की प्रारम्भिक परीक्षा के लिए आवेदन कर रखा है वह पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकता है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 13 अप्रैल है, जिसके लिए लिंक चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके बाद कोचिंग के लिए चयनित विद्यार्थियों को सूचित किया जायेगा जिन्हें 16 अप्रैल दोपहर तक अपनी फीस जमा करवानी है। 16 अप्रैल से कक्षाएं प्रारम्भ कर दी जायेंगी।

### दो जगह बनाए गए माईक्रो कन्टेंमेंट जोन

**भिवानी।** कोविड-19 महामारी संक्रमण के एकाएक अधिक केस सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग की सिफारिश पर जिला प्रशासन द्वारा शहर में दो जगहों पर माईक्रो कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। जिलाधीश जयबीर सिंह आर्य ने इस बारे में आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने इन क्षेत्रों में समुचित सेवाओं व ऐतिहात बरतने को लेकर पुलिस, स्वास्थ्य, बिजली निगम एवं नगर परिषद अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। माईक्रो कंटेनमेंट जोन में लोगों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। जिलाधीश द्वारा जारी किए गए आदेशानुसार लोहड़ बाजार क्षेत्र में कोरोना महामारी संक्रमण के एकाएक अधिक केस सामने आए हैं। ऐसे में यहां पर राकेश पुत्र रण सिंह खाती के घर से मोनू पुत्र मान सिंह बड़भुजा के घर तक माईक्रो कनटेंमेंट जोन बनाया गया है। इसी प्रकार से हनुमान ढ़ाणी में नीरज पुत्र गोबिंद राम के घर से सुभाष पुत्र राम कुमार के घर तक माईक्रो कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस क्षेत्र में कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की पहचान करने के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है, जो यहां के संक्रमण से संदिग्ध लोगों के सेंपल लेंगी। स्वास्थ्य विभाग की टीमों में आशा वर्कर, एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता शामिल हैं, जो डोर-डोर जाकर स्क्रीनिंग करवाने का काम करेंगी। इस दौरान नागरिकों की थर्मल स्क्रीनिंग भी की जाएगी।

### फसल अवशेष जलाया तो होगी कार्रवाई, धारा 144 लागू

**भिवानी।** फसल कटाई के दौरान फसल अवशेष जलाए जाने को लेकर जिलाधीश जयबीर सिंह आर्य ने जिला में धारा 144 लागू की है। जिलाधीश ने जिला में फसल अवशेष जलाने पर पूर्णरूप से प्रतिबंद लगाया है। फसल अवशेष जलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अपने आदेशों में जिलाधीश आर्य ने कहा कि फसल कटाई के दौरान अक्सर फसल अवशेष को जला दिया जाता है, जिससे न केवल जमीन की उर्वरा शक्ति कम होती है बल्कि पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष से पशुओं का चारा बनता है, लेकिन फसल अवशेष का उचित प्रबंध करने की बजाय उसको जला देते हैं, जो कि सही नहीं है। जिलाधीश श्रीआर्य फसल अवशेष को जलाने पर प्रतिबंध लगाते हुए जिला में धारा 144 लागू की है, ताकि कोई व्यक्ति फसल अवशेष न जलाए। यदि काई फसल अवशेष जलाता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# भारतीय योग संस्थान ने मनाया 55वां स्थापना दिवस



पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**भारतीय** योग संस्थान का 55वां स्थापना दिवस जिला इकाई द्वारा कोरोना वायरस को ध्यान में रखते हुए सेक्टर-13 के अंबेडकर पार्क में धूमधाम से मनाया गया। जिला उपाध्यक्ष दुलीचंद यादव ने बताया कि 10 अप्रैल 1967 को समाज को आरोग्य प्रदान करने के लिए जीओ और जीवन दो मंत्र के साथ दिल्ली से स्व. प्रकाश लाल द्वारा संस्था के रूप में एक पौधा लगाया था, जो कि 55 वर्षों के दौरान इसी मंत्र के साथ एक वट वृक्ष के रूप में देश व विदेशों में अपनी नि:शुल्क सेवाएं दे रहा है।

क्षेत्रीय अधिकारी ऊषा मक्कड़ ने बताया कि देश एवं विदेशों में संस्थान द्वारा अपनी चार हजार शाखाओं में मधुमेह, हृदय रोग, तनाव व अवसाद आदि को योग, प्राणायाम व ध्यान के द्वारा दूर करके मानवता की सच्ची सेवा कर रहे है। जिला मंत्री बलदेव शर्मा द्वारा हस्तपादोतान, भुजंग, मंडूकासन, ताड़ आसन आदि करवाए गए। उनसे आरोग्यता के साथ अध्यात्मिक संबंध की दृष्टि से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को जोड़ कर सरल तरीके से समझाया। उन्होंने आज के आधुनिक युग में योग, प्राणायाम और ध्यान के महत्व को समझाया। योग शिक्षिका नीलम चौहान द्वारा अलोम-विलोम और कपालभारती से होने वाले लाभों को बहुत ही सुंदर तरीके से साधकों को बताया।

# राजपूत समाज के महापुरूषों का हो रहा चरित्रहनन: राकेश तंवर

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



**राष्ट्रवादी** जनलोक पार्टी सत्य के प्रदेशाध्यक्ष राकेश सिंह तंवर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि एनडीए सरकार प्रदेश व केन्द्र में आएदिन राजपूत समाज के साथ जघन्य अपराध, हिंसक घटनाएं और समाज के महापुरूषों का योजनाबद तरीके से चरित्र हनन और नेस्तनाबुद करने का कार्य कर रही है।

हरियाणा सरकार के शिक्षामंत्री कंवर पाल गुर्जर द्वारा हाल ही में यमुनानगर में क्षत्रिय सम्राट महीरभोज प्रतिहार को क्षत्रिय न बता कर अन्य समाज द्वारा सरकारी स्तर पर अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया है। जिसके विरोध में 11 अप्रैल को यमुनानगर में सुबह 11 बजे राजपूत महापंचायत करके एनडीए का बहिष्कार किया जाएगा। बिहार के मधुवनी में समाज के पांच लोगों की निर्मम हत्या की गई। जिसमें एक सैनिक छुट्टी लेकर आया था। उसकी भी निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। इस नरसंहार में शामिल भारतीय जनता पार्टी का एक विधायक और एक एमएलसी की भूमिका बताई जा रही है।

### खाद के दामों में की गई बढ़ोतरी को वापस लें

**कुरुक्षेत्र।** आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने खाद के दामों में की गई भारी बढ़ोतरी की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की।

उन्होंने कहा कि खाद के दामों में यह बढ़ोतरी उस समय की गई है जब देश में किसान-मजदूरों का आंदोलन तीन कृषि विरोधी काले कानूनों व बिजली बिल 2020 के खिलाफ दिल्ली के चारों तरफ बार्डरों पर जारी है। जिसमें तीन सौ से ज्यादा किसान अपनी जान को कुर्बान कर चुके हैं। ऐसे में डीएपी खाद तथा अन्य खादों के दामों में बढ़ोतरी केंद्र सरकार द्वारा की गई भारी बढ़ोतरी की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए इसे वापस लेने की मांग की।

### कोरोना एसओपी के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई : डीसी

**भिवानी।** सरकार के निर्देशानुसार कोरोना महामारी संक्रमण से बचाव के लिए लोगों को एसओपी की पालना करनी होगी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन व सरकार की हिदायतों के अनुरूप अब विवाह समारोह के दौरान इंडोर विवाह स्थल की क्षमता के 50 प्रतिशत और अधितम 200 शामिल हो सकते हैं। आदेशों की अवहेलना पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जिलाधीश जयबीर सिंह आर्य ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के निर्देशों का हवाला देते हुए ये आदेश जारी किए हैं। आर्य ने अपने आदेशों में कहा है कि कोविड-19 महामारी संक्रमण से बचाव के लिए विवाह समारोह में इंडोर विवाह स्थल पर क्षमता का 50 प्रतिशत और अधिकत्तम 200 लोग ही शामिल हो सकते हैं और ओपन विवाह स्थल पर आयोजित वाले कार्यक्रमों में क्षमता का 50 प्रतिशत और अधिकत्तम 500 लोग शामिल हो सकते हैं। विवाह या अन्य किसी जगह पर एकत्रित होने वाले लोगों के लिए मास्क पहनना और उचित दूरी बनाए रखना जरूरी है।

# कृषिमंत्री आवास पर प्रदर्शन को सर्व कर्मचारी संघ ने कसी कमर



### सुखदर्शन सरोहा ने कहा, कर्मचारियों के साथ हो रहा बंधुआ मजदूरों जैसा व्यवहार

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**सर्व** कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध ऑल इंडिया स्टेट गर्वमेंट इम्लाइज फैडरेशन के तत्वावधान में 11 अप्रैल कृषिमंत्री आवास पर आयोजित विरोध प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर सुरेंद्र पार्क में सुखदर्शन सरोहा प्रधान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। विरोध प्रदर्शन की सफलता के लिए बुलाई गई बैठक का संचालन सचिव सुरजभान जटासरा ने किया।

सुखदर्शन सरोहा ने बताया कि भाजपा, जजपा गठबंधन सरकार कर्मचारियों के साथ बंधुवा मजदूरों जैसा व्यवहार कर रही है। सरकारी विभागों में आऊटसोर्स, ठेका प्रथा के तहत लगे कर्मचारियों को जबरन हटाकर रोजगार छीना जा रहा है। काफी महकमों में 5-7 माह से वेतन ही नहीं मिला तथा परिवार भूखमरी के कगार पर पहुंच चुका है। कोरोना की आड़ में सरकारी महकमों को तोड़ा जा रहा है। कॉमन कैडर के नाम पर बड़ी तेजी के साथ नौकरियों को समाप्त करने का षडयंत्र जारी है। केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर राज्यभर में कर्मचारी मंत्रियों की घेराबंदी कर अपनी मांगों का ज्ञापन दे रहे हैं।

### गेमिंग के शौकीनों के लिए अपनी श्रेणी का

# वनप्लस ने सबसे बेहतरीन वनप्लस 9आर 5जी फोन पेश किया

*क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 870, 120 हर्ट्ज फ्लुइड एएमओएलईडी डिस्प्ले और वॉर्प चार्ज 65 जैसे विशेषताओं वाली वनप्लस 9 सीरीज की नई डिवाइस से मिलता है तेज और सहज फ्लैगशिप अनुभव*

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्लोबल** टैक्नोलॉजी कंपनी वनप्लस ने हाल ही में वनप्लस 9 सीरीज के सबसे नए फोन को लॉन्च किया है। वनप्लस 9आर 5जी को खासतौर से गेमिंग पसंद करने वालों के लिए बनाया गया है। वनप्लस 9आर 5जी वनप्लस स्मार्टफोन के प्रीमियम अनुभव को बड़े पैमाने पर प्रत्येक मूल्यवर्ग के यूजर्स तक पहुंचाने की ब्रैंड की सोच को दर्शाता है।

वनप्लस के संस्थापक, सीईओ और चीफ प्रोडेक्ट ऑफिसर, पीट लाउ ने कहा, हमें भारत में वनप्लस 9आर 5जी को लॉन्च करके बहुत खुशी हो रही है। इस फोन से गेमिंग के शौकीनों कोसबसे बेहतरीन हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का फायदा मिलेगा।

**बेहतरीन पावर और प्रदर्शन**

वनप्लस 9आर 5जी में क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 870 मोबाइल प्लेटफॉर्म है। इससे मिलने वाली प्रोसेसिंग स्पीड पिछली पीढ़ी की तुलना में 12.6 प्रतिशत तेज है और डिवाइस को गेमिंग पावरहाउस में बदल देती है। तेज़ 5जी कनेक्शन के साथ, वनप्लस 9आर 5जी से 875 एमबी /एस तक की डाउनलोड स्पीड मिलती है। इस स्पीड से यूज़र्स तुरंत अपने पसंदीदा गेम और शो को डाउनलोड कर सकते हैं। इस ताकत के साथ ही इसमें डुअल मोड एनएसए +एसए 5जी और वाई-फाई 6 भी है।

**बेजोड़ गेमिंग अनुभव**

इसे कैजुअल और हार्डकोर दोनों तरह के गेमर्स के लिए डिज़ाइन किया गया। वनप्लस 9आर 5जी के 240 हर्ट्ज टच सैंपलिंग रेट के कारण यूज़र्स सहज और तेज़ गेमिंग के लिए एक साथ पांच अंगुलियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा, इसमें एक्स-एक्सिस लीनियर मोटर भी है, गेमिंग का शानदार अनुभव लेने के लिए इन-गेम वाइब्रेशन के अलग-अलग स्टाइल की नकल करते हुए इससे बेहतरीन डायनैमिक वाइब्रेशन हासिल किया जा सकता है। पावरफुल डुअल स्टीरियो स्पीकर्स से जबरदस्त 3डी साउंडस्केप मिलता है।

प्रेरणा



पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

आज हार का हकदार है तू,
कल जीत का सेहरा भी तेरा होगा,
जितनी होगी काली अंधियारी रात,
उतना ही जीत का सवेरा होगा।

# वन विभाग ने तैयार की सैकड़ों गांवों में तीन करोड़ पौधे लगाने की योजना

## गांवों की शामलात व पंचायती जमीनों पर लगेंगे पेड़

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के गांवों की पंचायती व शामलात जमीन पर पौधारोपण किया जाएगा। आगामी सीजन के दौरान हरियाणा में तीन करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। पहले चरण में प्रदेश के दो हजार गांवों का चयन किया गया है। वन विभाग पौधारोपण के लिए प्रदेश के अन्य विभागों की भी मदद लेगा। यह अभियान जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में शुरू हो जाएगा। अक्टूबर-नवंबर तक इसे पूरा किया जाएगा।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पायलट प्रोजेक्ट को दो हजार गांवों में शुरू किया जाएगा। जिसमें से 1900 गांवों का चयन किया जा चुका है। इसके लिए ग्राम पंचायतों की शामलात जमीन, पंचायती जमीन के अलावा गांवों की तरफ जाने वाली सड़कों के आसपास की जमीनों का चयन किया गया है। इस अभियान में स्कूली विद्यार्थियों को भी शामिल किया जाएगा। जिसके चलते पौधगिरी अभियान के तहत 25 लाख पौधे लगाए जाने की योजना बनाई गई है। इस अभियान में स्कूलों के छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा।

### पौधारोपण के लिए व्यापक योजना तैयार की

वन विभाग ने प्रदेश में पौधारोपण के लिए व्यापक योजना तैयार की है। पायलट प्रोजैक्ट के लिए करीब सौ गांवों का चयन बाकि है। जिसे जल्द ही पूरा किया जाएगा। मानसून के दौरान प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जाएगा। जिसमें अन्य विभागों की भी मदद ली जाएगी। आला अधिकारियों को इस प्रोजैक्ट की रिपोर्ट भेज दी गई है।

**वी.एस.तंवर**
**प्रधान मुख्य वन संरक्षक, हरियाणा।**

### जिला का नाम पौधारोपण के लिए चुने गांव

| जिले का नाम | पौधारोपण के लिए चुने गांव | | |
|---|---|---|---|
| पंचकूला | 098 | सोनीपत | 084 |
| अंबाला | 078 | करनाल | 062 |
| यमुनानगर | 133 | जींद | 083 |
| कुरुक्षेत्र | 181 | फतेहाबाद | 049 |
| पानीपत | 050 | भिवानी | 078 |
| हिसार | 100 | फरीदाबाद | 053 |
| चरखी-दादरी | 050 | महेंद्रगढ़ | 106 |
| सिरसा | 138 | पलवल | 061 |
| कैथल | 111 | गुरुग्राम | 038 |
| रोहतक | 056 | रेवाड़ी | 100 |
| झज्जर | 100 | नूंह | 100 |


## सोनीपत के बड़ोली में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आएंगे मुख्यमंत्री

# अंबेडकर जयंती के बहाने एक साथ फील्ड में उतरेगी मनोहर सरकार

## किसान आंदोलन के नाम पर विरोध करने वालों को कड़ा संदेश देने की तैयारी

### जिलों में मौजूद रहेंगे मनोहर के मंत्री, पुलिस देगी सिक्योरिटी कवर

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़।



**किसान** आंदोलन के बीच विरोध के चलते सार्वजनिक कार्यक्रम बंद करने वाली मनोहर सरकार अब अंबेडकर जयंती के बहाने एक साथ फील्ड में उतरेगी। करीब दो माह बाद यह पहला मौका होगा जब मुख्यमंत्री और उनके सभी मंत्री फील्ड में उतरकर लोगों से रूबरू होंगे। मंत्री समूह की अनौपचारिक बैठक में हुए फैसले के बाद सरकार ने 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों का ऐलान कर दिया है।

प्रदेश में 26 जनवरी के बाद यह पहला मौका होगा जब पूरी सरकार एक साथ फील्ड में होगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला समेत प्रदेश के कई सांसदों और मंत्रियों का विरोध हो चुका है। मुख्यमंत्री तथा मंत्रियों को कई बार कार्यक्रम रद्द भी करने पड़े हैं। पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री आवास पर हुई मंत्री समूह की अनौपचारिक बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा के बाद अंबेडकर जयंती पर एक साथ प्रदेशव्यापी कार्यक्रमों का फैसला किया गया था। इस बैठक के बाद गृहमंत्री अनिल विज ने पुलिस महानिदेशक को फील्ड में जाते समय सीएम व मंत्रियों को अतिरिक्त सिक्योरिटी कवर देने तथा सीआईडी को सतर्क करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस साल सोनीपत जिला के गांव बड़ोली में अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### कौन कहां होगा मुख्य अतिथि

| मुख्य अतिथि | जिले का नाम |
|---|---|
| ज्ञान चंद गुप्ता, स्पीकर विधानसभा | पंचकूला |
| रणबीर सिंह, डिप्टी स्पीकर | कैथल |
| दुष्यंत चौटाला | रेवाड़ी |
| अनिल विज | अंबाला |
| कंवर पाल | यमुनानगर |
| मूलचंद शर्मा | पलवल |
| रणजीत सिंह | सिरसा |
| जेपी दलाल | भिवानी |
| बनवारी लाल | गुरुग्राम |
| ओमप्रकाश यादव | नारनौल |
| कमलेश ढांडा | कुरूक्षेत्र |
| अनूप धानक | हिसार |
| संदीप सिंह | फरीदाबाद |

# बिजली मंत्री के घेराव को लेकर किया जनसंपर्क



डबवाली में मंत्री को घेराव को लेकर बैठक करते कर्मचारी।

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा

**कर्मचारियों** की लंबित मांगों को लेकर 11 अप्रैल को सिरसा में स्थित बिजली मंत्री के आवास के घेराव को सफल बनाने के लिए सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारी डटे हुए हैं। शनिवार को संघ के पदाधिकारियों ने डबवाली व कालांवाली ब्लॉक में जनसंपर्क अभियान चलाया। कर्मचारियों से प्रदर्शन में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

डबवाली में आयोजित मीटिंग की अध्यक्षता स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन की प्रधान सुमित्रा व कालांवाली ब्लॉक से प्रधान मास्टर सुरेंद्र ने की। मीटिंग में सर्व कर्मचारी संघ के नेता सुभाष ढाल, सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव राजेश भाकर, अध्यापक संघ से बूटा सिंह व फायर यूनियन नेता सुखदेव सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि 11 अप्रैल को कर्मचारी भारी तादाद में विभिन्न मुद्दों को लेकर बिजली मंत्री के आवास को घेरेंगे। सरकार व अधिकारी लगातार मांगों की अनदेखी कर रहे हैं, जिससे कर्मचारी वर्ग में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि नया ठेकेदार आने से स्वास्थ्य ठेका कर्मचारियों की नौकरी पर तलवार लटक गई है। नौकरी सुरक्षा की गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर ही कल सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले कैबिनेट मंत्री को मांग पत्र दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिले भर के स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी भाग लेंगे। वहीं ब्लॉक बड़ागुढ़ा में भी कर्मचारी नेता बाबूलाल के नेतृत्व में बैठक हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### फुले की जयंती की पूर्व संध्या पर लगा रक्तदान शिविर



**कुरुक्षेत्र।** महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती की पूर्व संध्या पर गांव फालसंडा रांगडान में सर्व समाज कल्याण सेवा समिति की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सरपंच चमनलाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अध्यक्षता समाजसेवी करनैल सैनी ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में नंबरदार पूर्णचंद मौजूद रहे। शिविर में रक्तकोष प्रभारी डॉ. विनोद तंवर की अध्यक्षता में गुरविंद्र कौर, प्रीति, शुभम, हर्ष, कुलदीप, दिनेश ने रक्त संग्रह किया। सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी व संरक्षक नरेश सैनी ने बताया कि शिविर के आरंभ में मुख्यातिथि सरपंच चमनलाल व अन्य अतिथियों ने ज्योतिबा फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। मुख्यातिथि चमनलाल ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को पुणे में हुआ था। उनकी माता का नाम चिमणाबाई तथा पिता का नाम गोविन्दराव था। उनका परिवार कई पीढ़ी पहले माली का काम करता था। वे सातारा से पुणे फूल लाकर फूलों के गजरे आदि बनाने का काम करते थे इसलिए उनकी पीढ़ी फुले के नाम से जानी जाती थी। ज्योतिबा बहुत बुद्धिमान थे। उन्होंने मराठी में अध्ययन किया। वे महान क्रांतिकारी, भारतीय विचारक, समाजसेवी, लेखक एवं दार्शनिक थे। 1840 में ज्योतिबा का विवाह सावित्रीबाई से हुआ था। समाजसेवी करनैल सैनी ने कहा कि नई पीढ़ी को महापुरुषों की प्रेरणा से नई ऊर्जा संचारित होती है।

### लॉन टेनिस में रैने सिंह ने जीता सिल्वर मेडल



**सोनीपत ।** झज्जर में आयोजित राष्ट्रीय महिला लॉन टेनिस चैंपियनशिप में लिटिल एंजल्स स्कूल सोनीपत की स्टार रैने सिंह ने फाइनल मैच में आंध्र प्रदेश की श्रेया के साथ कड़े संघर्ष के साथ खेलते हुए 2-6, 4-6 स्कोर से सिल्वर मेडल पर कब्जा कर अपने विद्यालय व प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस चैंपियनशिप में देश भर से लगभग 200 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। विद्यालय के खेल डायरेक्टर नरेंद्र नेगी ने बताया कि रैने सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी लगातार अपने खेल का अच्छा प्रदर्शन कर रही है। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम गर्ग और सेक्रेटरी विशाल गर्ग ने रैने सिंह को बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने खिलाड़ी के विद्यालय पहुंचने पर फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। भविष्य में भी अच्छे खेल-प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

### सतलुज स्कूल में हुआ भंडारे का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद के प्रधानाचार्य डॉ आरएस घुम्मन ने बताया कि आज शनिवार को स्कूल के प्रांगण में बाबा मारकण्डेजी के लंगर का आयोजन किया गया। बस संचालकों की पहल पर ही इस भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कढ़ी चावल और मीठे चावल का प्रसाद सभी को बांटा गया। स्कूल प्राचार्य ने सभी बच्चों, अभिभावकों और स्कूल स्टाफ के स्वास्थ्य की मंगल कामना की। आस-पास के सभी लोगों ने लंगर का आनंद उठाया। इस अवसर पर स्कूल प्रधान श्रीमती संतोष कौर घुम्मन, को-र्डिनेटर मनिन्द्र सिंह घुम्मन तथा मोनिका घुम्मन, विरेन्द्र सिंह, मनोज भसीन, सभी बस संचालक तथा बस सहायक मौजूद रहे।

### नवयुग स्कूल में हुआ हवन

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कोविड की गाइड लाइंस का पालन करते हुए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। विद्या की देवी मां सरस्वती का आह्वान करते हुए हवन का आयोजन किया गया। 12वीं के सभी विद्यार्थियों ने अपने उज्ज्वल भविष्य की कामना के लिए आहुतियां डालीं। 12वीं कक्षा की इंचार्ज रमा गौतम ने विद्यार्थियों को मेहनत, दृढ़ निश्चय एवं लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का सन्देश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य बीडी गाबा ने विद्यार्थियों को विद्यालय में दिए गए संस्कारों एवं मूल्यों का अनुसरण करते हुए उज्जवल भविष्य के लिए परिश्रम करने का आह्वान किया । इस अवसर पर अकैडमिक कोऑर्डिनेटर रिदिमा बतरा, सीनियर विंग के सभी अध्यापक स्नेह लता, मधु, कुसुम, सरिता, रीना, नीरज, संजीव, सुनील, प्रदीप व हेमंत उपस्थित रहे।

### अंबेडकर जयंती की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**रेवाड़ी।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने की तैयारी को लेकर आज अनुसूचित जाति के प्रबुद्ध लोग मॉडल टाउन स्थित अंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए।

बैठक की अध्यक्षता गंगाराम सीकरीवाल ने की। बैठक में उपस्थित लोगों ने 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती, महात्मा ज्योति बा फूले जयंती व बीपी मंडल की स्मृति पर अंबेडकर पुस्तकालय एवं पार्क में साझा कार्यक्रम किया जाने का सुझाव दिया, जिस पर सभी ने अपनी सहमति जताई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बैठक में एक कमेटी का गठन भी किया गया तथा सदस्यों व पदाधिकारियों की जि6मेदारी तय की गई।

# अवैध शराब बेचने वाले तीन लोग पकड़े

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी

**जिला** पुलिस अपराधियों के खिलाफ कड़ा कदम उठा रही है। रोजाना अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा रही है। इसी कड़ी में आज शनिवार को पुलिस ने अलग-अलग जगह से तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 45 बोतल अवैध शराब बरामद की।

पुलिस कुछ दिनों से पुलिस ने किसी भी तरह का गलत व अनैतिक कार्य करने वालों के लिए धरपकड़ शुरू की हुई है। वांछित अपराधियों के अलावा शराब व गांजा बेचने वालों के अलावा चोरी की वारदात में शामिल अपराधियों को पकड़कर सलाखों के पीछे पहुंचा रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने अलग-अलग जगह अवैध शराब बेच रहे ३ लोगों को गिर3तार किया। सीआईए पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान उन्हें सूचना मिली कि शहर के मोहल्ला बल्लूवाड़ा निवासी महेश उर्फ हड्डी अवैध शराब बेचने का धंधा करता है। आज शुक्रवार को वह गोयल मार्केट के निकट शराब बेच रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

# पत्रकार राजेश कुंडू पर एफआईआर कराना सरकार की औच्छी मानसिकता : बवेजा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**किसान** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं जिला कैथल के आब्जर्वर एडवोकेट मधु सूदन बवेजा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पत्रकार राजेश कुमार कुंडू पर झूठी एफआईआर दर्ज कर औच्छी मानसिकता का परिचय दिया है। सरकार जब किसानों की हिम्मत नही तोड़ पाई तो किसानों की आवाज बने पत्रकार राजेश कुंडू को साइबर आतंकवादी करार देकर उन पर केस दर्ज कर दिया।

एडवोकेट मधु सूदन ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने पत्रकार राजेश कुमार कुंडू पर दर्ज हुए मामले की कड़ी निंदा की है। बवेजा ने कहा कि किसान तीन काले कृषि कानूनों को रद्द करवाने के लिए पिछले चार महीने से दिल्ली के सिंधु, टीकरी व गाजीपुर बार्डर पर धरना दे रहे है परंतु किसान विरोधी भाजपा उनकी मांगे मानने की बजाए उन्हें आतंकवादी, खालिस्तानी व अन्य नामों से पुकार रही है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन जन-जन का आंदोलन बन चुका है। जिस तरह से भाजपा-जजपा किसानों पर मुकदमे दर्ज व लाठीचार्ज करवा रही है, इससे उसका किसान विरोधी चेहरा सबके सामने आ गया है। रोहतक कांड गठबंधन सरकार के कफन में कील गाडने का काम करेगा। जिस प्रकार से भाजपा व जजपा नेताओं का गांवों में किसानों द्वारा विरोध हो रहा है।

# कोरोना के प्रसार को रोकने में आमजन को दिखानी होगी सजगता: उपायुक्त

### आमजन की जागरूकता के बारे स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा

**उपायुक्त** प्रदीप कुमार ने कहा कि जिला में पिछले कुछ दिनों में जिस प्रकार से कोरोना के मामलों में बढोतरी हुई है, उससे प्रत्येक नागरिक को सजग हो जाना चाहिए।

कोरोना की स्थिति बिगड़े न, इसके लिए सभी को सजगता व जागरूकता दिखाते हुए संक्रमण से बचाव उपायों का ईमानदारी के साथ स्वेच्छा से अनुपालना करनी होगी। स्वयंसेवी संस्थाएं आमजन को मास्क व सैनेटाइज के लिए जागरूक करें, ताकि जिला में कोरोना संक्रमण का फैलाव न हो।

उपायुक्त शनिवार को कैंप कार्यालय में कोरोना को लेकर आमजन को जागरूक करने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में शहर की विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं व व्यापार मंडल के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त उत्तम सिंह, एसडीएम जयवीर यादव, सीएमओ डॉ. कृष्ण कुमार, डिप्टी सीएमओ वीरेश भूषण आदि अधिकारी भी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि दोबारा से कोरोना संक्रमण फैलाव बढ़ रहा है।

### इनेलो का प्रदर्शन 12 को

**सिरसा।** डीएपी खादों के दामों में सरकार की ओर से की गई बढ़ोतरी एवं केंद्र सरकार की ओर से बनाए गए तीन कृषि कानूनों के विरोध स्वरूप इनेलो 12 अप्रैल को जिला स्तरीय प्रदर्शन करेगी।

इनेलो जिलाध्यक्ष कश्मीर सिंह करीवाला ने कहा कि 12 अप्रैल को सुबह 10 बजे इनेलो की जिला इकाई के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता लघु सचिवालय में एकत्रित होंगे और उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे। करीवाला ने कहा कि केंद्र व राज्य की गठबंधन सरकार द्वारा नित्य आमजन के विरोध में फैसले लिए जा रहे हैं जिससे आमजन का जीना दुश्वार हो गया है।

# मां भद्रकाली शक्तिपीठ मंदिर में 13 से 21 तक होगा नवरात्रे पर्व

## कोरोना को देखते हुए इस बार विशाल नहीं, सूक्ष्म होंगे नवरात्रे पर्व

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र।



मां भद्रकाली शक्तिपीठ में बैठक में भाग लेते मां के लाडले भक्त।

**मां** भद्रकाली शक्तिपीठ मंदिर में नवरात्रे पर्व मनाने को लेकर लाडले भक्तों की बैठक हुई। बैठक में 13 अप्रैल से 21 अप्रैल तक नवरात्रे पर्व आयोजित करने का फैसला सरकार की कारोना गाइडलाइन के अनुसार लिया गया। 13 अप्रैल को प्रथम नवरात्रे सरकार की गाइडलाइन के अनुसार प्रातः सवा पांच बजे मंगला आरती, कलश पूजन के साथ शुभारंभ होगा और नौ बजे ध्वजारोहण और दोपहर एक बजे मां की पावन पवित्र ज्योति के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस बार कोरोना महामारी को देखते हुए मंदिर कमेटी द्वारा कार्यक्रम को बड़े स्तर पर ना मनाकर सूक्ष्म स्तर पर मनाने का फैसला लिया गया है। अबकी बार शोभायात्रा में शक्तिपीठ मां भद्रकाली के आशीर्वाद से 52 शक्तिपीठों की प्रतीक स्वरूप 52 लाल ध्वज, 52 कलश व 52 त्रिशूल शोभायमान होंगे। शोभायात्रा बैंड बाजों व मंगल गीतों के बीच नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरेगी। शोभायात्रा में शामिल सभी भक्तों व श्रद्धालुओं को मास्क लगाना अनिवार्य है। इस दौरान कोविड 19 के नियमों की पालना करना जरूरी होगा। बैठक में फैसला लिया किया कि नवरात्रों में कन्या पूजन के लिए किसी दूसरे घर से कन्या को ना बुलाया जाए।

## सभी जिलों से मांगी पेंडिंग फ्रंटलाइन वर्करों की सूची अभियान आज से

# प्रदेश में कोरोना योद्धा ही नहीं लगवा रहे वैक्सीन

### प्रदेश में अब तक 7 हजार डॉक्टरों व फ्रंटलाइन वर्करों ने नहीं लगवाया टीका

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़




**हरियाणा** में आम लोगों को कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरूक करने वाले डाक्टर की वैक्सीन नहीं लगवा रहे हैं। मेडिकल कालेजों के डाक्टर वैक्सीन लगवाने में सर्वाधिक लापरवाही बरत रहे हैं। प्रदेश में कोरोना वैक्सीन के कई चरण पूरे होने के बाद रविवार को चार दिन के लिए विशेष अभियान शुरू होने जा रहा है। अभी भी 70 हजार से अधिक डॉक्टर व फ्रंटलाइन वर्कर्स ऐसे हैं, जिन्होंने कोरोना वैक्सीन के टीके नहीं लगवाए हैं।


स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के निर्देशों पर स्वास्थ्य विभाग की महानिदेशक डॉ वीणा सिंह ने शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी जिलों के सीएमओ से इस बाबत बात की। उन्हें वैक्सीनेशन मुहिम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन सभी डॉक्टरों व हेल्थ वर्कर्स की सूची मांगी गई है, जिन्होंने अभी तक वैक्सीन नहीं लगवाई। विज ने स्पष्ट कहा है कि डॉक्टरों व हेल्थ वर्कर्स का सुरक्षित रहना जरूरी है क्योंकि कोरोना से निपटने का सबसे बड़ा जिम्मा उन्हीं के कंधों पर है।

विज ने बताया कि रविवार से शुरू होने वाले विशेष अभियान को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। 14 अप्रैल को संविधान निर्माण डॉ भीमराव अम्बेडकर का जन्मदिन है। हरियाणा सरकार ने इन चार दिनों में प्रदेश में 10 लाख लोगों को कोरोना वैक्सीन के टीके लगाने का टारगेट रखा है। स्वास्थ्य मंत्री ने इसके लिए विभाग के आला अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए हैं। वैक्सीनेशन मुहिम को कामयाब बनाने के लिए राजनीतिक, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा। गांवों व शहरों में विशेष कैम्प लगाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को टीके लगाए जा सकें। 100 कर्मचारियों से अधिक के सभी विभागों तथा फैक्टरियों में स्वास्थ्य विभाग की टीम टीके लगाने के लिए पहुंचेगी। इसी तरह से प्रदेश के प्रमुख बाजारों में व्यापारियों के सहयोग से कैम्प लगाए जाएंगे, ताकि वहां भी लोगों को कोरोना की वैक्सीन दी जा सके।

# क्रीड़ा भारती के स्थापना दिवस पर होंगी खेल प्रतियोगिताएं

**भिवानी ।** क्रीड़ा भारती भिवानी ईकाई की बैठक द्वीप्रांत संयोजक उमेश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में हनुमान जयन्ती एवं क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस को भव्य तरीके से मनाने के लिए विस्तार से मंत्रणा की गई। 20 अप्रैल को एक दौड़ हनुमान के नाम की शुरुआत सुबह 6-00 बजे नेहरु पार्क से की जाएगी, जो हुडा पार्क पर समाप्त होगी। इसी दिन सात दिवसीय कबड्डी, खो-खो और जूडो का प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिता हलवासिया स्कूल में शुरू होगी। 27 अप्रैल को हनुमान जयन्ती एवं क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस को विभिन्न स्थानों पर हनुमान चालीसा का पाठ तथा अन्य कार्यक्रम किये जाएंगे। प्रांत संयोजक उमेश ने कहा कि हनुमानजी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। किस समस्या का हल कैसे किया जाए, इसकी प्रेरणा हमें हनुमान जी से ही मिलती है। इस बैठक में जिला क्रीडा भारती के अध्यक्ष डाक्टर सुरेश मलिक के साथ कार्यकारिणी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एंव वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

**क्या हुआ**

वो हवा में बह गया तो क्या हुआ
मैं ज़मी पे रह गया तो क्या हुआ

बारिशें तुमको मुबारक बाग़बाँ
घर किसी का ढ़ह गया तो क्या हुआ

आप जिस शै को वफ़ा कहते रहे
मैं तिज़ारत कह गया तो क्या हुआ

हम मुहब्बत का भरम सहते रहे
वो हिक़ारत सह गया तो क्या हुआ

'अश्क' जिसको मात में लज़्ज़त मिले
छोड के वो शह गया तो क्या हुआ

तिज़ारत - व्यापार, भरम - धोखा, हिकारत - नफ़रत
मात - हार, लज़्ज़त - मजा, शह - जीतने की स्थिति

# बंगाल में एक समान है मोदी और ममता की लोकप्रियता

## टीएमसी के रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कथित ऑडियो क्लिप में कहा

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में 44 विधानसभा सीटों के लिए चल रहे मतदान के बीच भाजपा द्वारा एक ऑडियो क्लिप जारी किए जाने के बाद शनिवार को नया विवाद पैदा हो गया है। इस ऑडियो क्लिप में तृणमूल कांग्रेस के रणनीतिकार प्रशांत किशोर को कथित रूप से यह कहते हुए सुना जा सकता है कि राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जितने ही लोकप्रिय हैं।

कुछ पत्रकारों के साथ किशोर की बातचीत का अंश साझा करते हुए भाजपा के सूचना एवं प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस ने अपना चुनाव गंवा दिया है। किशोर ने भाजपा को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म क्लबहाउस पर पूरा चैट जारी करने की चुनौती दी है और दावा किया है कि वर्तमान विधानसभा चुनाव में भगवा पार्टी को 100 से ज्यादा सीटें नहीं मिलेंगी।

**ट्वीट किया, मुझे खुशी है कि भाजपा मेरी बातों को ज्यादा गंभीरता से ले रही है**





इस क्लिप में किशोर को कहते हुए सुना जा सकता है कि मोदी बंगाल में बहुत लोकप्रिय हैं और इसमें कोई संदेह नहीं है। वह ममता बनर्जी जितने लोकप्रिय हैं।

ऑडियो क्लिप जारी करने के बाद मालवीय ने ट्वीट किया, मोदी बंगाल में बहुत लोकप्रिय हैं और इसमें कोई संदेह नहीं है। देश भर में उनके प्रशंसक हैं। तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ लहर है, ध्रुवीकरण वास्तविकता है, अनुसूचित जाति का वोट भाजपा के पक्ष में है, ऐसा ममता बनर्जी के रणनीतिकार ने अपनी खुली बातचीत में कहा है। उन्होंने लिखा है, क्लबहाउस पर सार्वजनिक चैट के दौरान ममता बनर्जी के चुनावी रणनीतिकार ने माना कि तृणमूल के आंतरिक सर्वेक्षण के हिसाब से भी भाजपा जीत रही है।

वोट मोदी के लिए है, ध्रुवीकरण सच्चाई है, अनुसूचित जाति (बंगाल की आबादी का 27 फीसद हिस्सा), मतुआ सभी भाजपा के लिए वोट डाल रहे हैं। भाजपा का कैडर जमीनी स्तर पर मौजूद है।

किशोर ने भाजपा का मजाक बनाते हुए कहा कि भगवा पार्टी अपने नेताओं की बातों की जगह उनकी बातें ज्यादा गंभीरता से ले रही है। किशोर ने ट्वीट किया, मुझे खुशी है कि भाजपा मेरी बातों को अपने नेताओं के मुकाबले ज्यादा गंभीरता से ले रही है। उन्हें हिम्मत दिखानी चाहिए और पूरा चैट साझा करना चाहिए, सिर्फ कुछ हिस्से का इस्तेमाल कर उत्साहित नहीं होना चाहिए। किशोर ने कहा, मैंने यह पहले भी कहा है और फिर कह रहा हूं... भाजपा बंगाल में 100 का आंकड़ा पार नहीं करेगी।


# मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर चुनावी हिंसा का आरोप लगाया

## कूचबिहार में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी। सिलीगुड़ी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कूचबिहार जिले में शनिवार को चौथे चरण के मतदान के दौरान हुई हिंसा में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और निर्वाचन आयोग से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही उन्होंने राज्य की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस पर चुनावों के दौरान हिंसा फैलाने का आरोप लगाया।

यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों पर आड़े हाथों लेते उन पर लोगों को केंद्रीय सुरक्षाबलों के खिलाफ उकसाने और चुनाव प्रक्रिया में रोड़े अटकाने का आरोप भी लगाया। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि तीन चरणों में बंपर मतदान से साफ हो गया है कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार जा रही है और भाजपा की सरकार आ रही है। उन्होंने कहा, इस बीच, कूचबिहार में जो हुआ है, वह बहुत ही दुखद है। जिन लोगों की मृत्यु हुई है, मैं उनके निधन पर दुख जताता हूं। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ है। मोदी ने कहा, भाजपा के पक्ष में जन समर्थन देखकर दीदी और उनके गुंडों में बौखलाहट हो रही है। अपनी कुर्सी जाते देख दीदी इस स्तर पर उतर आई हैं, लेकिन मैं दीदी को, टीएमसी को और उनके गुंडों को साफ-साफ कह देना चाहता हूं कि अब उनकी मनमानी बंगाल में नहीं चलने दी जाएगी।



प्रधानमंत्री ने निर्वाचन आयोग से आग्रह किया, कूचबिहार में जो हुआ, उसके दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। ज्ञात हो कि कूचबिहार जिले के सीतलकूची में शनिवार को स्थानीय लोगों द्वारा हमला किए जाने के बाद सीआईएसएफ ने कथित तौर पर गोलियां चलाई जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। ऐसा आरोप है कि स्थानीय लोगों ने सीआईएसएफ जवानों की राइफलें छीनने की कोशिश की। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर लोगों को केंद्रीय सुरक्षाबलों के खिलाफ उकसाने और चुनाव प्रक्रिया में रोड़े अटकाने का आरोप लगाया और कहा ऐसे तरीकों से भी ममता बनर्जी की सरकार बचने वाली नहीं है।

उन्होंने कहा, आपके 10 सालों के कुकर्मों से, ये हिंसा आपकी रक्षा नहीं कर सकती। दीदी, इस हिंसा से...सुरक्षा बलों के खिलाफ लोगों को उकसाने और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने से, आपकी सरकार बचने वाली नहीं है। दीदी लोगों से उन सुरक्षा बलों पर हमले करने और घेराव करने को कह रही हैं जो आपके अधिकारों की रक्षा करने के लिए यहां हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 साल पहले बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी को बंगाल की सेवा का बेहतरीन अवसर दिया था, लेकिन उन्होंने इतने स्वर्णिम अवसर को गंवा दिया और बंगाल को बर्बाद कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि 10 साल तक गरीबों को सताने वाले गुंडों, हत्यारों और लुटेरे तोलाबाजों पर दीदी को गुस्सा नहीं आया, लेकिन वह उन सुरक्षाबलों पर गुस्सा कर रही हैं जो बंगाल के लोगों के अधिकार की रक्षा कर रहे हैं।

उसके बाद तोलाबाज, सिंडिकेट और कटमनी मुक्त बंगाल बनेगा। उत्तर बंगाल को देश की सुरक्षा के लिए बहुत अहम बताते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि देश के भीतर बैठी कुछ ताकतों वहां की सुरक्षा को चुनौती दे रही हैं। उन्होंने कहा, तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति ने इस क्षेत्र की जो हालत की है... केंद्र सरकार ऐसी ताकतों से सख्ती से निपट रही है। बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के बाद क्षेत्र से ऐसी हर ताकत को हटाया जाएगा, जिसे टीएमसी ने लाकर बसाया है। भाजपा सरकार आपके अधिकारों और आपकी पहचान की रक्षा करेगी।

एक वीडियो का हवाला देते हुए उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अनुसूचित जाति के लोगों का अपमान करने का आरोप लगाया और दावा किया कि ममता बनर्जी ने गरीबों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों को उनका जायज हक नहीं दिया।

### पंचायत चुनावों की छप्पा वोट नहीं, इसलिए दीदी नाराज होकर दे रहीं गालियां

**प्रधानमंत्री** ने आरोप लगाया कि पिछले पंचायत चुनावों की तरह दीदी के गुंडे, छप्पा वोट (फर्जी मतदान) नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए ममता बनर्जी उनसे नाराज हैं और उन्हें गालियां दे रही हैं। उन्होंने कहा, अब वह अपनी रैलियों में छप्पा वोट की ट्रेनिंग देने लगी हैं। एक राज्य की मुख्यमंत्री, 10 साल सरकार में रहने के बाद सिखा रही हैं कि केंद्रीय सुरक्षा बलों का घेराव करना है? कैसे सुरक्षा बलों को पीटना है? कैसे उनपर हमला करना है, यह सब बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के बहादुर सुरक्षा बल जो आतंकवादियों और नक्सलियों से नहीं डरते, वह दीदी के गुंडों और उनकी धमकियों से नहीं डरने वाले हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल में दशकों से जिस तरह का राजनीतिक वातावरण बना दिया गया है, वो बदलने का समय आ गया है। उन्होंने कहा दीदी, आप बंगाल के लोगों की भाग्य विधाता नहीं हैं और बंगाल के लोग आपकी जागीर नहीं हैं। आपको जाना ही होगा, यह बंगाल की जनता ने ठान लिया है।

# मोदी सरकार ने कोरोना की परिस्थिति में कुप्रबंधन किया टीके की कमी होने दी : सोनिया

एजेंसी। नई दिल्ली



**कोरोना के संक्रमण के प्रसार से निपटने के लिए सख्त कदम उठाने और साथ ही कमजोर तबकों की मदद करने की जरूरत है**

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने कोरोना महामारी में कुप्रबंधन किया और टीके का निर्यात कर देश में इसकी कमी होने दी।

उन्होंने पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और कांग्रेस के गठबंधन वाली प्रदेश सरकारों में शामिल पार्टी के मंत्रियों की बैठक में यह भी कहा कि कोरोना के संक्रमण के प्रसार से निपटने के लिए सख्त कदम उठाने तथा साथ ही कमजोर तबकों की मदद करने की जरूरत है। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हुई बैठक में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। सोनिया ने कहा, कोरोना वायरस संक्रमण बढ़ रहा है और ऐसे में मुख्य विपक्षी दल के तौर पर हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम मुद्दों को उठाएं और सरकार पर दबाव बनाएं कि वह जनसरोकार की तरकीबें अपनाने की बजाय जनहित में काम करें।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया, पारदर्शिता होनी चाहिए। सरकार को कांग्रेस शासित समेत सभी राज्यों में संक्रमण और मौत के वास्तविक आंकड़े पेश करने चाहिए। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए सोनिया ने कहा, हमें सबसे पहले भारत में टीकाकरण अभियान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और इसके बाद टीके का निर्यात करना और दूसरे देशों को तोहफे में देना चाहिए। हमें इस बात पर जोर देना होगा कि जिम्मेदाराना व्यवहार हो और बिना किसी अपवाद के कोविड संबंधी दिशा-निर्देशों एवं सभी कानूनों का पालन किया जाए। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक, संघवाद का सम्मान करते हुए राज्यों के साथ सहयोग करना और विपक्ष की ओर से केंद्र सरकार के प्रयासों में सहयोग करना इस महामारी के खिलाफ लड़ाई में समान रूप से महत्वपूर्ण है। इस लड़ाई में सब एकजुट हैं।

उन्होंने आरोप लगाया, मोदी सरकार ने इस परिस्थिति में कुप्रबंधन किया। टीके का निर्यात कर दिया और देश में टीके की कमी होने दी। सोनिया ने कहा, चुनावों के लिए बड़े पैमाने पर लोगों का जमा होने और धार्मिक आयोजनों से कोविड के मामलों में तेजी आई है। इसके लिए हम सभी कुछ हद तक जिम्मेदार हैं।

# बाबा साहेब वाहिनी का गठन करेगी सपा : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की जयंती के मौके पर पार्टी बाबा साहेब वाहिनी का गठन करेगी।

यादव ने शनिवार को एक ट्वीट में कहा, संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर के विचारों को सक्रिय कर असमानता-अन्याय को दूर करने तथा सामाजिक न्याय के समतामूलक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, इसके दो दिन पहले यादव ने कहा था, भाजपा के राजनीतिक अमावस्या के काल में वह संविधान खतरे में है, जिससे बाबा साहेब ने स्वतंत्र भारत को नई रोशनी दी थी। इसलिए बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की जयंती (14 अप्रैल) को सपा उत्तर प्रदेश, देश और विदेश में दलित दीवाली मनाने का आह्वान करती है।

# नागपुर अस्पताल आग : महिला मरीज सहित चार लोगों की मौत, दो गंभीर

एजेंसी। नागपुर

**नागपुर** में एक निजी अस्पताल में आग लगने से एक महिला सहित चार मरीजों की मौत हो गई जबकि दो मरीजों की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग शुक्रवार रात आठ बज कर 10 मिनट पर चार मंजिला वेल ट्रीट हॉस्पिटल के आईसीयू वॉर्ड में लगी। यह अस्पताल शहर के वाडी इलाके में स्थित है। अधिकारी ने बताया कि यह गैर कोविड अस्पताल है और यहां 31 मरीजों का इलाज चल रहा था, जिनमें से दस मरीज आईसीयू में थे। नागपुर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने बताया, आग लगने से चार मरीजों की मौत हो गई। उनमें से एक की मौत संभवतः आग लगने से पहले ही हो गई थी लेकिन शरीर पर जलने के निशान थे। पोर्ट मॉर्टम के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। नागपुर नगर निगम (एनएमसी) के मुख्य दमकल अधिकारी राजेन्द्र उचके ने बताया कि अस्पाल के दूसरे तल पर स्थित आईसीयू में एक एसी यूनिट में आग लग गई। उन्होंने बताया, आग दूसरे तल तक ही सीमित रही और आगे नहीं फैल पाई क्योंकि अस्पताल कर्मियों ने दमकल कर्मियों के पहुंचने तक आग बुझाने का काम जारी रखा।

**पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने बताया, आग लगने से चार मरीजों की मौत हो गई**

# कोविड-19 टीका आवंटन के मानक बनाए जाएं : टोपे ने केंद्र सरकार से कहा

एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने केंद्र से अपील की कि किसी राज्य की आबादी और वहां उपचाराधीन मरीजों की संख्या को ध्यान में रखते हुए कोविड-19 टीका आवंटन के मानक बनाए जाएं।

उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की तुलना में आबादी में छोटे और उपचाराधीन मरीजों की कम संख्या वाले कई राज्यों को टीके की ज्यादा खुराकें मिल रही हैं। टोपे ने संवाददाताओं से कहा कि केंद्र की तरफ से भेजे गए 3.5 करोड़ खुराकों में से महाराष्ट्र को सात लाख खुराकें मिलीं और उत्तर प्रदेश को इतनी खुराकें बाद केंद्र ने दस लाख और खुराकें दी हैं। उन्होंने कहा, आबादी और उपचाराधीन मरीजों की संख्या के लिहाज से मानक तय किए जाने चाहिए। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र की आबादी 12 करोड़ से अधिक है और यहां कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या देश भर की कुल संख्या का 60 फीसदी है।



**मरीजों की कम संख्या वाले कई राज्यों को टीके की ज्यादा खुराकें मिल रही हैं**

उन्होंने कहा कि संख्या ज्यादा है क्योंकि जांच में काफी बढ़ोतरी हुई है। टोपे ने कहा कि रोजाना छह लाख खुराकें देने के लिए राज्य सरकार अपनी क्षमता का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा, हम रोजाना छह लाख लोगों का टीकाकरण कर रहे हैं।


हर हफ्ते हम 40 लाख लोगों का टीकाकरण कर रहे हैं और हर महीने करीब 1.60 करोड़ लोगों का... हमें उसी मुताबिक टीके चाहिए। जहां ज्यादा मामले हैं, वहां प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की जरूरत है और टीका ही एकमात्र उपाय है। उन्होंने पूछा, आज हमारे पास आठ लाख टीके मौजूद हैं और हमें बताया गया है कि एक दिन में चार लाख खुराकें और मिलेंगी। अगर रोजाना आधार पर टीकों की आपूर्ति होती है, तो फिर समय रहते राज्य के अन्य हिस्सों में टीकों की आपूर्ति कैसे की जाएगी? टोपे ने कहा कि मुंबई में 70 टीका केंद्र बंद हैं और सांगली, सतारा, पनवेल में भी टीके की कमी है, जिस कारण वहां के सभी केंद्र प्रभावित हैं।

# मांग बढ़ने से सरसों, सोयाबीन दाना फसलों में सुधार

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** तेल-तिलहन बाजार में मांग बढ़ने की वजह से शनिवार को सरसों दाना के भाव में 50 रुपये प्रति क्विंटल का सुधार दर्ज हुआ जबकि सोयाबीन खल (डीओसी) की निर्यात के साथ पाल्ट्री फार्मों की स्थानीय मांग के कारण सोयाबीन दाना के भाव में भी सुधार आया।

सामान्य कारोबार के बीच मूंगफली, सीपीओ और पामोलीन जैसे बाकी खाद्यतेलों की कीमतें पूर्वस्तर पर बंद हुई तेल उद्योग के जानकारों के मुताबिक मंडियों में सरसों की आवक कम है और किसान रोक रोक कर मंडियों में अपनी उपज ला रहे हैं। राजधानी के नजफगढ़ मंडी में जहां प्रतिदिन 20,000 बोरी सरसों की आवक थी वह 1,000 -1,200 बोरी



प्रतिदिन रह गई है। उन्होंने कहा कि सरसों के स्टॉक को बचाकर रखने का जो काम सहकारी संस्था नाफेड और हाफेड को करना था, वह काम किसान कर रहे हैं। तेल उद्योग के विशेषज्ञ पवन कुमार गुप्ता के अनुसार सोयाबीन के खल (डीओसी) की भारी निर्यात मांग है स्थानी पाल्ट्री कंपनियों की ओर से भी सोयाबीन डीओसी की भारी मांग है। जिससे सोयाबीन दाना और लूज के भाव में सुधार दिखा।

उन्होंने कहा कि अगली बिजाई के समय के लिए सरकार को अभी से सोयाबीन के बेहतर दाने या बीज का इंतजाम रखना होगा जिससे आगे और बेहतर उत्पादन होने की संभावना मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से किसानों की मदद और समर्थन जारी रहा तो जल्द ही देश तिलहन उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर और अगली कतार के देशों में होगा गुप्ता ने कहा कि सरकार को ऐसे तत्वों पर लगाम लगानी होगी जो सरकार के फैसले के आने से पहले बाजार में आयात शुल्क कम किए जाने के संबंध में अफवाहें फैलाते हैं और फायदा कमाते हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे लोग अफवाहों के जरिए देश की अर्थव्यवस्था के साथ खिलवाड़ करते हैं। खाद्य तेल उद्योग के लोगों की राय मेंसरकार को गेहूं और चावल उत्पादन बढ़ाने के बजाय तिलहन उत्पादन पर जोर बढ़ाना चाहिए क्योंकि सरकारी गोदामों में गेहूं, चावल के पुराने स्टॉक बिना किसी उपयोग के पड़े हैं। यदि गेहूं, चावल के चक्र से निकल कर तिलहन उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जाए तो इससे फसलों का विविधीकरण होगा और तिलहन के आयात पर भारी मात्रा में खर्च होने वाले धन की बचत होगी और किसानों को लाभ पहुंचेगा।

### बाजार में थोक भाव इस प्रकार रहे

सरसों तिलहन - 6,310 - 6,350 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये।
मूंगफली दाना - 6,485 - 6,530 रुपये।
मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात)- 15,900 रुपये।
मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 2,530- 2,590 रुपये प्रति टिन।
सरसों तेल दादरी- 12,900 रुपये प्रति क्विंटल।
सरसों पक्की घानी- 2,030 -2,110 रुपये प्रति टिन।
सरसों कच्ची घानी- 2,210 - 2,240 रुपये प्रति टिन।
तिल तेल मिल डिलिवरी - 14,800 - 17,800 रुपये।
सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 14,350 रुपये।
सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 14,150 रुपये।
सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 13,070 रुपये।
सीपीओ एक्स-कांडला- 11,780 रुपये।
बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 13,500 रुपये।
पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 13,550 रुपये।
पामोलिन कांडला 12,600 (बिना जीएसटी के)
सोयाबीन दाना 6,700 - 6,800 रुपये; सोयाबीन लूज 6,550 - 6,600 रुपये मक्का खल 3,700 रुपये।

# संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में पेट्रोल पंपों की हड़ताल, लोग हुए परेशान

**जयपुर।** राजस्थान में लगभग 7,000 पेट्रोल पंपों पर हड़ताल के कारण शनिवार को लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और अनेक जगह लोग पेट्रोल, डीजल के लिए घूमते दिखे। पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने राजस्थान सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर वैट वृद्धि के विरोध में शनिवार को एक दिन की हड़ताल रखी है। हड़ताल के कारण राज्य में निजी स्वामित्व वाले लगभग 7,000 पेट्रोल पंप सुबह छह बजे से बंद रहे। हालांकि कंपनी स्वामित्व व कंपनी द्वारा परिचालित कुछ पंप खुले हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनीत बगई ने कहा कि शनिवार को राज्य में पेट्रोल व डीजल की बिक्री नहीं हो रही है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने कोरोना काल में भी वैट बढ़ा दिया और अतिरिक्त आय अर्जित की। पड़ोसी राज्यों में दाम तुलनात्मक रूप से कम होने के कारण राजस्थान में बिक्री 34 प्रतिशत घट गई है। एसोसिएशन की ओर से कहा गया है कि राज्य सरकार ने वैट में कमी की उसकी मांग नहीं मानी तो 25 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। संगठन के अनुसार इस हड़ताल के कारण लगभग तीन करोड़ लीटर पेट्रोल-डीजल की बिक्री प्रभावित रहेगी जिससे सरकार को पथ उपकर सहित 34 करोड़ रुपये के राजस्व की हानि होगी।

### सऊदी अरब में राजद्रोह के लिए तीन सैनिकों को फांसी दी गई

**दुबई।** सऊदी अरब ने तीन सैनिकों को राजद्रोह के मामले में दोषी पाए जाने के बाद शनिवार को फांसी दे दी। सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी ने बताया है कि ये सैनिक रक्षा मंत्रालय में कार्यरत थे। उसने यह नहीं बताया कि इन सैनिकों ने देश के दुश्मनों की किस तरह मदद की। सऊदी अरब यमन में ईरान समर्थित हूथी विद्रोहियों से लड़ रहा है। सऊदी अरब ईरान को क्षेत्र में अपना प्रतिद्वंद्वी मानता है। सऊदी अरब ने कहा कि तीन व्यक्तियों को अदालत ने दोषी पाया था। एमनेस्टी इंटरनेशनल के मुताबिक, 2019 में सऊदी अरब में 184 लोगों को मौत की सजा दी गई थी।

### प्रिंस फिलिप के निधन पर उन्हें दी जाएगी तोपों की सलामी

**लंदन।** ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग और ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के पति प्रिंस फिलिप के निधन पर उन्हें देश भर में, जिब्राल्टर और समुद्र में तोपों की सलामी दी जाएगी। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि लंदन, एडिनबर्ग, कार्डिफ एवं बेलफास्ट, जिब्राल्टर और रॉयल नौसेना युद्धकपोत से उन्हें 41 तोपों की सलामी दी जाएगी। इससे पहले, महारानी विक्टोरिया के 1901 में और विंस्टन चर्चिल के 1965 में निधन पर भी उन्हें तोपों की सलामी दी गई थी। अधिकारी कोरोना वायरस संक्रमण के कारण लोगों से इसे घर पर ही रह कर टेलीविजन पर और ऑनलाइन देखने का अनुरोध कर रहे हैं। प्रिंस फिलिप का 99 वर्ष की आयु में शुक्रवार को निधन हो गया था।

### अलीबाबा पर 2.8 अरब डॉलर का जुर्माना लगाया

**बीजिंग।** दुनिया की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी अलीबाबा ग्रुप पर चीन के नियामकों ने शनिवार को प्रतिस्पर्धा रोधी व्यवहार के लिए 18.3 अरब युआन (2.8 अरब डॉलर) का जुर्माना लगाया है। चीन में सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी तेजी से बढ़ते प्रौद्योगिकी उद्योगों पर अपना नियंत्रण बढ़ा रही है। पार्टी नेता अलीबाबा सहित चीन की बड़ी इंटरनेट कंपनियों के बढ़ते दबदबे से चिंतित हैं। इन नेताओं का मानना है कि जब उद्योग वित्त, स्वास्थ्य सेवा और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में विस्तार कर रहा है, इंटरनेट कंपनियों का बढ़ता दबदबा चिंता की बात है। पार्टी ने कहा कि इस साल हमारी प्राथमिकता विशेषरूप से प्रौद्योगिकी उद्योगों में एकाधिकार को समाप्त करना है। बाजार नियमन प्रशासन ने कहा कि अलीबाबा पर अपनी दबदबे की स्थिति का लाभ उठाने के लिए यह जुर्माना लगाया गया है। अलीबाबा ने उसके मंच का इस्तेमाल करने वाले रिटेलर्स के बीच प्रतिस्पर्धा को सीमित किया और वस्तुओं की मुक्त आपूर्ति में अड़चन पैदा की। यह जुर्माना 2019 में कंपनी की कुल 455.71 अरब युआन या 69.5 अरब डॉलर की बिक्री के चार प्रतिशत के बराबर है।

### आग से बचने के लिए तेंदुआ ट्रांसफार्मर पर चढ़ा, मौत

**रायसेन, (मप्र)।** मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में खेत में नरवाई की आग से बचने के लिए एक तेंदुआ बिजली के ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया, लेकिन करंट लगने से उसकी मौत हो गई। वन अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) अजय कुमार पांडे ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को जिले के बाबलिया पथार गांव के बाहर हुई। उन्होंने बताया, तेंदुआ भोजन की तलाश में जंगल से बाहर निकल कर एक खेत की तरफ आ गया था। खेत में नरवाई जलाई जा रही थी। इस पर तेंदुआ आग से बचने के लिए वहां एक ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया। लेकिन करंट लगने से उसकी मौत हो गई।

### अमीरात ने दो अंतरिक्ष यात्रियों के नाम की घोषणा की

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए शनिवार को दो अंतरिक्ष यात्रियों के नाम की घोषणा की जिनमें एक महिला शामिल है जो देश की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री होंगी। दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतौम ने इन दो अंतरिक्ष यात्रियों के नाम की घोषणा ट्विटर पर की। इसके मुताबिक नौरा अल मतरोशी देश की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री होंगी। दूसरे अंतरिक्ष यात्री का नाम मोहम्मद अल मुल्ला है इन दोनों का चयन यूएई में 4,000 से अधिक आवेदकों में से किया गया। वर्ष 2019 में हज्जा अल मंसूरी अंतरिक्ष में जाने वाले यूएई के पहले व्यक्ति बने थे। वह आठ दिन के मिशन के लिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रहे थे। यूएई की अंतरिक्ष संबंधी कई महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। वह 2024 तक चांद पर मानवरहित विमान भेजना चाहता है।

### बांग्लादेश में मस्जिद के अंदर हमला, 12 लोग घायल

**ढाका।** उत्तरी बांग्लादेश में कट्टरपंथी इस्लामी समूह के कार्यकर्ताओं ने एक मस्जिद में इबादत करने आए लोगों पर हमला कर दिया, जिसमें कम से कम 12 लोग घायल हो गए। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार घटना शुक्रवार को गाइबांधा जिले की एक मस्जिद में हुई जब स्वयंभू हिफाजत-ए-इस्लाम के कार्यकर्ताओं ने इमाम का माइक छीन लिया और अपने संगठन के बारे में बोलने लगे। मस्जिद के इमाम मतलूब उद्दीन ने कहा कि जब नमाजियों ने दखल देने की कोशिश की तो उन्होंने उनपर हमला कर दिया। खबर के अनुसार हमले में कम से कम 12 लोग घायल हो गए। सुंदरगंज थाने में मामला दर्ज किया गया है। प्रभारी अधिकारी बुलबुल इस्लाम ने कहा, मस्जिद समिति के बीच मतभेदों के कारण यह घटना हुई।

### जलवायु परिवर्तन से निपटने की लड़ाई में भारत अहम साझेदार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक शीर्ष सांसद ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने की लड़ाई में भारत एक अहम साझेदार है। सांसद ने यह बात अमेरिका के विदेश दूत जॉन कैरी की हाल में की गई भारत यात्रा की सराहना करते हुए कही। कांग्रेस सदस्य फ्रैंक पैलोन ने सिलसिलेवार ट्वीट किया, मुझे प्रसन्नता है कि वैश्विक उत्सर्जन लक्ष्यों को प्राप्त करने में अमेरिका-भारत के सहयोग पर चर्चा करने के वास्ते कैरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने की लड़ाई में भारत एक अहम साझेदार है और राष्ट्रपति जो बाइडन के अर्थ डे सम्मेलन के लिए सम्माननीय भागीदार है। सांसद इड मर्के ने भी इसी प्रकार के विचार कहे।

### झालावाड़ जिले में दूसरे चरण में संतरा उत्पादन 60 प्रतिशत घटा

**कोटा।** संतरे की बागवानी के लिए चर्चित राजस्थान के झालावाड़ जिले में पिछले वर्ष वर्षा कम होने से संतरे के उत्पादन पर बुरा असर पड़ा और दूसरे फूल वाले उत्पादन में लगभग 60 प्रतिशत की गिरावट आई है। झालावाड़ के संतरे कुछ वर्षों से बाजार में विशेष स्थान बना चुके हैं। यहां के संतरे के महाराष्ट्र के नागपुर में उत्पादित प्रसिद्ध संतरों से अधिक रसदार माने जाते हैं। झालावाड़ जिले के बागवानी विभाग के संयुक्त निदेशक, पीके गुप्ता, ने कहा कि जिले के डूंग, भवानीमंडी और पेदावा झालरापाटन क्षेत्र में 40,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि में संतरे के बागीचे हैं। इस वर्ष दूसरे फूल के दूसरे सीजन में संतरे के लाखों टन फल आते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में पिछले साल प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों ने संतरे के उत्पादन को केवल 40 प्रतिशत तक सीमित कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले साल, जुलाई-अगस्त में फूल लगने के दूसरे चरण में 3,28,000-3,30,000 टन संतरा उत्पादन होने का अनुमान लगाया गया था।

# उम्मीद की किरण

**फिल्म निर्माता और 'एज ऑफनेचर' सीरीज़ के प्रोड्यूसर वेरिटी वाइट, प्रकृति के साथ हमारे संबंधों, इसपर हमारा प्रभाव, ये कैसे काम करती है और हम किस प्रकार से पृथ्वी पर जीवन में संतुलन को पुनर्स्थापित कर सकते हैं, जैसे बिंदुओं पर एक नए ढंग से दृष्टि डाल रही हैं। टीम पायनियर की प्रस्तुति-**





विश्व में निरंतर परिवर्तन हो रहे हैं। और स्पष्ट है कि पृथ्वी के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर तीन बातें सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं: जागरूकता, समझ विकसित करना और परिवर्तन के प्रति सक्रिय भागीदारी। इस संदर्भ में प्रकृति तथा उसमें अपने स्थान के प्रति गहन समझ विकसित करने में सहायता करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सोनी बीबीसी अर्थ चैनल एक नई सीरीज़ 'एज ऑफनेचर' लेकर आ रहा है। ये नया शो प्रकृति के प्रति हमारे संबंधों पर नए ढंग से दृष्टिपात करता है और बताता है कि किस प्रकार हम पृथ्वी पर संतुलन को दुबारा से स्थापित कर सकते हैं। प्रस्तुत हैं उनसे बातचीत के अंश-

**नया शो 'एज ऑफनेचर' दर्शकों को क्या संदेश देने का प्रयास करता है?**

हम चाहते थे कि दर्शक प्रकृति के बारे में कुछ मूलभूत बातें समझ लें। एक तो ये कि हम इसपर बुरी तरह से निर्भर हैं, फिर चाहे आप गांव में फॉर्महाउस में रह रहे हों या फिर नगरों में। आप जल पीते हैं, वायु की श्वांस लेते हैं। इस प्रकार हम किसी न किसी प्रकार से प्रकृति पर निर्भर तो रहते ही हैं। अब हमारी प्रकृति ही थोड़ी कठिनाई में प्रतीत होती है। ये बात किसी के लिए नई नहीं है। हम एक ऐसे बिंदु पर आ पहुंचं हैं जिसमें यदि हम प्रकृति के स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान नहीं देते, तो हम भी किसी न किसी कठिनाई में रहने वाले हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि प्रकृति को अपने स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद करना कोई इतना कठिन काम भी नहीं है। इसकी शक्ति और सामर्थ्य असाधारण है। बस हमें इसे थोड़ा स्थान देना होगा और सुनिश्चित करना होगा कि इसे वो सब उपलब्ध हो जिसके बल पर ये अपनी स्थिति में सुधार करने की दिशा में उद्यत हो सके।

**वे कौन से प्रयास हैं जिनके माध्यम से हम अपने ग्रह को पुनर्जीवित कर सकते हैं?**

मेरा मानना है कि यदि हम प्रकृति को थोड़ा समय और अवसर उपलब्ध करा दें तो ये स्वयं ही अपने को ठीक कर लेगी। प्रकृति में हर क्षण परिवर्तन होते रहते हैं और ये अच्छी बात है। लेकिन हमें बस इसे कुछ समय तक उसके हाल पर छोड़ देना चाहिये और ये स्वयं को पुनर्जीवित कर लेगी। यदि आप इसे खाली मैदान उपलब्ध करा दें तो ये अत्यंत शीघ्रता से पौधों और परागण के माध्यम से बीजारोपण कर लेगी और चिड़ियों के साथ से नई पौध कुछ ही दिन में लहलहाने लगेगी। हमें इसे बस कुछ रिक्त समय और स्थान उपलब्ध भर कराना है, रसायनों से दूर रखना, तथा अपनी सघन खेती करने की आदत, निर्माण की निरंतरताविहीन तकनीकों को इससे दूर रखना होगा और आप देखेंगे कि कुछ ही दिनों में पूरा परिदृश्य ही बदल जाएगा।

**इस शो में जागरूकता, समझदारी तथा परिवर्तन की व्याख्या किस प्रकार से की गई है?**

हम फिल्म निर्माताओं को अतीत में जाकर देखना होगा कि हम वर्तमान स्थिति में किन किन कारकों के कारण पहुंचे हैं। प्रकृति के स्वास्थ्य मे आये वर्तमान क्षरण का मूल इतना पुराना भी नहीं है कि इसकी पहचान न की जा सके। हम मनुष्य इस धरा पर कुछ ही सौ साल पहले इतनी सघनता से इसका दोहन कर रहे हैं। अत: आपको पता है कि क्या और कैसे हुआ है। वे कौन से कारण थे जिनके चलते हम वर्तमान स्थिति में पहुंचे हैं। लेकिन ये भी सही है कि हम प्रकृति के प्रति सहानुभूति रखने लगे हैं और आज से 50 वर्ष पहले से ही हम इस दिशा में अधिक जागरूक भी हुए हैं। इसका कारण ये है कि प्रकृति के प्रति हमारी समझ आज श्रेष्ठ और गुणवत्तापूर्ण है। आप इस बिंदु के बारे में इसके दूसरे एपिसोड में देख सकेंगे। आज का विज्ञान भी इस दिशा मे उन्नत हो चुका है। आज हमें पता है कि समुद्री घारा किस प्रकार से काम करती है, वातावरण किस प्रकार से धरती की रक्षा करता है। जैव विविधता किस प्रकार से काम करती है। आप देखेंगे कि धरती के बारे में सबकुछ आपस में जुड़ा है। आज से 50 साल पूर्व हमें ये जानकारियां नहीं थीं लेकिन आज हम इस बारे में पर्याप्त ज्ञान रखते हैं। इसका एक अर्थ ये भी है कि आज हमें पता है कि हम धरती का किस प्रकार से अधिक अच्छे ढंग से ध्यान रख सकते हैं। जलवायु परिवर्तन की दिशा में हम भविष्य में किस दिशा में चलेंगे, हम सभी मनुष्यों के लिए ये अब तक का सबसे बड़ी चुनौती होगी और इस चुनौती से पार पाने में प्रकृति ही हमारी सहायक भी होने वाली है क्योंकि ये कार्बन का पृथक करने की क्षमता रखती है और वातावरण से कार्बन कम करने का ये सबसे सस्ता और सरल ढंग है और हमें ये शीघ्रता से करना होगा।

**क्या आप प्रकृति के संतुलन के महत्व की व्याख्या करेंगी और हम मनुष्य इसे किस प्रकार से प्रभावित करते हैं?**

प्रकृति का संतुलन एक अत्यंत रोचक शब्द है। मेरा मानना है कि प्रकृति संतुलन से परे है। ये वाइल्ड है, गतिशील है और हर समय चलायमान और परिवर्तनशील है। वनों में आग लगना और बाढ़ आना प्राकृतिक अवधारणाएं हैं। प्रकृति धरती पर होने वाले हर परिवर्तन के प्रति शीघ्रता से सामंजस्य स्थापित कर लेती है। यदि आप वृहद स्तर पर देखें तो भी ये संतुलन स्थापित कर ही लेती है। लेकिन हम प्रकृति से स्थिर और शांत रहने की अपेक्षा नहीं कर सकते। प्रकृति को हमें इतना सक्षम बनाए रखना है कि वो इस प्रकार के परिवर्तन कर सके क्योंकि यही इसका काम है और यही ये करती आई है। इसी कारण से इसे अधिक अवसर दिये जाने चाहिये। मेरे अनुसार यदि हम प्राकृतिक संतुलन को सही रखना चाहते हैं तो हमें प्रकृति को अधिक समय और स्थान तथा अवसर उपलब्ध कराने होंगे।

**इस शो के बनने के दौरान प्रकृति के बारे में वे कौन सी बातें थीं जो आपने सीखीं?**

मैंने कुछ तकनीकी शब्द सीखे। मेरे लिए सबसे बड़ा रहस्योद्घाटन था शब्द 'प्रकृति की कार्बनवनों के संचय करने की क्षमता'। ये कार्बन को अपनी जैविक विविधता की शक्ति के बल पर संचित करता है। अत: केवल पौधारोपण के माध्यम से ही हम कार्बन को कम नहीं कर सकते। बल्कि ये संचय मिट्टी में होना चाहिये। ये सागरों के तल में पानी के नीचे होना चाहिये। ये तभी संभव है जब हमारी पारिस्थितिकी प्रणाली स्वस्थ हो और हमारी जैव विविधता सशक्त। जब हम प्रकृति को नष्ट करते हैं और जब हम मछली पकड़ने के लिए बड़े फिशिंग टॉलरों का प्रयोग करते हैं, जब हम जंगलों को जलाते हैं, जब हम गुड़ाई करते हैं, हम उतना कार्बन धरती में डाल देते हैं जितना फॉसिल फ्यूल जलाने से होता है। ये बातें मुझे पहले नहीं पता थीं। इसके अलावा एक और सर्वाधिक रोचक शूट उत्तरी अमेरिका में येलोस्टोन पार्क में भेड़ियों के आवास का था जहां लोगों ने भेड़ियों के साथ रहना सीख लिया है। अब लोग शिकारी पशुओं के साथ पारिस्थितिकी में रहना सीख चुके हैं और हमें उनके अनुभवों को यूरोप और दूसरे स्थानों पर भी क्रियान्वित कर सकते हैं।

**आपका वन्यजीव फिल्म निर्माण के व्यवसाय में आना किस प्रेरणा के चलते संभव हुआ?**

मैं बचपन से ही प्रकृति के सानिध्य में रहना पसंद करती थी। मैं चीजों को ध्यान से देखने, कीड़ों को पकड़ने, उन्हें घर लाने जैसे काम करती रहती थी जिससे मेरी मां बहुत डरती थीं। ये मुझमें वंशानुगत होगा क्योंकि मैं निरंतर इसी दिशा में सोचा करती थी। इसके अलावा मैं कहानी कहने में रुचि रखती हूं जबकि फिल्म निर्माण की तकनीक आदि से मैं दूर ही रहती आई हूं। ऐसे में दोनों बातों को पूरा करने के लिए ही मैं वन्यजीवन पर आधारित फिल्में बनाने के क्षेत्र में आयी। और मेरा मानना है कि आप वन्यजीवन पर अच्छी फिल्मों का निर्माण तब तक नहीं कर सकते जब तक आप इसे एक अच्छी कहानी का रूप नहीं देते और इस बात को रेखांकित नहीं करते कि हमारी प्रकृति संकट के दौर से गुजर रही है। हमें आज इसकी ओर अधिक ध्यान देना होगा।

**क्या आप भारतीय दर्शकों को किसी प्रकार का संदेश देना चाहती हैं?**

मुझे लगता है कि भारत से हम और देशों की अपेक्षा अधिक आशा रख सकते हैं। जलवायु परिवर्तन की स्थिति भयावह स्थिति में है। लेकिन प्रकृति में संभावना है और सभी लोग अपनी अपनी भूमिका का निर्वाह कर सकते हैं। हम गांवों, नगरों और खेती के दौरान इन बातों का ध्यान रख सकते हैं। हमारी प्रकृति हर बात के लिए आपकी कृतज्ञ होगी, फिर चाहे आप सबसे सूक्ष्म योगदान ही क्यों न करें। आपके प्रयासों से आपको और हम सभी को रहने के लिए एक न एक दिन एक स्वस्थ ग्रह अवश्य उपलब्ध हो सकेगा।

**( शो 12 अप्रैल को सोनी बीबीसी अर्थ चैनल पर रात 9 बजे प्रीमियर होगा )**



# रोहित शर्मा ने गैंडों के संरक्षण की अपील की



**चेन्नई।** मुंबई इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उदघाटन मैच में एक सींग वाले गैंडों के तस्वीरों वाले जूते पहनकर दुनिया से विलुप्ति होती इस प्रजाति के संरक्षण की अपील की। रोहित ने इस आईपीएल में एक सींग वाले गैंडों या भारतीय गैंडों के संरक्षण के लिए आईपीएल के दौरान यह विशेष तरीका अपनाया है। इस सलामी बल्लेबाज ने विशेष तरह के जूते पहने हुए थे जिसमें इस संकटग्रस्त प्रजाति की तस्वीरें बनी हुई थी। मौजूदा चैंपियन मुंबई एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए इस मैच में दो विकेट से हार गया था। रोहित ने ट्वीट किया , कल जब मैं मैदान पर उतरा तो मेरे लिए यह एक मैच से अधिक था। क्रिकेट खेलना मेरा सपना था और दुनिया को बेहतर बनाने की दिशा में हम सभी को मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा , यह विषय मेरे दिल के काफी करीब है और इसलिए यह मेरे लिए खास पल था। हर कदम मायने रखता है। भारतीय गैंडे शिकार, पर्यावास के अभाव , आंतरिक प्रजनन और बीमारियों जैसे खतरों से जूझ रहे हैं।

# 99 सॉन्ग्स को रिलीज करने पर रहमान ने कहा, डर है पर फिल्म की कामयाबी सिने जगत की सफलता होगी



**मुंबई।** जाने-माने संगीतकार ए आर रहमान ने कहा है कि महामारी के दौरान जब लोग अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं, ऐसे में वह अपने प्रोड्क्शन की पहली फिल्म 99 सॉन्ग्स रिलीज कर रहे हैं और इस पर उन्हें गर्व है। उन्होंने कहा कि फिल्म की कामयाबी से सिने जगत को प्रोत्साहन मिलेगा।

रहमान ने यह भी कहा कि इस समय लोगों को फिल्म बड़े पर्दे पर देखनी चाहिए और फिल्मकारों तथा निर्माताओं को प्रोत्साहित करना चाहिए, क्योंकि एक फिल्म की कामयाबी पूरे सिने जगत की सफलता है। संगीत ड्रामा

**इस समय लोगों को फिल्म बड़े पर्दे पर देखनी चाहिए और फिल्मकारों तथा निर्माताओं को प्रोत्साहित करना चाहिए, क्योंकि एक फिल्म की कामयाबी पूरे सिने जगत की सफलता है। संगीत ड्रामा 16 अप्रैल को तीन भाषाओं- हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।**

16 अप्रैल को तीन भाषाओं- हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। यह महाराष्ट्र को छोड़कर समूचे भारत में रिलीज की जाएगी। दरअसल, कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर महाराष्ट्र सरकार ने सप्ताहांत पर लॉकडाउन लगा दिया है। रहमान ने चेन्नई से जूम के माध्यम से पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, डर है... हर कोई हैरत कर रहा है कि वह कैसे अभी फिल्म रिलीज कर रहे हैं, क्या वह मूर्ख हैं? लेकिन मेरे ख्याल से, फिल्म रिलीज करनी है और लोगों को इसे बड़े पर्दे पर देखने की जरूरत है। रहमान (54) ने महाराष्ट्र में लॉकडाउन की घोषणा होने से एक हफ्ता पहले साक्षात्कार दिया था।संगीतकार का मानना है कि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कामयाबी का असर मनोरंजन क्षेत्र पर होगा जो महामारी के कारण बुरी तरह से प्रभावित है। उन्होंने कहा, इस वक्त लोगों को फिल्मकारों और निर्माताओं को प्रोत्साहित करना चाहिए क्योंकि एक फिल्म की कामयाबी पूरे सिने जगत की सफलता है। कई लोग उम्मीद खो रहे हैं, परेशान हैं और भविष्य के बारे में सोच रहे हैं। रहमान ने कहा, हमें इसे रिलीज करने का साहस जुटाने पर गर्व है और उम्मीद है कि लोग मास्क लगाकर आएंगे तथा सुरक्षित रहेंगे और फिल्म का आनंद लेंगे। 99 सॉन्ग्स का निर्देशन विश्वेश कृष्णमूर्ति कर रहे हैं और फिल्म के सह-लेखक एवं निर्माता रहमान हैं। उन्होंने फिल्म में संगीत भी दिया है। इस फिल्म से इहान भट और एडिलेसी वर्गस अभिनय करियर की शुरुआत कर रहे हैं।

# महाभारत में इंद्र का किरदार अदा करने वाले सतीश कौल नहीं रहे



**लुधियाना।** महाभारत धारावाहिक समेत कई फिल्मों एवं शो में नजर आ चुके पंजाब के अभिनेता सतीश कौल का कोविड-19 संबंधित स्वास्थ्य जटिलताओं के चलते शनिवार को यहां निधन हो गया। वह 74 साल के थे। कौल की बहन सत्या देवी के अनुसार छह दिन पहले बुखार होने पर उन्हें यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

सत्या देवी ने पीटीआई-भाषा से कहा, अस्पताल में कोविड-19 संक्रमण के चलते आज सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें बुखार था और वह ठीक नहीं थे। हमने उन्हें बृहस्पतिवार को अस्पताल में भर्ती कराया था और उनकी जांच करवाई थी, जिसमें सामने आया था कि वह कोविड-19 से संक्रमित हैं।

कौल के परिवार में उनकी बहन हैं। वह बी आर चोपड़ा के महाभारत में देवराज इंद्र की भूमिका के लिए लोकप्रिय हुए थे। उन्होंने प्यार तो होना ही था , आंटी नंबर वन समेत 300 से अधिक पंजाबी एवं हिंदी फिल्मों में काम किया था। उन्होंने टीवी शो विक्रम और बेताल में भी काम किया था। कौल 2011 में मुम्बई से पंजाब आ गए और उन्होंने अभिनय का एक स्कूल खोला लेकिन उनकी यह कोशिश सफल नहीं रही।

2015 में उनकी कमर की हड्डी टूट गई थी और वह करीब ढाई साल तक बिस्तर पर पड़े रहे। बाद में वह एक वृद्धाश्रम चले गए और वहां 2019 तक रहे। फिर वह एक किराए के मकान में आकर रहने लगे।

पिछल साल मई में उन्होंने कहा था कि वह लॉकडाउन के दौरान दवाइयों, किराना के सामान एवं मूलभूत जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं और उन्होंने फिल्मोद्योग से मदद की अपील की थी।

# पहला मैच नहीं, चैंपियनशिप जीतना महत्वपूर्ण : रोहित

एजेंसी। चेन्नई

मुंबई इंडियन्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुक्रवार को यहां नौवीं बार अपना पहला मैच जीतने में असफल रही लेकिन कप्तान रोहित शर्मा इससे निराश नहीं हैं क्योंकि उनके अनुसार पांच बार की चैंपियन के लिए पहला मैच नहीं चैंपियनशिप जीतना महत्वपूर्ण है।

मुंबई इंडियन्स को आईपीएल-14 के उद्घाटन मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के हाथों दो विकेट से करीबी हार का सामना करना पड़ा। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नौ विकेट पर 159 रन बनाए। आरसीबी ने आखिरी गेंद पर लक्ष्य हासिल किया। रोहित ने मैच के बाद कहा, चैंपियनशिप जीतना महत्वपूर्ण है, पहला मैच नहीं। बहुत अच्छा मुकाबला रहा। हमने उन्हें आसानी से नहीं जीतना दिया। हालांकि हम अपने स्कोर से खुश नहीं थे। हमने 20 रन कम बनाए। उन्होंने कहा, हमने कुछ गलतियां की लेकिन ऐसा होता है। हमें उन्हें भूलकर आगे बढ़ना होगा। पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी और हमें अगले कुछ मैचों में इस पर सोचना होगा।

आरसीबी के कप्तान विराट कोहली ने कहा कि जीत से आगाज करना महत्वपूर्ण है और उनके पास कई विकल्प होने के कारण वे मैच में वापसी करने में सफल रहे। कोहली ने कहा, पिछली बार भी हमने पहला मैच जीता था। अपनी टीम का आकलन करने के लिए मजबूत टीम के खिलाफ खेलना महत्वपूर्ण है। हर किसी ने अपना योगदान दिया। हमारे पास कई विकल्प थे जिससे हम वापसी करने में सफल रहे। उन्होंने कहा, पहली पारी में पिच अच्छी लग रही थी लेकिन बाद में गेंद रुककर बल्ले पर आ रही थी। इसलिए साझेदारी महत्वपूर्ण थी। यह मैदान बैसा नहीं है जिस पर आप जब चाहो शॉट लगा सकते हो। डिविलियर्स इकलौते बल्लेबाज हैं जो धीमी पिच पर भी कमाल कर सकते हैं।

कोहली ने हर्षल पटेल की भी प्रशंसा की जिन्होंने डेथ ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की तथा 27 रन देकर पांच विकेट लिए। पटेल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने कहा, हमने आखिरी छह ओवरों में बहुत अच्छी गेंदबाजी की। हर्षल की गेंदबाजी अहम रही। वह डेथ ओवरों में हमारे गेंदबाज रहेंगे। उन्होंने अपने प्रयास से विकेट हासिल की।



## संक्षिप्त समाचार

### गोवा ने ब्रेंडन फर्नांडिज के साथ करार तीन वर्ष के लिए बढ़ाया

पणजी। देश की शीर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की फ्रेंचाइजी एफसी गोवा ने ब्रेंडन फर्नांडिज के साथ तीन साल का नया करार किया है जिससे वह 2024 तक इस टीम से जुड़े रहेंगे। यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई। इस 26 साल के खिलाड़ी को 2017 के आईएसएल ड्राफ्ट से टीम में शामिल किया था। उनके नाम इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक गोल में मदद करने का रिकार्ड है। फर्नांडिज ने कहा, मैं चार साल पहले यहां आया था और एफसी गोवा के लिए खेलना हमेशा से खास रहा है। मुझे यहां घर जैसा लगता है। हमने एक साथ कई सफलता हासिल की है और मैं इसे आगे भी जारी रखना चाहूंगा। एफसी गोवा के फुटबॉल निदेशक रवि पुस्कूर ने कहा, टीम से पहली बार 2017 में जुड़ने के बाद उनके खेल में काफी सुधार हुआ है और वह देश के बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक है। पिछले चार साल से वह हमारी सफलता के अहम साझेदार हैं।

### ट्राओर के गोल से वोल्व्स ने फुल्हम को हराया

लंदन। एडम ट्राओर के दूसरे हॉफ के इंजुरी टाइम में किए गए गोल की मदद से वोल्वरहैम्प्टन ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में फुल्हम को 1-0 से हराया। स्पेन के विंगर ट्राओर को दाएं छोर से पास मिला जिस पर उन्होंने फुल्हम के गोलकीपर अल्फोंसे एरोला को छकाकर गोल दागा। यह दिसंबर 2019 के बाद उनका पहला गोल है। इस जीत से वोल्व्स के 31 मैचों में 38 अंक हो गए हैं और वह 12वें स्थान पर पहुंच गया है। फुल्हम पर दूसरी डिवीजन में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। उसके 32 मैचों में 28 अंक हैं और वह 20 टीमों की लीग में 18वें नंबर पर है।

### पहले भारत-अमेरिकी ऑनलाइन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते व्यापार रिश्तों को देखते हुए दोनों देशों के बीच क्रिकेट ईस्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की आठ अप्रैल को लाइव स्ट्रीमिंग की गई थी। भारत और अमेरिका के 16 खिलाड़ियों ने मोबाइल क्रिकेट गेमिंग रियल क्रिकेट 20 में हिस्सा लिया जो पांच ओवर का प्रारूप है। इसका परिणाम हालांकि चौंकाने वाला रहा। अमेरिका के फाइनलिस्ट ने भारतीय खिलाड़ी को 13 रन से हराया।

### स्पेन की बाडोसा ने बार्टी को बाहर किया

चार्ल्सटन। स्पेन की पाउला बाडोसा ने विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एशलीग बार्टी को सीधे सेटों में हराकर वोल्वो कार टेनिस ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बाडोसा ने यह मैच 6-4, 6-3 से जीता। उन्होंने पांच बार बार्टी की सर्विस तोड़ी। यह पिछली चार प्रतियोगिताओं में दूसरा अवसर है जबकि बाडोसा अंतिम चार में पहुंची है। उनका सामना अब रूस की 15वीं वरीय वेरोनिका कुदेरमेतोवा से होगा। कुदेरमेतोवा ने पूर्व यूएस ओपन चैंपियन सलोनी स्टीफन्स को 6-3, 6-4 से पराजित किया। मोंटेग्रो की दांका कोविनिच ने कजाखस्तान की यूलिया पुतिनसेवा के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद 6-7 (2), 7-5, 6-1 से जीत दर्ज की। वह नवंबर 2019 के बाद पहली बार किसी डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है जहां उन्हें ट्यूनिशिया की ओंस जाबेर का सामना करना है। जाबेर ने अमेरिका की कोको गॉ को हराया। सेमीफाइनल में पहुंची चारों खिलाड़ी अपने पहले डब्ल्यूटीए खिताब की तलाश में हैं।

### हमें छठे गेंदबाज की कमी खली : लिन

चेन्नई। मुंबई इंडियन्स के सलामी बल्लेबाज क्रिस लिन को लगता है कि छठे गेंदबाज का विकल्प मौजूद नहीं होने के कारण उनकी टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के उद्घाटन मैच में हार झेलनी पड़ी। यह मैच बेहद रोमांचक रहा और आरसीबी ने आखिरी गेंद पर 160 रन का लक्ष्य हासिल किया। मुंबई ने पांच गेंदबाजों का उपयोग किया और हार्दिक पंड्या से गेंदबाजी नहीं करवाई। मुंबई की पारी में 35 गेंदों पर 49 रन बनाने वाले लिन ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमें छठे गेंदबाज की कमी खली। जब उनसे पूछा गया कि हार्दिक पंड्या ने गेंदबाजी नहीं की तो लिन ने संकेत दिया कि इस आलराउंडर के कंधे में दिक्कत है और इसके अलावा यह कार्यभार प्रबंधन का हिस्सा है। लिन ने कहा, मैं स्पष्ट तौर पर नहीं जानता। शायद उनके कंधे में दर्द है। निश्चित तौर पर जब वह गेंदबाजी करता है तो हमारी टीम में अलग तरह का संतुलन पैदा होता है लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा ऐहतियात के तौर पर किया गया। लिन ने कहा कि कप्तान रोहित शर्मा को रन आउट करवाने के बाद वह थोड़ा नर्वस थे। उन्होंने कहा, यह खेल का हिस्सा है। हां मैं थोड़ा नर्वस था।

# दमदार सनराइजर्स के सामने टीम संतुलन तैयार करने उतरेगा केकेआर

## मोर्गन पहली बार पूर्णकालिक कप्तान की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं

एजेंसी। चेन्नई



पूर्व चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में टीम के अंदर उचित संतुलन तैयार करके अपने अभियान का सफल आगाज करने की कोशिश करेगा।

केकेआर की अगुवाई इस बार सीमित ओवरों के सबसे सफल कप्तानों में से एक इयोन मोर्गन कर रहे है। उन्होंने पिछले सत्र में यूएई में दिनेश कार्तिक से टूर्नामेंट के बीच में कप्तानी संभाली थी। पिछले सत्र में केकेआर के सनराइजर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के समान अंक थे। केकेआर हालांकि रन रेट में पिछड़ गया और लगातार दूसरी बार प्लेऑफ में जगह नहीं बना पाया था। मोर्गन पहली बार पूर्णकालिक कप्तान की जिम्मेदारी संभाल रहे और ऐसे में सभी की निगाहें इंग्लैंड के वनडे विश्व कप विजेता कप्तान पर होंगी जो कि दो बार के आईपीएल चैंपियन को खोई प्रतिष्ठा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध लगते हैं। केकेआर के पास शुभमन गिल के रूप में शीर्ष क्रम में शानदार बल्लेबाज है जो कि तेजी से रन बनाने में सक्षम है जबकि राहुल त्रिपाठी, नितीश राणा और अनुभवी कार्तिक के रूप में उसके पास अच्छे भारतीय बल्लेबाज हैं। इसके अलावा कप्तान मोर्गन हैं जो कि किसी भी तरह की आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकते हैं जबकि आंद्रे रसेल आक्रामक बल्लेबाजी के पर्याय हैं और किसी भी गेंदबाजी के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं। रसेल पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। उन्होंने नौ पारियों में 13 की औसत से रन बनाए थे। वह किसी भी मैच में मैच विजेता प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और जमैका के इस खिलाड़ी पर अत्याधिक निर्भरता केकेआर को महंगी पड़ी थी। वेस्टइंडीज का एक अन्य खिलाड़ी सुनील नारायण भी यूएई में नहीं चल पाया था। केकेआर के पास अब उनके स्थान पर शाकिब अल हसन के रूप में अच्छा विकल्प है। चेपक की धीमी पिच पर निगाहें 40 साल के हरभजन सिंह पर भी टिकी रहेंगी जो अपने संभवत: आखिरी आईपीएल में अधिक से अधिक प्रभाव छोड़ना चाहेंगे। केकेआर के पास वरुण चक्रवर्ती के रूप में रहस्यमई स्पिनर भी है। आईपीएल में जिन टीमों के प्रदर्शन में निरंतरता रही है उनमें सनराइजर्स हैदराबाद भी शामिल है। वह पिछले साल दूसरे क्वालीफायर में दिल्ली कैपिटल्स से हार गई थी। भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की वापसी से सनराइजर्स को मजबूती मिली है। वह कूल्हे की चोट के कारण पिछली बार केवल चार मैच खेल पाए थे। भुवनेश्वर ने भारत की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में शानदार वापसी की थी। यह यार्कर विशेषज्ञ टी नटराजन के साथ तेज गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी संभालेंगे।

सनराइजर्स के पास अफगानिस्तान का स्पिनर राशिद खान भी है और ऐसे में उसका आक्रमण बेहद संतुलित नजर आता है, लेकिन सनराइजर्स की असली ताकत उसकी सलामी जोड़ी डेविड वार्नर और जॉनी बेयरस्टो हैं। उसके पास मध्यक्रम में केन विलियमसन और मनीष पांडे है। ऋद्धिमान साहा ने भी पिछले सत्र में सनराइजर्स की तरफ से पारी का आगाज किया था और ऋषभ पंत के शानदार प्रदर्शन के कारण राष्ट्रीय टीम में अंतिम एकादश में जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद अब वह खुद को साबित करने की कोशिश करेंगे। जहां तक इन दोनों टीमों के बीच आपसी मुकाबलों की बात है तो केकेआर ने अब तक 12 जबकि सनराइजर्स ने सात मैच जीते हैं।

### टीमें इस प्रकार हैं

**केकेआर :** इयोन मोर्गन (कप्तान), दिनेश कार्तिक, शुभमन गिल, नितीश राणा, टिम सेफर्ट, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, कुलदीप यादव, शिवम मावी, लॉकी फर्ग्यूसन, पैट कमिंस, कमलेश नागरकोटी, संदीप वारियर, प्रसिद्ध कृष्णा, राहुल त्रिपाठी, वरुण चक्रवर्ती, शाकिब अल हसन, शेल्डन जैक्सन, वैभव अरोड़ा, हरभजन सिंह, करुण नायर, बेन कटिंग, वेंकटेश अय्यर और पवन नेगी।

**सनराइजर्स :** डेविड वार्नर (कप्तान), केन विलियमसन, विराट सिंह, मनीष पांडे, प्रियम गर्ग, ऋद्धिमान साहा, जॉनी बेयरस्टो, जेसन रॉय, श्रीवत्स गोस्वामी, विजय शंकर, मोहम्मद नबी, केदार जाधव, जे सुचित, जेसन होल्डर, अभिषेक शर्मा अब्दुल समद, भुवनेश्वर कुमार, राशिद खान, टी नटराजन, संदीप शर्मा, खलील अहमद, सिद्धार्थ कौल, बासिल थम्पी, शाहबाज नदीम और मुजीब उर रहमान।

**मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।**

# एएफसी चैम्पियंस लीग से विश्व को भारतीय फुटबॉल शैली दिखाएंगे एफसी गोवा के खिलाड़ी

एजेंसी। नई दिल्ली



एफसी गोवा के खिलाड़ियों ने एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) चैम्पियंस लीग के ग्रुप चरण में टीम के पदार्पण को बड़ा मौका करार देते हुए कहा कि इससे उन्हें दुनिया को भारतीय फुटबॉल की शैली को दिखाने का मौका मिलेगा।

एफसी गोवा इस 14 अप्रैल को महाद्वीपीय क्लब प्रतियोगिता में खेलने वाला देश का पहला क्लब बन जाएगा। एफसी चैम्पियंस लीग (एसीएल) के ग्रुप चरण में पहले मैच में उनका सामना कतर के अल-रयान से होगा। इससे पहले भारत को एएफसी चैंपियंस लीग ग्रुप चरण में सीधा प्रवेश दिया गया था और 2019-20 सत्र में इंडियन सुपर लीग तालिका में शीर्ष पर रहने वाले एफसी गोवा ने एसीएल के लिए क्वालीफाई किया था। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से जारी विज्ञप्ति में एफसी गोवा के मिडफील्डर ब्रेंडन फर्नांडिज ने कहा, यह राज्य और देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह क्लब या राज्य के बजाय एक राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व की तरह है।

उन्होंने कहा, पूरा देश हमें एक के रूप में देख रहा होगा और इसलिए हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना होगा। कोरोना वायरस महामारी के कारण ग्रुप ई के सभी मैचों को गोवा में खेला जाएगा। गोवा घरेलू टीम एफसी गोवा के अलावा की यहां पर्सेपोलिस (ईरान), अल-रेयान (कतर) और अल-वहद जैसी टीमों की मेजबानी करेगा। हाल ही में राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण करने वाले इस फ्रेंचाइजी के खिलाड़ी इशान पंडिता ने कहा कि उनकी टीम के लिए यह देश को गौरवान्वित करने का मौका है। उन्होंने कहा, जाहिर है यह एक बहुत ही खास एहसास है। यह शानदार मौका है जहां हमें एशिया और दुनिया को दिखाना होगा कि भारत अच्छा फुटबॉल खेल सकता है।

फीफा अंडर-17 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके गोलकीपर धीरज सिंह मोइरांगथेम ने कहा, हमारे लिए यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि हम सिर्फ गोवा का नहीं कर रहे बल्कि पूरे देश का प्रतिनिधित्व कर रहे होंगे। गोवा के स्थानीय खिलाड़ी और भारतीय डिफेंडर आदिल खान ने कहा कि ऐसे मुश्किल समय में इस प्रतिष्ठित मैचों की मेजबानी करना राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा, यह बेहद खास है कि पहली बार भारत को एशिया के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंटों में से एक में प्रतिनिधित्व का मौका मिल रहा है। यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है, और चैम्पियंस लीग में देश का प्रतिनिधित्व करना गोवा के लिए गर्व और सम्मान की बात है।

# रैना और सैम कुरेन ने चेन्नई सुपर किंग्स को दिया सम्मानजनक स्कोर

एजेंसी। मुंबई

आईपीएल में वापसी कर रहे सुरेश रैना के 36 गेंद में 54 रन की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट पर 188 रन बनाए। सैम कुरेन ने आखिरी ओवरों में सिर्फ 15 गेंद में 34 रन बनाए जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल थे। आखिरी पांच ओवरों में चेन्नई ने 52 रन बनाए।

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पिछले सत्र की उपविजेता दिल्ली को पहली सफलता के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा और आवेश खान ने दूसरे ही ओवर में फाफ डु प्लेसी को पगबाधा आउट कर दिया। आवेश ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए। तीसरे ओवर की पहली गेंद पर क्रिस वोक्स ने ऋतुराज गायकवाड़ को स्लिप में लपकवाया।



| गेंदबाजी |
|---|
| क्रिस वोक्स 3-0-18-2 |
| आवेश खान 4-0-23-2 |
| आर अश्विन 4-0-47-1 |
| टॉम कुरेन 4-0-40-1 |
| अमित मिश्रा 3-0-27-0 |
| मार्कस स्टोइनिस 2-0-26-0 |

चेन्नई के दो विकेट सात रन पर गिर गए थे। इसके बाद रैना क्रीज पर आए जो निजी कारणों से आईपीएल के पिछले सत्र से बाहर रहे थे। रैना और मोईन अली ने मिलकर चेन्नई की पारी को संभाला। मोईन ने 24 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों के साथ 36 रन बनाकर रैना का बखूबी साथ दिया।अनुभवी आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मोईन को पवेलियन भेजा जो रिवर्स स्वीप लगाने के चक्कर में शिखर धवन को कैच दे बैठे। अंबाती रायुड ने आते ही आक्रामक खेल दिखाया और 16 गेंद में 23 रन बनाए। उन्हें टॉम कुरेन ने आउट किया। दूसरे छोर पर रैना डटकर खेल रहे थे और लग ही नहीं रहा था कि वह लंबे समय से क्रिकेट से दूर थे। उन्होंने वोक्स को चौका जड़कर शुरुआत की और फिर अश्विन को दो चौके लगाए। उन्होंने अश्विन को एक छक्का भी जड़ा। वहीं दूसरा छक्का मार्कस स्टोइनिस को लगाया।

**चेन्नई सुपर किंग्स :**
ऋतुराज गायकवाड़ का धवन बो वोक्स 05
फाफ डु प्लेसिस पगबाधा बो आवेश खान 00
मोईन अली का धवन बो अश्विन 36
सुरेश रैना रन आउट 54
अम्बाती रायुडु का धवन बो कुरेन 23
रविंद्र जडेजा नाबाद 26
एम एस धोनी बो आवेश खान 00
सैम कुरेन बो वोक्स 34
अतिरिक्त : 10
कुल योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 188 रन
विकेट पतन :1-7, 2-7, 3-60, 4-123, 5-137, 6-137, 7-188

# लिली ने मेट्ज को 2-0 से हराकर शीर्ष पर पीएसजी पर छह अंकों की बढ़त कायम की

पेरिस। फ्रांस की घरेलू शीर्ष फुटबॉल लीग की तालिका में पहले स्थान पर काबिज लिली ने मेट्ज को 2-0 से हराकर खिताब के दावेदार अन्य दावेदार पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) पर छह अंकों की बढ़त कायम कर ली लिली की इस जीत के नायक उनके गोलकीपर माइक मैगनन रहे जिन्होंने मैच के शुरुआती मिनटों में मेट्ज के आरोन लेया इसेका के पेनल्टी किक को रोक दिया। उन्होंने इसके बाद और मौको पर शानदार बचाव किया। लिली के लिए बुराक यिलमाज ने 59वें पहला गोल किया जो लीग में उनका 10वां गोल है। मेहमेट जेकि सेलिक ने 89वें मिनट में गोल कर 2-0 की बढ़त के साथ टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

# रीजीजू ने श्रीनगर में नौकायन के लिए केआईएससीई का उद्घाटन किया

एजेंसी। श्रीनगर

खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को जम्मू कश्मीर खेल परिषद जल खेल (वाटर स्पोर्ट्स) अकादमी में नौकायन के लिए खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केन्द्र (केआईएससीई) का उद्घाटन किया। इस केआईएससीई में फिलहाल नौकायन पर ध्यान दिया जाएगा, जिसके लिए पहली बार 145.16 लाख रुपये का अनुदान और फिर वार्षिक तौर पर 96.17 लाख रुपये अनुदान प्रदान किया जाएगा। यह जम्मू कश्मीर का दूसरा केआईएससीई है। जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम में तलवारबाजी के लिए समर्पित केआईएससीई है। इन दोनों केन्द्रों के लिए 5.08 करोड़ रुपये



आवंटित किए गए है। रीजीजू ने पहले घोषणा की थी कि खेल मंत्रालय यहां एक अत्याधुनिक जल खेल सुविधा खोलेगा। सभी प्रक्रियाएं अब पूरी हो गई है और इसके लिए रकम आवंटित कर दिया गया है।

उन्होंने कहा, यहां के युवा खिलाड़ियों के जीवन को बदलने के लिए डल झील में आना खुशी की बात है। यहां खेलों में बहुत अधिक संभावनाएं हैं और हम खेल मंत्रालय और जम्मू-कश्मीर परिषद युवाओं की मदद करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। रीजीजू ने कहा, हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जम्मू और कश्मीर के लिए बहुत सारी योजनाएं हैं।

# फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप टूर्नामेंट की निदेशक रोमा खन्ना ने इस्तीफा दिया

नई दिल्ली, रोमा खन्ना शनिवार को निजी कारणों का हवाला देते हुए भारत में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप और एएफसी महिला एशिया कप के टूर्नामेंट निदेशक पद से हट गई। रोमा ने 2019 में अंडर-17 विश्व कप की बोली लगाने की प्रक्रिया की अगुआई की थी और बाद में उन्हें स्थानीय आयोजन समिति का टूर्नामेंट निदेशक नियुक्त किया गया था। उन्होंने अगले साल जनवरी में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप की बोली लगाने की प्रक्रिया में भी सफल अगुआई की थी। रोमा ने शनिवार को जारी बयान में कहा, मैं एआईएफएफ (अखिल भारतीय फुटबॉल संघ) और फीफा (अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल संस्था) का मुझ पर भरोसा दिखाने के लिए शुक्रिया करना चाहूंगी।

उन्होंने कहा, भारत में टूर्नामेंट की अगुआई करना सम्मानजनक रहा। मुझे स्थानीय आयोजन समिति द्वारा किए गए काम पर गर्व है और मैं टीम की शुक्रगुजार हूं, जो भारत में महिला फुटबॉल को बढ़ाने



के प्रति समान दृष्टिकोण रखती है।

उन्होंने कहा, भारत में 2022 फुटबॉल और महिला खेलों के लिए बड़ा वर्ष होगा और मैं भारतीय महिला टीमों को चीयर करने के लिए, बेकरार हूं। एआईएफएफ के महासचिव कुशल दास ने कहा कि रोमा ने भारतीय फुटबॉल की प्रगति के लिए काफी योगदान किया है। उन्होंने कहा, रोमा अब करीब 10 वर्षों से एआईएफएफ से जुड़ी हुई हैं और उन्होंने देश में फुटबॉल की प्रगति के और काफी काम किया है। भारत को फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी 2020 में दो से 21 नवंबर तक करनी थी लेकिन इसे कोविड-19 महामारी के कारण रद्द कर दिया गया जिससे फीफा ने 2022 में अगले चरण की मेजबानी की जिम्मेदारी सौंपने की घोषणा की। एआईएफएफ फीफा के साथ मिलकर नया टूर्नामेंट निदेशक नियुक्त करेगा।

## आस्ट्रेलिया ने लगातार 24वीं जीत से क्लीन स्वीप किया

माउंट मोनगानुई। आस्ट्रेलिया की महिला टीम ने बारिश से प्रभावित तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शनिवार को यहां न्यूजीलैंड को 21 से हराकर इस प्रारूप में लगातार 24वीं जीत के साथ तीन मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। बारिश के कारण यह मैच 25-25 ओवरों का कर दिया गया। आस्ट्रेलियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर सात विकेट पर 149 रन बनाए। उसकी तरफ से एलिसा हीली ने 46 और बेथ मूनी ने 28 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड की तरफ से लीग कास्पेरेक ने तीन और ली ताहुहु ने दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में नौ विकेट पर 128 रन ही बना पाई। उसने लगातार विकेट गंवाए। उसकी तरफ से सर्वाधिक स्कोर नौवें नंबर की बल्लेबाज तुहुहु (21) ने बनाया। आस्ट्रेलिया की तरफ से मेगान शट और जार्जिया वारेहाम ने दो-दो विकेट लिए। आस्ट्रेलिया की यह वनडे में लगातार 24वीं जीत है जो महिला और पुरुष दोनों में रिकार्ड है।



# वानखेड़े में आईपीएल मैच देखने के लिए कोविड-19 नेगेटिव रिपोर्ट की जरूरत

एजेंसी। मुंबई

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने अपनी शीर्ष परिषद के सदस्यों से वानखेड़े स्टेडियम में प्रवेश के लिए कोविड-19 नेगेटिव प्रमाणपत्र दिखाने को कहा है। यह स्टेडियम इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें चरण के 10 मैचों की मेजबानी करेगा। इस स्टेडियम में पहला मैच शनिवार यहां को चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा।

एमसीए के सचिव संजय नायक ने अपनी सभी सदस्यों को नोट में लिखा, शीर्ष परिषद के प्रिय सदस्यों। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के प्रोटोकॉल के अनुसार वानखेड़े स्टेडियम के आईपीएल 2021 मैचों



के लिए शिरकत करने वाले सभी अधिकारियों को मैच दिन से 48 घंटे के बीच कराई गई आरटी-पीसीआर परीक्षण की नेगेटिव रिपोर्ट दिखाना जरूरी होगा। उन्होंने कहा, ये परीक्षण उन लोगों के लिए भी अनिवार्य है जिनका टीकाकरण कर दिया गया है। इस रिपोर्ट को मैच के प्रत्येक दिन स्टेडियम में प्रवेश करने के समय दिखाना होगा। उन्होंने कहा, इसलिए आपसे खुद परीक्षण कराने का आग्रह किया जाता है और मैच के दिन आपको यह नेगेटिव रिपोर्ट लानी होगी।


# अपने वातावरण को तेजी से खो रहा मंगल

**वैसे तो मंगल ही नहीं पृथ्वी सहित सौर मंडल के अन्य ग्रह भी लगातार अपने वायुमंडल के बाहरी वातावरण को खो रहे हैं, लेकिन मंगल में यह बहुत तेजी से हो रहा है। जिसके लिए दो साल पहले जून-जुलाई 2018 में आए धूल के तूफान को जिम्मेदार माना जा रहा है, जिसके चलते मंगल का ऊपरी वायुमंडल गर्म हो गया था।**

मंथन

मंगल ग्रह तेजी से अपने बाह्य वातावरण को खो रहा है। यह जानकारी इसरो के मार्स ऑर्बिटर मिशन (मॉम) और नासा के मार्स आर्बिटर मार्स एटमॉस्फियर एंड वोलेटाइल इवोल्यूशन (मावेन) द्वारा भेजी गई तस्वीरों में सामने आई है। वैसे तो मंगल ही नहीं पृथ्वी सहित सौर मंडल के अन्य ग्रह भी लगातार अपने वायुमंडल के बाहरी वातावरण को खो रहे हैं, लेकिन मंगल में यह बहुत तेजी से हो रहा है। जिसके लिए दो साल पहले जून-जुलाई 2018 में आए धूल के तूफान को जिम्मेवार माना जा रहा है, जिसके चलते मंगल का ऊपरी वायुमंडल गर्म हो गया था।

किसी ग्रह के बाहरी वातावरण का कितना नुकसान होगा यह उसके आकार और ऊपरी वायुमंडल के तापमान पर निर्भर करता है, चूंकि मंगल, पृथ्वी की तुलना में बहुत छोटा है इसलिए यह बदलाव बड़ी तेजी से सामने आ रहा है। हालांकि नासा के अनुसार वातावरण को होने वाला यह नुकसान ऊपरी वायुमंडल के तापमान में आ रहे बदलावों पर भी निर्भर करता है। इसके शोध से जुड़े नतीजे हाल ही में अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन के जर्नल ऑफ जियोफिजिकल रिसर्च- प्लैनेट्स में प्रकाशित हुए हैं। भारत ने मार्स ऑर्बिटर मिशन जिसे मंगलयान के नाम से भी जाना जाता है, उसे 5 नवम्बर 2013 को मंगल पर भेजा था। जिसका एक मकसद मंगल ग्रह के ऊपरी वायुमंडल पर सौर हवा, विकिरण और बाह्य अंतरिक्ष की गतिशीलता का अध्ययन करना था। यह उपग्रह आज भी मंगल ग्रह की तस्वीरों को धरती पर भेज रहा है। इसरो द्वारा दी गई जानकारी से पता चला है कि जून 2018 के पहले सप्ताह में मंगल पर एक बड़ा धूल का तूफान आया था, जो जुलाई 2018 के पहले सप्ताह तक बढ़ता ही चला गया था। इस तूफान ने वहां के ऊपरी वायुमंडल को काफी गर्म कर दिया था। जिस वजह से मंगल ग्रह का बाह्य वातावरण और अधिक ऊंचाई पर पहुंच गया था। ग्लोबल डस्ट स्टॉर्म और वातावरण के गर्म होने से वातावरण में जो विस्तार हुआ उससे मंगल के वायुमंडल का एक हिस्सा बड़ी तेजी से एक्सोबेस ऊंचाई (जो कि 220 किमी पर स्थित है) तक पहुंच गया था। एक बार जब वायुमंडल एक्सोबेस ऊंचाई पर पहुंच जाता है तो गर्म गैसों के उसके ऊपर और अधिक ऊंचाई तक जाने की संभावना बढ़ जाती है। जिससे वायुमंडल बाद में बाहरी अंतरिक्ष में भी जा सकता है। दूरी के लिहाज में




मंगल हमारे सौरमंडल में सूर्य से चौथा ग्रह है, जोकि आकार में पृथ्वी से लगभग आधा है। पृथ्वी से इसकी आभा रक्तिम प्रतीत होती है, यही वजह है कि इसे लाल ग्रह के नाम से भी जाना जाता है। गौरतलब है कि सौरमंडल के दो तरह के ग्रह होते हैं - पहला स्थलीय ग्रह जिनमें जमीन होती है और दूसरे गैसीय ग्रह, जिनमें अधिकतर गैस ही गैस है। पृथ्वी की ही तरह, मंगल भी एक स्थलीय धरातल वाला ग्रह है। मंगल पर किए गए पिछले शोधों से पता चला है कि इस ग्रह पर पानी के साक्ष्य मौजूद हैं। ऐसे में वहां जीवन के होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती है। यही वजह है कि शोधकर्ता इस ग्रह के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानना चाहते हैं।

**जिसके लिए दो साल पहले जून-जुलाई 2018 में आए धूल के तूफान को जिम्मेवार माना जा रहा है, जिसके चलते मंगल का ऊपरी वायुमंडल गर्म हो गया था।**

साभार : डीटीई

## मंगल ग्रह पर ग्लेशियरों के नीचे मौजूद हैं कई झीलें



अगर कभी मानव मंगल पर बसने की कोशिश करे, तो मंगल का दक्षिणी ध्रुव बेस बनाने के लिए सबसे सटीक स्थलों में से एक होगा। शोधकर्ताओं ने अल्टिमी स्कूपुली नाम के एक क्षेत्र में मौजूद बर्फीले ग्लेशियरों के नीचे तीन नमकीन वॉटरबॉडी (झील) का पता लगाया है। यह जानकारी मंगल पर सूक्ष्मजीव की मौजूदगी के साथ ही मंगल पर मानव के बसने की संभावनाओं को बढ़ा देते हैं। यह रिसर्च परिणाम 28 सितंबर को नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुआ था। ये परिणाम 2003 में यूरोपियन स्पेस एजेंसी द्वारा लांच मार्स एक्सप्रेस स्पेसक्राफ्ट के जरिए शुरू किए गए मार्स एडवांस्ड राडार फॉर सब्सर्फेस एंड आयनोस्फेयर साउंडिंग (मार्सिस) के डेटा विश्लेषण से मिले हैं। मार्सिस रेडियो तरंगों को मार्टियन सतह पर भेजता है और रिफ्लेक्ट होकर आने वाली तरंगों की व्याख्या करता है। वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के ध्रुवों के पास बर्फ की चादर के नीचे तरल झीलों को खोजने के लिए जिस तकनीक का इस्तेमाल किया था, यहां भी उसी तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। 2012 से 2015 के बीच किए गए 29 अवलोकनों के जरिए रिसर्च टीम को 2018 में 19 किलोमीटर चौड़े एकल खारे पानी (सिंगल साल्टवाटर) झील के प्रमाण मिले थे। इस टीम को अब 105 और अवलोकनों के जरिए तीन बड़ी वाटरबॉडी और तीन छोटी वॉटरबॉडी के और अधिक प्रमाणिक सबूत मिले हैं। इटली स्थित द रोमा ट्रे यूनिवर्सिटी के भौतिकी और गणित की प्रोफेसर और रिसर्च पेपर की सह-लेखिका एलेना पेटीनेली के मुताबिक हम रिसर्च और नतीजों को लेकर काफी आश्वस्त हैं।

## गूगल का नया फीचर : अपने आप रिकॉर्ड हो जाएंगे अनजान कॉल



कई बार हमलोगों के पास अनजान नंबर से फोन आते हैं और कई तरह की अच्छी और गलत बातें हो जाती हैं। कई बार अनजान नंबर पर ऐसी भी बातें हो जाती हैं, जिन्हें लेकर बाद में पछतावा होता है कि काश! रिकॉर्डिंग कर ली होती। इस समस्या का समाधान अब गूगल ने कर दिया है। गूगल ने अब एक ऐसा फीचर लॉन्च किया है जो अनजान नंबर से कॉल आने पर रिकॉर्डिंग को अपने-आप ऑन कर देता है। गूगल ने यह सुविधा अपने गूगल फोन एप में दी है, हालांकि इसे पिछले साल ही लॉन्च किया गया था लेकिन अब लेटेस्ट अपडेट में यह फीचर मिल रहा है। एक्सडीए डवलपर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक गूगल ने कुछ डिवाइस के लिए अपडेट जारी किया है और अन्य के लिए जारी किया जा रहा है। इस अपडेट के बाद गुगल फोन अनजान नंबर से आने वाले कॉल को अपने आप रिकॉर्ड कर लेगा। वैसे आमतौर पर गूगल फोन एप स्टॉक एंड्रॉयड वाले फोन या फिर गूगल पिक्सल में होता है, हालांकि आप चाहें तो इसे अलग से डाउनलोड भी कर सकते हैं।

इसके बाद आपके फोन पर आने वाले सभी अनजान नंबर की रिकॉर्डिंग गूगल का यह एप अपने आप ही कर लेगा, हालांकि यहां एक बात ध्यान देने वाली है और यह है कि रिकॉर्डिंग शुरू होने पर गूगल आपको और जिसने कॉल किया है उसे, दोनों इसके बारे में नोटिफिकेशन भेजेगा। इसके अलावा यह रिकॉर्डिंग सिर्फ आपके फोन की स्टोरेज में होगी, न कि एक्सटर्नल मेमोरी कार्ड में। यदि फोन की स्टोरेज फुल है तो रिकॉर्डिंग नहीं होगी।

# स्ट्रीट फूड : शहर के लजीज व्यंजनों में शामिल हैं हेमराज के मशहूर छोले कुल्चे

## ग्रेवी छोले के साथ वाइट कुल्चा, पनीर कुल्चा और भट्टी कुल्चे का खास स्वाद

**राजेश दास। फरीदाबाद**

जायका फरीदाबाद का



वैसे तो शहर के हर गली कुचों पर छोले कुल्चे की रेहड़ी और स्टॉल आम नजर आ जाते हैं, लेकिन नीलम चौक स्थित हेमराज के मशहूर छोले कुल्चे की बात ही कुछ अलग है। फरीदाबाद के साथ आसपास के शहरों के लोग तो हेमराज के छोले कुल्चे का स्वाद चखने के लिए आते ही हैं। लेकिन माया नगरी मुम्बई से फरीदाबाद आने वाले लोग भी हेमराज के छोले कुल्चे का आनंद लेना नहीं भूलते है। हेमराज के स्टॉल पर गर्मा गरम ग्रेवी छोले में कटी प्याज, टमाटर, हरी मिर्च और विभिन्न तरह के मसालों के साथ तीन तरह के कुल्चे परोसे जाते हैं।

**मेहनत से पाया मुकाम**



एनएच पांच निवासी हेमराज बताते हैं कि वे मूलरूप से यूपी के बरेली जिले के रहने वाले हैं। वर्षों पहले गंगा नदी के कटाव में उनकी जमीन चली गई थी। करीब 63 साल पहले उनके पिता भागीरथ परिवार के साथ रोजगार की तलाश में फरीदाबाद आए थे। यहां उन्होंने नौकरी की बजाए अपना काम करना ज्यादा बेहतर समझा। ज्यादा पूंजी नहीं थी, इसलिए उन्होंने छोले कुल्चे की रेहड़ी लगानी शुरू कर दी। भागीरथ पत्तों पर सुखे छोले और कुल्चे परोसते थे। उनके छोले कुल्चों का स्वाद लोगों को खूब पसंद आने लगा। जिससे भागीरथ के छोले कुल्चे शहर में मशहूर हो गए।

**स्वाद के लिए बदलाव**

हेमराज ने बताया कि उनके पिता ने करीब 30 साल तक छोले कुल्चे का काम किया। उन्होंने खुद 33 साल पहले बागडोर सम्भाली। जिसके बाद उन्होंने समय के मुताबिक छोले के स्वाद में कुछ बदलाव करने के लिए प्रयोग किया, जो पूरी तरफ सफल रहा। हेमराज ने बताया कि उन्होंने सूखे की जगह ग्रेवी वाले छोले बनाने शुरू कर दिए। वे छोले के साथ मिक्स करने के लिए की टमाटर ग्रेवी बनाते हैं।

**देखकर ललचाता है मन**

हेमराज ने बताया कि वे घर से छोले (मटर), टमाटर की ग्रेवी, विभिन्न तरह के मसाले और कटे हुए प्याज, टमाटर, हरी मिर्च, लस्सन आदि तैयार करके लाते हैं। वे सबूत मसाले खरीद कर उन्हें खुद पीसते हैं। इसके अलावा वे सबसे खास तरह के कुल्चे ऑर्डर देकर तैयार करवाते हैं। इस तरह के कुल्चे अन्य दुकानों पर कम ही देखने को मिलेंगे।

**ऐसे परोसते हैं**

हेमराज ने बताया कि उबले हुए छोले वे एक पीतल की मटकी में रखते हैं। जरूरत के मुताबिक एक पतीले में छोले डाल कर पहले उसमें टमाटर की ग्रेवी मिक्स की जाती है। फिर उसमें कटे प्याज, टमाटर, हरी मिर्च और मसाले डाल कर अच्छी तरह मिक्स किया जाता है। छोले दोने में डाल कर ऊपर पनीर, कटे टमाटर और मिर्च का अचार रख कर कुल्चे के साथ ग्राहकों को परोसी जाती है। वे ग्राहकों को वाइट कुल्चा, पनीर कुल्चा और भट्टी कुल्चा परोसते हैं। 40 रुपये की प्लेट में छोले कुल्चे और 50 रुपये की प्लेट में छोले कुल्चे के साथ लस्सी परोसी जाती है।



